हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



- सर्वाधिक वर्षा सिवनी जिले के केवलारी में 166 मिमी
- भोपाल सहित 40 से ज्यादा शहरों में दोपहर बाद तेज बारिश
- आज कई जिलों में अति भारी से भारी बारिश का अलर्ट

# 'फुल रफ्तार' पर मानसून

नीमच का कुछ हिस्सा छोड़ 'पूरा प्रदेश कवर'

विदिशा जिले के गंजबासौदा में बारिश का दृश्य



सतना में दीवार गिरने से घायल एक छात्रा

**दो हादसे**

1. सतना में बिजली गिरने से एक युवक की मौत
2. गर्ल्स स्कूल परिसर में पेड़ गिरने से 2 युवतियां घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को मानसून ने तेज रफ्तार के साथ नीमच के कुछ हिस्से को छोड़कर शेष पूरा प्रदेश कवर कर लिया है। भोपाल सहित करीब 40 शहरों में सुबह से देर शाम तक तेज से मध्यम बारिश दर्ज हुई है। इससे दिन के पारे में औसतन एक डिग्री तक कमी आई। तेज बारिश और आंधी के दौरान सतना में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। यहां एक गर्ल्स स्कूल परिसर में पेड़ गिरने से 2 युवतियां घायल हो गई हैं, जिनका इलाज जारी है।

### सुबह से शाम तक यहां तेज बारिश

प्रदेश में मानसून कवर करने के साथ ही गुना, अशोकनगर, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, रायसेन, सीहोर, भोपाल, विदिशा, राजगढ़, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, इंदौर, बड़वानी में कुछ जगह तेज से मध्यम बारिश हुई। दमोह, सागर, सतना, सीधी, सिंगरौली, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला में कुछ जगह तेज बारिश हुई। डिंडोरी, नरसिंहपुर, उमरिया, शहडोल, श्योपुरकलां, मुरैना, भिंड, दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी, नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, खरगोन, खंडवा, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना में दोपहर बाद से देर शाम के बीच बारिश दर्ज हुई है।



शाम 5 बजे तरबतर हुआ भोपाल, एमपी नगर का दृश्य

### ये है पहली बारिश का रिकॉर्ड

पिछले 24 घंटे में प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा सिवनी जिले के केवलारी में 166 और चांद में 140 मिमी हुई। मुलताई में 112 मिमी रही। सिंगरौली 104, जैसीनगर 102.1, उज्जैन 101, बिछुआ 100, नैनपुर 96.6, पीथमपुर 87, बेनीबारी 83.6, पांढुर्णा 78.3, सांवेर 72.5, चौराई 68, मंडला 65.8, बदनावर 65.1, कसरावद में 65 मिमी बारिश दर्ज हुई है। शेष प्रदेश के अधिकांश जिलों में औसतन 15 मिमी तक बारिश रही। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार तक आधे प्रदेश में मध्यम से तेज बारिश होगी। कुछ जिलों में अति भारी बारिश होगी। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी



विदिशा में बारिश के बीच युवतियां

### आज यहां भारी से अति भारी बारिश

शुक्रवार तक राजगढ़, शाजापुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा में अति भारी बारिश का अलर्ट है। रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, खरगौन, बड़वानी, धार, देवास, मंदसौर, डिंडोरी, जबलपुर, नरिसंहपुर, मंडला में भारी बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, सीहोर, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, अलीराजपुर, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, शहडोल, उमरिया, कटनी, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और मैहर में मध्यम बारिश होगी।

**पाठक सूचना**
हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026 का सामान्य कूपन कल के अंक में देखें।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### फरमान की अग्रिम जमानत खारिज



**महेश्वर/खरगोन।** महाकुंभ से चर्चा में आईं वायरल गर्ल मोनालिसा के पति फरमान खान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। खरगोन जिले की मंडलेश्वर विशेष पॉक्सो अदालत ने फरमान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने माना कि आरोपी फिलहाल फरार है और उसके बाहर रहने से साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ की आशंका है। दोनों ने इसी साल 11 मार्च को केरल में अंतरधार्मिक विवाह की थी, जिस पर उनके माता-पिता ने आपत्ति जताते हुए फरमान पर नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था।

मुख्यमंत्री ने संभावित अल्प वर्षा की स्थिति से निपटने पूर्व तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

# कम पानी और कम अवधि वाली फसलें अपनाने के लिए किसानों को करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संभावित अल्प वर्षा की स्थिति को चुनौती नहीं, बल्कि बेहतर योजना, वैज्ञानिक खेती और समयबद्ध तैयारी के अवसर के रूप में लिया जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए किसानों को समय पर आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराएं, जिससे प्रदेश में कृषि उत्पादन और किसानों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में इस वर्ष प्रदेश में संभावित अल्प वर्षा की स्थिति के मद्देनज़र किसान कल्याण एवं कृषि विकास, जल संसाधन, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित अन्य संबंधित विभागों की अब तक की पूर्व तैयारियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को कम पानी और कम अवधि में तैयार होने वाली फसलों की खेती के लिए व्यापक स्तर पर जागरूक किया जाए। उन्होंने ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, तुअर तथा कोदो-कुटकी जैसी मोटे अनाज एवं दलहनी फसलों को अपनाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को जल्दबाजी में बुआई नहीं करने के लिए भी प्रेरित किया जाए। खेतों में पर्याप्त नमी आने के बाद ही बुआई की जाए तथा नमी संरक्षण के उपाय अपनाए जाएं। साथ ही कम समय में अधिक उत्पादन देने वाली उन्नत किस्मों और आधुनिक कृषि तकनीकों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित ▶▶ शेष पेज 4 पर

*उन्होंने कहा कि कम समय में अधिक उत्पादन देने वाली उन्नत किस्मों और आधुनिक कृषि तकनीकों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए*

**पूर्व चेतावनी के लिए बनाए जाएंगे राज्य स्तरीय जल डैशबोर्ड**



सीएम के साथ बैठक में मंत्रीगण

- *संभावित अल्प वर्षा से निपटने के लिए सभी विभाग करें समन्वित तैयारी*
- *ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, तुअर तथा कोदो-कुटकी जैसी मोटे अनाज एवं दलहनी फसलों को अपनाएं*
- *जल्दबाजी में बुआई नहीं करने के लिए भी प्रेरित किया जाए*

### अगले दो वर्षों की तैयारी करें

मप्र के सभी नगरीय निकायों में वैकल्पिक स्रोतों का चिन्हांकन एवं टैंकर व्यवस्था की आकस्मिक योजना तैयार कर अमृत 2.0 के अंतर्गत जल प्रदाय योजनाओं का समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन की ग्रामवार समीक्षा, बंद, अपूर्ण नल-जल योजनाओं की मरम्मत का 90 दिवसीय अभियान चलाया जाएगा। प्रति विकासखंड न्यूनतम 100 जल संरचनाओं का पुनर्जीवन 2 वर्षों में किया जाएगा।

### जल संकट आकस्मिक योजना बनाई जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में जल संकट आकस्मिक योजना बनाई जाए। आरबीसी 6 (4) के तहत क्षति सर्वे के लिए राजस्व, कृषि एवं पंचायत अमले का संयुक्त ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *गांव का पानी गांव में सिद्धांत पर चलाया जाए*

मुख्यमंत्री ने कहा कि भूजल पुनर्भरण अभियान के तहत सभी विकासखंडों में रिचार्ज शाफ्ट, चेक डैम, स्टॉप डैम एवं खेत-तालाब निर्माण का मिशन मोड कार्यक्रम; खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में सिद्धांत पर चलाया जाएगा। नहरों की सफाई मरम्मत रबी से पूर्व पूर्ण, टेल-एंड तक पानी पहुंचाने की जवाबदेही तय की जाएगी। कम जल मांग वाली फसलों यथा दलहन, तिलहन, श्रीअन्न (मोटे अनाज) प्रोत्साहन एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन, ग्रीष्मकालीन धान, मूंग पर जल उपलब्धता आधारित सलाह, धान क्षेत्रों में सीधी बुवाई एवं वैकल्पिक गीला-सूखा पद्धति एवं प्रत्येक जिले के लिए कंटिन्जेंसी क्रॉप प्लान तैयार किया जा रहा है।

**दतिया उपचुनाव** की तारीखों का ऐलान

# 6 को अधिसूचना, 30 जुलाई को मतदान, 3 अगस्त को आएंगे नतीजे



राजेंद्र भारती    नरोत्तम मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/दतिया

दतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है। निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है, जिसके तहत 30 जुलाई को वोट डाले जाएंगे और 3 अगस्त को मतगणना होगी। 4 अगस्त तक चुनाव की पूरी प्रक्रिया संपन्न कर ली जाएगी। यह उपचुनाव कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की विधानसभा सदस्यता समाप्त होने के कारण हो रहा है। भूमि विकास सहकारी बैंक से जुड़े 25 साल पुराने एक घोटाले में अदालत ने राजेंद्र भारती को दोषी पाया था। बैंक अध्यक्ष रहते हुए 10 लाख रुपए की एफडी में हेर-फेर कर अधिक ब्याज लेने के आरोप में कोर्ट ने उन्हें 3 साल की सजा और जुर्माना सुनाया था। 2 वर्ष से अधिक की सजा होने के कारण नियमों के तहत उनकी सदस्यता रद्द हो गई और यह सीट खाली हो गई थी।

**चुनाव का शेड्यूल**

- नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख: 13 जुलाई 2026
- नामांकन पत्रों की जांच: 14 जुलाई 2026
- नाम वापसी की अंतिम तिथि: 16 जुलाई 2026

### 2023 में दिलचस्प मुकाबला था

साल 2023 के विधानसभा चुनाव में दतिया सीट पर बेहद कड़ा और दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला था। तब कांग्रेस के राजेंद्र भारती ने भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा को मात दी थी। कांग्रेस के राजेंद्र भारती को 88,977 वोट और भाजपा से नरोत्तम मिश्रा को 81,235 वोट मिले थे।

### भाजपा ने जीत का किया दावा

कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से बात करते हुए चुनाव आयोग के निर्णय का स्वागत किया, उन्होंने कहा दतिया में उप चुनाव की घोषणा हो गई है यहां भारतीय जनता पार्टी अपना प्रत्याशी उतारेगी और जीत भी दर्ज करेगी, पूर्व गृह मंत्री एवं दतिया से विधायक रहे डॉ. नरोत्तम मिश्रा की उम्मीदवारी के सवाल पर उन्होंने कहा अभी ये कहना जल्दबाजी होगी लेकिन जो भी प्रत्याशी होगा जल्दी नाम सामने आएगा।

## एलजी मनोज सिन्हा ने दिखाई हरी झंडी





- ऑपरेशन शिवा देगी यात्रियों को सुरक्षा
- दोनों यात्रा मार्गों की कड़ी निगरानी के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों की 670 कंपनियां तैनात

### अमरनाथ यात्रा पर बम-बम भोले के जयकारों के साथ पहला जत्था रवाना

एजेंसी ▶▶ जम्मू

पवित्र अमरनाथ यात्रा 2026 का शंखनाद हो चुका है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) और श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के चेयरमैन मनोज सिन्हा ने गुरुवार सुबह जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर कश्मीर घाटी के लिए रवाना किया। इस दौरान पूरा माहौल बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। पहले जत्थे में कुल 4,822 तीर्थयात्री शामिल हुए। श्रद्धालु पारंपरिक पहलगाम और बालटाल, दोनों रास्तों से पवित्र गुफा की ओर बढ़ेंगे। इस बार अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित और निर्बाध बनाने के लिए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं, जिसे ऑपरेशन शिवा नाम दिया गया है। दोनों ▶▶ शेष पेज 4 पर

पति के खिलाफ दर्ज किया केस

### तीन तलाक देकर तोड़ लिया रिश्ता, दूसरी युवती से संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

यहां तीन तलाक का एक और गंभीर मामला सामने आया है। शहर के गढ़ा थाना क्षेत्र में एक शख्स ने भाई की शादी के समारोह में पहुंचकर अपनी पत्नी को तीन तलाक बोलकर रिश्ता तोड़ लिया। पीड़िता तस्लीम ने आरोपी पति मोहम्मद शाहनवाज के खिलाफ मारपीट, प्रताड़ना, जान से मारने की धमकी और तीन तलाक देने की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति शाहनवाज किसी निगार नाम की अन्य युवती के संपर्क में है और उसी के उकसावे पर उसने इस कदम को अंजाम दिया। तस्लीम के अनुसार पति ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ सख्त कानूनी कार्रवाई का आश्वासन

पुराने ससुराल वालों पर आरोप

### महिला को अर्धनग्न कर पूरे गांव में घुमाया, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

जिले के झारड़ा थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली एक जघन्य घटना सामने आई है। यहां अरनिया वेणा गांव में एक महिला को अर्धनग्न कर पूरे गांव में घुमाया गया। इस मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं समेत 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है, जिनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी आनंद भाबोर के अनुसार पीड़िता की शादी पहले इसी गांव में हुई थी, लेकिन बाद में उसने गांव के ही अपने प्रेमी के साथ शादी कर ली और इंदौर रहने लगी। 30 जून को जब महिला अपने नए ससुराल की जमीन में हिस्सेदारी की ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ तीन महिलाओं समेत 11 पर केस दर्ज

हनीमून मर्डर केस में आज सुनवाई

### सोनम की जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई मेघालय सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ शिलांग

मेघालय के चर्चित हनीमून मर्डर केस में नया मोड़ आ गया है। मेघालय सरकार ने सोनम रघुवंशी को मिली जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस शील नागू की पीठ के समक्ष मामले का विशेष उल्लेख करते हुए इस पर तत्काल सुनवाई की मांग की, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई तय की है। सॉलिसिटर जनरल ने दलील दी कि हाई कोर्ट ने मुख्य आरोपी को जमानत देकर गलती की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल एक टाइपोग्राफिकल त्रुटि (लिपिकीय गलती) के ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ दस्तावेज में गलती से मिली थी जमानत

# अमरनाथ यात्रियों का तीसरा जत्था रवाना, भोपाल रेलवे स्टेशन पर गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

- अंडमान एक्सप्रेस से भोपाल से जम्मू के लिए रवाना हुआ
- भक्तों के जत्थे में 101 श्रद्धालुओं में 40 महिलाएं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अमरनाथ यात्रियों का तीसरा जत्था हर-हर महादेव के जयकारों के साथ भोपाल स्टेशन से गुरुवार को रवाना हुआ। अंडमान एक्सप्रेस से भोपाल से जम्मू के लिए रवाना हुआ। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि जत्थे में 101 श्रद्धालु शामिल थे, जिसमें 40 महिलाएं शामिल हैं। इस जत्थे का नेतृत्व प्रदीप पटेल, सचिन पटेल, द्वारा किया जाएगा। इस जत्थे में समरधा, छान गाँव, अब्दुल्लागंज आदि क्षेत्र ग्रामीण अंचल में रहने वाले भक्त शामिल हैं। अमरनाथ जाने वाले सभी शव भक्त ढोल ढमाकों व हर-हर महादेव जयकारों के साथ स्टेशन पहुंचे। जहां पर चंदन का टीका लगाकर माला पहनाकर स्वागत किया।


अमरनाथ यात्रियों का तीसरा जत्था भोपाल रेलवे स्टेशन से रवाना।

### भगवती की आराधना का पर्व गुप्त नवरात्रि 15 जुलाई से प्रारंभ

# इस बार बना रहा मातंग योग, हर्षण योग, गज केसरी योग व बुद्धादित्य योग संयोग

**17 जुलाई को चतुथी तिथि का क्षय होने से तृतीय-चतुथी तिथि एक दिन होगी पूजा, इस बार आठ दिन की होगी नवरात्रि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से लेकर नवमी तक गुप्त नवरात्रि विधान किया जाता है। इसमें श्रद्धालु गुप्त रूप से मां भगवती की आराधना कर संकल्प सिद्धि प्राप्त करते हैं। इस बार आषाढ़ शुक्ल पक्ष गुप्त नवरात्रि विधान 15 जुलाई बुधवार से प्रारंभ होकर 22 जुलाई बुधवार भड़ली नवमी तक यानी 8 दिन का होगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार गुप्त नवरात्रि मातंग योग, हर्षण योग, गज केसरी योग, बुद्धादित्य योग, पुष्य नक्षत्र और कर्क राशि स्थित चंद्र के समय प्रारंभ हो रहा है। आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि का प्रारंभ मंगलवार दोपहर 3.14 बजे हो रहा है। यह तिथि बुधवार के दिन दोपहर 11:51 बजे तक रहेगी। बुधवार के दिन प्रतिपदा तिथि सूर्योदय व्यापिनी होने के साथ-साथ तीन मुहूर्त से भी अधिक दिनमान को व्याप्त कर रही है।

### अबूझ मुहूर्त होने से विवाह जैसे मांगलिक कार्य होंगे संपन्न

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि भड़ली नवमी 22 जुलाई बुधवार के दिन घटित होगी। 16 जुलाई से गुरू तारा अस्त होने के बाद भी भड़ली नवमी अबूझ मुहूर्त होने के कारण इस दिन विवाह जैसे मांगलिक कार्य संपन्न किए जाएंगे। आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि से नवमी तक के समय में गुप्त नवरात्रि मनाई जाती है। इन गुप्त नवरात्रि में मां भगवती जगदंबा की गुप्त रूप से तांत्रिक आराधना करने का भी विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि गुप्त नवरात्रि के दिनों में मां जगदम्बा की साधना करने वालों को दुर्लभसिद्धियां प्राप्त होती हैं।

### बीडीए के पुराने आवासों का पुनर्निर्माण अब भी पूरा नहीं, शहर भर में हालात चिंताजनक

# गौरीशंकर परिसर, अंजता कॉम्प्लेक्स में बारिश में बढ़ा खतरा, झड़ रहा प्लास्टर, टपक रही छत

**जान की कीमत नहीं,इसलिए रहते है जर्जर भवनों में निवासरत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में 35 से 40 साल पुराने बीडीए आवासों के पुनर्निर्माण और रेनोवेशन का सपना अधूरा ही रह गया। भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने परियोजना के प्लान को मंजूरी देते हुए कहा था कि मानसून से पहले जर्जर आवासों को चिन्हित कर रेनोवेशन का काम शुरु किया जाएगा। लेकिन बीडीए का वादा कभी धरातल तक ही नहीं पहुंचा , लोगो का इंतजार और बढ़ता ही जा रहा है।


इन्द्रपुरी स्थित जर्जर अजंता कॉम्प्लेक्स का चित्र।


जर्जर अजंता कॉम्प्लेक्स।

**बीडीए के जर्जर आवास...**

अयोध्या बाईपास अजंता कॉम्प्लेक्स, अंकुर, विवेकानंद और गौरीशंकर कौशल आवासीय परिसर में आवास समय सीमा से पहले ही जर्जर हो रहे है, जिसकी शिकायत पर कार्रवाई नही की गई। दो माह के भीतर निर्माण कार्य शुरू करने का दावा किया था, लेकिन अब तक जमीन पर कोई काम शुरू नहीं हो सका है। हालात ऐसे हैं कि यह परियोजना एक साल तक और टल सकती है। सबसे ज्यादा चिंता अंकुर कॉम्प्लेक्स सहित उन आवासीय परिसरों को लेकर है, जहां इमारतें काफी पुरानी और जर्जर हो चुकी हैं। समय के साथ भवनों में दरारें बढ़ती जा रही हैं, जबकि सीवेज और अन्य बुनियादी समस्याएं भी गंभीर रूप ले चुकी हैं।

**हमारी जान की कीमत नहीं...**

रहवासी अजय सोलंकी का कहना है कि वे लंबे समय से नए निर्माण या



मरम्मत का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं। जर्जर भवन में ,ये मानसून झेलना मुश्किल हो रहा है कभी भी हो सकता है हादसा हमारी जान की तो कीमत ही नहीं। कई भवनों की स्थिति ऐसी है कि एक और बारिश का मौसम झेलना मुश्किल हो सकता है। जर्जर दीवारें, टपकती छतें और कमजोर ढांचे किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। इसके बावजूद पुनर्निर्माण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए)का कहना है कि पुराने और अधिक जर्जर आवासों को चिन्हित किया जा रहा है। जिन भवनों की स्थिति सबसे खराब है, उन्हें तोड़कर दोबारा बनाया जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि प्रक्रिया में अभी और समय लगेगा।

### राष्ट्रीय कार्यबल और कॉलेज की प्रवेश समिति ने किया आयोजन

# एसपीएमः नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ और मानसिक स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में गुरुवार को प्रदेश उत्सव मनाया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय कार्यबल (एनटीएफ) एवं प्रवेश समिति द्वारा मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस विशेष सत्र का उद्देश्य प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) के सभी संकायों के नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक परिवेश से परिचित कराना और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाना था।

मुख्य वक्ता शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई (एमएलबी) कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, की सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. जमाल अख्तर रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों के जीवन में तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला।



**प्राचार्य ने विशेषताओं से परिचित कराया**

प्राचार्य डॉ शालिनी सक्सेना ने सभी नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विशेषताओं से परिचित कराया। साथ ही महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में सभी संकायों के नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**यह रहे उपस्थित**

डॉ इला जैन ने सभी विद्यार्थियों को दीक्षारंभ कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम एवं महाविद्यालय के नियमों से परिचित कराया। डॉ आशा वर्मा ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद करियर गाइडेंस सेल से परिचित कराया। संचालन डॉ निशा यादव और आभार संयोजक डॉ. अनीता मंडलोई ने माना।

# पुलिस कर्मियों के अवकाश होंगे ऑनलाइन स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस कर्मियों की सेवा प्रबंधन प्रणाली को अधिक आधुनिक, पारदर्शी, त्वरित एवं सुगम बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश पुलिस ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों में 1 जुलाई 2026 से काई-लीव मॉड्यूल लागू कर दिया गया है। इसके माध्यम से अब प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ऑनलाइन अवकाश आवेदन, स्वीकृति तथा उसकी अद्यतन स्थिति की जानकारी एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्राप्त कर सकेंगे, जिससे अवकाश प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध हो जाएगी।

# नीलगर कॉलोनी में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन


नीलबड़ की नीलगर कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीलबड़ की नीलगर कॉलोनी में श्रीमद भागवत कथा, महापुराण कथा ज्ञान गंगा पूजन का आयोजन प्रमोद अग्रवाल, विष्णु रश्मि अग्रवाल ने किया। जिसमें गुरुवार को रुक्मणी विवाह का प्रसंग भक्तों ने श्रवण किया। कथा सुनने सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

### सुरक्षित सुशासन और डेटा संरक्षण के मानकों से सुदृढ़ हुई विभाग की डिजिटल विश्वसनीयता

# मध्यप्रदेश के ई-नगर पालिका पोर्टल को मिला राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने कहा कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने आधुनिक तकनीकों और सुदृढ़ साइबर सुरक्षा उपायों के समन्वय से सदैव पारदर्शी, सुरक्षित एवं विश्वसनीय डिजिटल नागरिक सेवाओं को सर्वोपरि प्राथमिकता दी है। साइबर सुरक्षा, जोखिम प्रबंधन और डेटा संरक्षण के क्षेत्र में अपनाए गए प्रभावी एवं कड़े वैश्विक मानकों का ही प्रतिफल है कि आज हमारी डिजिटल प्रणालियों की विश्वसनीयता राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ हुई है। विभाग भविष्य में भी नागरिकों को पूरी तरह सुरक्षित, भरोसेमंद और अत्याधुनिक डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः कटिबद्ध रहेगा।



### देश के इस अग्रणी ट्रेनिंग सेन्टर में इंजीनियर्स और नॉन-इंजीनियर्स को मिलती है आधुनिक ट्रेनिंग

# डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेंटर का कार्यभार सुधीर ने संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निदेशक सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने कंपनी के प्रतिष्ठित ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक का कार्यभार आज संभाल लिया है। इस ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में विद्युत वितरण क्षेत्र से जुड़े इंजीनियर्स को उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ गैर-तकनीकी श्रेणी के कार्मिकों को भी व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निदेशक सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने कार्यभार ग्रहण करने के दौरान कहा कि इस अग्रणी ट्रेनिंग सेंटर की साख के अनुरूप प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाया जाएगा।

### बिना टिकट ट्रेन में बदहवास हालत में मिली नाबालिग, परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर जा रही थी बिलासपुर

# घर से भागी किशोरी को टीटीई की सतर्कता से किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिजनों की बात से नाराज होकर नाबालिग लड़की ने घर छोड़ दिया और फिर ट्रेन में सवार होकर बिलासपुर जा रही थी। भोपाल से ट्रेन में बैठी नाबालिग को ट्रेन में टिकट जांच के दौरान टीटीई ने देखा, इस दौरान बालिका बदहवास नजर आ रही थी। टिकट भी नहीं था, टीटीई विजय श्रीवास ने सतर्कता दिखाते हुए तत्काल इसकी जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी। साथ ही बालिका विदिशा स्टेशन पर उतरकर परिजनों से संपर्क कर उसकी जानकारी उन्हें दी। इसके बाद परिजन विदिशा पहुंचे।

जानकारी के मुताबिक 14-15 वर्षीय नाबालिग भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस-3 में सवार होकर बिलासपुर जा रही थी। उसे अकेले बदहवास बैठा देख, टीटीई विजय श्रीवास को संदेह हुआ। पूछताछ की, लेकिन सही जवाब न मिलने के बाद तत्काल उसकी जानकारी आरपीएफ और कमर्शियल कंट्रोल रूम व सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया को दी गई। इसके बाद अधिकारियों से मिले निर्देश पर आरपीएफ टीम की मौजूदगी में बालिका सुरक्षित विदिशा स्टेशन उतर लिया गया।


घर से भागी किशोरी।

**बिना टिकट कर रही थी सफर**

पुछताछ के दौरान नाबालिग ने बताया कि परिजनों की डांट से वह नाराज होकर उसने घर छोड़ दिया। इसके बाद वह भोपाल स्टेशन पहुंची। जहां पर गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में सवार हो गई। इस दौरान भोपाल से बीना के बीच ड्यूटी के दौरान टीटीई विजय श्रीवास ने स्लीपर के एस-2 कोच में बालिका को अकेले यात्रा करते हुए देखा। संदेह होने पर उन्होंने बालिका से काफी देर तक पूछताछ की। तब उसने बताया कि घर में हुए विवाद के कारण वह घर छोड़कर चली आई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टीटीई ने तत्काल रेलवे कंट्रोल को सूचना दी। कंट्रोल के निर्देशानुसार बालिका को विदिशा रेलवे स्टेशन पर आवश्यक मेमो के साथ रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) विदिशा को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया, फिर उसके परिजनों से संपर्क स्थापित कर सुरक्षित सुपुर्द किया गया। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने टीटीई विजय श्रीवास की सतर्कता, तत्काल निर्णय क्षमता एवं मानवीय संवेदनशीलता की सराहना करते हुए बधाई दी। साथ ही सभी रेल कर्मचारी सुरक्षित एवं सुगम रेल संचालन के साथ-साथ यात्रियों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के प्रति भी पूरी तरह सजग रहते हुए काम करने की बात कहीं।

# पुणे-दानापुर स्पेशल ट्रेन का विस्तार, भोपाल समेत मध्य भारत के यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यात्रियों की बढ़ती संख्या और यात्रा मांग को देखते हुए रेलवे ने पुणे-दानापुर स्पेशल ट्रेन के संचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों, विशेषकर मध्य प्रदेश और भोपाल मंडल के लोगों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 01449 स्पेशल ट्रेन 6 जुलाई से 28 सितंबर तक प्रतिदिन पुणे स्टेशन से 15:40 बजे प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी इटारसी स्टेशन पर अगले दिन प्रातः 05:40 बजे ठहराव लेते हुए तीसरे दिन प्रातः 02:45 बजे दानापुर पहुँचेगी। इस अवधि में यह रेलगाड़ी कुल 75 अतिरिक्त फेरे संचालित करेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01450 विशेष ट्रेन 18 जुलाई से 30 सितंबर तक प्रतिदिन दानापुर स्टेशन से प्रातः 05:00 बजे प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी इटारसी स्टेशन पर अगले दिन रात्रि 01:20 बजे ठहराव लेते हुए उसी दिन सायं 18:15 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। इस अवधि में यह रेलगाड़ी कुल 75 अतिरिक्त फेरे संचालित करेगी।

### कुबेरेश्वर धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

# सीहोर में ओवरनाइट एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर से जबलपुर जाने वाली ओवरनाइट एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22191/22192) का सीहोर रेलवे स्टेशन पर रेलवे की ओर से एक बार फिर से प्रायोगित ठहराव शुरू किया। कोरोना काल में बंद हुआ यह स्टॉपेज सीहोरवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा हो रही थी। इससे सबसे अधिक सुविधा कुबेरेश्वर धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या को लेकर भोपाल सांसद आलोक शर्मा से संपर्क किया था। सांसद शर्मा ने जनता की मांग को गंभीरता से लेते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर ओवरनाइट एक्सप्रेस का सीहोर में पुनः ठहराव शुरू करने का आग्रह किया। इस पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद आलोक शर्मा की मांग को स्वीकार करते हुए ओवरनाइट एक्सप्रेस के सीहोर स्टेशन पर ठहराव को मंजूरी दे दी थी। इसके बाद रेलवे की ओर से गुरुवार से यह सुविधा शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पश्चिम मध्य रेल से संचालित गाड़ी संख्या 22191/22192 इंदौर-जबलपुर-इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस रेलसेवा का सीहोर रेलवे स्टेशन पर 2 जुलाई 2026 से प्रायोगिक ठहराव दिया गया है।

गाड़ी संख्या 22191 इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस प्रतिदिन सीहोर रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात 22:26/22:28 बजे रहेगा। इसी तरह गाड़ी संख्या 22192 जबलपुर-इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस प्रतिदिन सीहोर रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय सुबह 06:08/06:10 बजे रहेगा।

### दयोदय एक्सप्रेस का अक्टूबर में एक ट्रिप रहेगा आंशिक निरस्त

भोपाल। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के मांडावरिया-किशनगढ़ रेलखंड में ब्रिज संख्या 292 पर आरसीसी बॉक्स द्वारा स्टोन स्लैब प्रतिस्थापन कार्य किए जाने के कारण भोपाल मंडल के गुना से होकर गुजरने वाली गाड़ी संख्या 12181/12182 जबलपुर-अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस अक्टूबर माह में दोनों दिशाओं में 1-1 ट्रिप जयपुर-अजमेर के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस 24 अक्टूबर को जबलपुर से अपने निर्धारित समयानुसार प्रस्थान कर जयपुर स्टेशन तक ही संचालित होगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस 25 अक्टूबर को अपने निर्धारित प्रारंभिक स्टेशन अजमेर के स्थान पर जयपुर स्टेशन से अपने निर्धारित समयानुसार प्रस्थान कर जबलपुर तक संचालित होगी।

भोपाल
शुक्रवार, 3 जुलाई 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-4
वर्ष : 13, अंक : 92
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 30
न्यून. 24

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 पेनल्टी पर दागे गोल से बेल्जियम ने अतिरिक्त...



विचार पेज
06 पाक से रिश्तों की बहाली ...

## खबर संक्षेप

### पहली बार दिखा सफेद मोर और गोल्डन सांभर

**अलवर।** राजस्थान के सरिस्का टाइगर रिजर्व से प्रकृति प्रेमियों के लिए एक अद्भुत खबर आई है।



यहां पहली बार दो बेहद दुर्लभ जीव एक सफेद मोर और धूप में सोने की तरह चमकता गोल्डन सांभर देखे गए हैं। प्रदेश में सफेद मोर दिखने का यह पहला मामला है। कभी बाघ विहीन हो चुके सरिस्का में अब बाघों का कुनबा भी बढ़कर 56 हो गया है। यहां रिसर्च करने के लिए देशभर के वन अधिकारी अलवर में जुटे हुए हैं।

### कांवड़ मेला 2026: 30 जुलाई से शुरू होगी यात्रा

**हरिद्वार।** विश्व प्रसिद्ध कांवड़ मेला 2026 इस साल 30 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होगा। मेले



को सुरक्षित बनाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को 25 जुलाई तक तैयारियां हर हाल में पूरी करने के सख्त निर्देश दिए हैं। लाखों शिवभक्तों की आमद को देखते हुए सुरक्षा पर विशेष फोकस है।

### वाट्सएपः 1 अगस्त से बदलेगा एआई मॉडल

**नई दिल्ली।** मेटा अपने वाट्सएप बिजनेस एआई एजेंट के बिलिंग सिस्टम में 1 अगस्त 2026 से बड़ा



बदलाव करने जा रहा है। अब तक कारोबारियों से प्रति-मैसेज के हिसाब से शुल्क लिया जाता था, लेकिन अब बिलिंग टोकन की खपत के आधार पर होगी। यह चौबीसों घंटे काम करने वाला एडवांस्ड एआई एजेंट ग्राहकों के सवालों के जवाब देने, लीड्स जेनरेट करने और अपॉइंटमेंट बुक करने जैसे काम करता है।

### महिला जज को धमकी सरकार से मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नर्मदापुरम के सिवनी मालवा में पदस्थ महिला जज तबस्सुम खान



को मिल रही धमकियों पर स्वतः संज्ञान लिया है। उन्होंने 12 जून 2026 को गौहत्या के एक मामले में 14 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी, जिसके बाद से उन्हें सोशल मीडिया पर धमकियां मिल रही हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल की बेंच ने राज्य सरकार से सुरक्षा को लेकर जवाब मांगा है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामलाः गुस्से में थाने पहुंचे वकीलों ने कहा

# चंपत राय और अनिल मिश्रा समेत 4 लोगों के खिलाफ लिखें एफआईआर

- पुलिस विधिक राय लेकर करेगी कार्रवाई
- वकील बोले केस दर्ज करने के हैं कई विकल्प

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

बार एससोसिएशन ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में श्रीराम



चंपत राय

जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी अनिल मिश्रा और गोपाल राव सहित 4 लोगों के खिलाफ शिकायत दी है। वकीलों ने इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र ने ▸▸ शेष पेज 4 पर



अयोध्या जिला न्यायालय के वकील नारेबाजी करते हुए थाने पहुंचे

चढ़ावे की गिनती के रोस्टर में हेराफेरी, सिफारिशों पर की गईं नियुक्तियां

चढ़ावे में आए गहनों का नहीं रखा गया हिसाब-किताब

### 125 सिफारिशी नियुक्तियां हुईं थीं

जांच के मुताबिक मंदिर में चढ़ावे की गिनती के लिए एक विशेष स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तय की गई थी। इसके तहत बैंक और आउटसोर्सिंग एजेंसी के कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर प्रणाली (बदल-बदलकर ड्यूटी लगाना) के तहत लगनी थी। आरोप है कि डॉ. अनिल मिश्रा और बैंक प्रबंधन की अनदेखी के कारण इन नियमों की कथित धज्जियां उड़ाई गईं। इसके चलते कुछ करीबी कर्मचारी बिना बदले लगातार काउंटिंग रूम में बने रहे। एसआईटी की जांच में यह भी सामने आया है कि डॉ. अनिल



मिश्रा की सिफारिश पर करीब 125 कर्मचारियों को मंदिर प्रबंधन और उससे जुड़े कार्यों में नियुक्त किया गया था। एसआईटी को जांच में अब तक जो सबूत मिले हैं, उससे अनिल मिश्रा, गोपाल राव और चंपत ▸▸ शेष पेज 4 पर

## 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने की बड़ी घोषणा

# जापान भारत में '10 ट्रिलियन येन' का निवेश करेगा, उसकी कंपनियां दोगुनी होंगी



नरेंद्र मोदी

पीएम मोदी ने साने ताकाइची को बताया अपनी 'छोटी बहन'



पीएम मोदी और जापान की पीएम ताकाइची के सामने एमओयू हुए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत और जापान के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को एक नई दिशा देते हुए दोनों देशों ने रक्षा क्षेत्र की पहली सह-विकास (को-डेवलपमेंट) परियोजना पर ऐतिहासिक समझौता किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को हैदराबाद हाउस में जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में यह बड़ी घोषणा की। पीएम मोदी ने इस कदम को दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने वाला एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताया। पीएम मोदी ने यह भी घोषणा ▸▸ शेष पेज 4 पर

### ताकाइची ने कहा-हम दोनों की सोच एक जैसी

*ताकाइची ने कहा कि आप मुझे छोटी बहन कहते हैं। हम दोनों की सोच एक जैसी है। इस रिश्ते को मजबूत करना अब और भी महत्वपूर्ण हो गया है।*

*जापान और भारत के बीच रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने के लिए मैंने हाल ही में स्वतंत्र और खुली हिंद प्रशांत नीति की घोषणा की है।*

### इन प्रमुख क्षेत्रों पर मिलकर काम कर रहे हैं दोनों देश

1. **सेमीकंडक्टर :** चिप निर्माण और सप्लाई चेन को मजबूत करना
2. **महत्वपूर्ण खनिजः** भविष्य की तकनीकों के लिए जरूरी खनिजों की सुरक्षा
3. **फार्मास्यूटिकल्सः** दवा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना
4. **स्वच्छ ऊर्जा** पर्यावरण अनुकूल और रिन्यूएबल एनर्जी पर फोकस
5. **सूचना-संचार प्रौद्योगिकी** एआई और आधुनिक सूचना तंत्र का विकास

### पीएम मोदी ने रखा अपना विजन

भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं आपके सामने एक दृष्टिकोण रखना चाहता हूं।

- मैं एक ऐसी दुनिया देखता हूं, जहां जापान की तकनीकी और भारत की मार्केट क्षमता मिलकर सेमीकंडक्टर, फार्मा और जरूरी मिनरल्स के क्षेत्र में दुनिया को एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला दें
- जहां जापान की पूंजी और भारत की महत्वाकांक्षा मिलकर शिपबिल्डिंग, मोबिलिटी और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नया वैश्विक नेतृत्व तैयार करें
- जहां भारत और जापान के स्टार्टअप एआई, क्वांटम और बायोटेक के क्षेत्र में दुनिया के लिए अगली पीढ़ी के समाधान लाएं
- एयरोस्पेस और रक्षा में अभूतपूर्व सहयोग के साथ हम वैश्विक सुरक्षा में अपना योगदान मजबूत करेंगे। ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी



इस जगह पर चट्टान गिरने से हुआ हादसा

## 40 फीट ऊंचाई से चट्टान का टुकड़ा गिरा

# मप्र के 5 मजदूर दबे कुल 7 की मौत, इनमें छग व कर्नाटक के दो

- मृतकों के परिवार को 10-10 लाख की मदद
- घटना के दौरान 17 मजदूर काम कर रहे थे

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

कर्नाटक के बेंगलुरु में गुरुवार सुबह पत्थर खदान ढहने से 7 प्रवासी मजूदरों की मौत हो गई। 5 मजदूर मध्य प्रदेश, एक छत्तीसगढ़ और एक कर्नाटक के यादगीर का रहने वाला था। घटना के दौरान 17 मजदूर काम कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, साउथ तालुक इलाके में मौजूद कावेरी क्रशर कंपनी की खदान में खनन चल रहा था। इसी दौरान 40 फीट ऊंचाई से चट्टान का बड़ा टुकड़ा मजदूरों पर आ गिरा। हादसे में 5 मजदूर भी घायल हो गए। पांचों खतरे से बाहर हैं। सभी मृतक व घायल दिहाड़ी मजदूर थे और वहां स्टोन क्रशर साइट पर काम कर रहे थे। एक्सकेवेटर चला रहे परशुराम ने बताया कि काम शुरू करने के लिए जैसे ही मैं मौके पर पहुंचा और मशीन चालू की, तभी पहाड़ी ▸▸ शेष पेज 4 पर

## वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू में देरी

# सनी बोले- नहीं खेलाया तो बढ़ सकता है उस पर दबाव

टूट सकता है सचिन और जोशुआ लिटिल का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल 2026 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से तहलका मचाने वाले 15 वर्षीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू का बेसब्री से इंतजार है। आयरलैंड के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 में भी उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला।



वैभव सूर्यवंशी



सुनील गावस्कर

इस पर दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा कि डेब्यू में हो रही यह देरी वैभव पर दबाव बढ़ा सकती है। गावस्कर ने कहा कि 15 साल की उम्र में आप दबाव के बारे में ज्यादा नहीं सोचते, लेकिन वैभव जानते हैं कि ▸▸ शेष पेज 4 पर

## चमोली समेत कई जिलों में भूस्खलन से सड़कें बंद

# बद्रीनाथ-केदारनाथ के रास्ते में पत्थर गिरे, गाड़ियां फंसी

प्रशासन ने आवाजाही रोकी, सहयोग की अपील

एजेंसी ▸▸ देहरादून

उत्तराखंड में मानसून के बाद देर रात तक भारी बारिश जारी रही। गुरुवार को रुद्रप्रयाग, चमोली समेत कई जिलों में भूस्खलन से सड़कें बंद हो गई हैं। बद्रीनाथ और केदारनाथ हाईवे पर लगातार पत्थर गिर रहे हैं। सुरक्षा के चलते केदारनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी



सड़क बनी श्रद्धालुओं के लिए बाधा

गई है। रुद्रप्रयाग में सोनप्रयाग-गौरीकुंड मोटर मार्ग मुनकटिया के पास पहाड़ी से पत्थर और मलबा गिरने के कारण बाधित हो गया है। लगातार हो ▸▸ शेष पेज 4 पर

# फीफा विश्वकप 2026: बाकी 6 जगहों के लिए जंग तेज




### राउंड ऑफ-16 की 10 टीमें तय, नॉकआउट में उलटफेर, दिग्गज बाहर

**नई दिल्ली।** फीफा विश्वकप 2026 अपने नए 48-टीम फॉर्मेट के साथ रोमांच की सारी हदें पार कर रहा है। पहली बार आयोजित हो रहे राउंड ऑफ-32 के नॉकआउट मुकाबलों में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले हैं, जिसके बाद राउंड ऑफ-16 की 10 टीमें तय हो चुकी हैं और बाकी 6 जगहों के लिए जंग तेज है। इस बार कागज पर कमजोर मानी जाने वाली टीमों ने जर्मनी ▸▸ शेष पेज 4 पर

बिस्किट खिलाने और सूंड पकड़ने पर भड़का हाथी

## हाथी से आशीर्वाद लेना पड़ा भारी

# गजराज ने बाइक सवार दो युवकों को पटका... अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

जिले के चौरई-गुरैया मार्ग पर गुरुवार को हाथी से आशीर्वाद लेने की कोशिश दो बाइक सवार युवकों को भारी पड़ गई। अचानक हाथी के उग्र होने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत चौरई अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, कोठे यादव निवासी प्रदीप कहार अपने साथी के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उन्हें अमरकंटक से उज्जैन महाकालेश्वर धाम की



अस्पताल में घायल लोगों का उपचार

यात्रा पर निकले साधु-संतों और हाथियों का दल मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक युवक हाथी को बिस्किट खिलाने लगा, जबकि दूसरा उसकी सूंड पकड़ने की कोशिश करने लगा। महावतों का ▸▸ शेष पेज 4 पर

### घायलों ने माना महावतों की गलती नहीं

हाथी के साथ चल रहे महावत राजू वासनिक और गणेश वासुदेव ने बताया कि उन्होंने युवकों को पहले ही दूर रहने की चेतावनी दी थी। हालांकि, हादसे के बाद महावत दल ने ही तत्परता दिखाते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज करा रहे युवकों ने भी माना कि इस घटना में महावत दल की कोई गलती नहीं थी। यह ▸▸ शेष पेज 4 पर

## वर्तमान व्यवस्था में इन कॉलेजों में दाखिला पूरी तरह से प्रवेश परीक्षाओं के स्कोर पर निर्भर

कोचिंग पर निर्भरता होगी कम, 'ऑन-डिमांड' परीक्षा प्रणाली

# नीट-जेईई दाखिले में बदलाव की तैयारी, अब 12वीं बोर्ड के नंबरों पर मिल सकता है 50% तक 'वेटेज'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने का सपना देखने वाले लाखों छात्रों के लिए एक बड़ी खबर है। केंद्र सरकार भविष्य में नीट और जेईई जैसी प्रवेश परीक्षाओं के नियमों में बड़ा बदलाव करने पर विचार कर रही है।

नए प्रस्ताव के तहत अब मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए 12वीं बोर्ड परीक्षा के अंकों को 50 प्रतिशत तक वेटेज दिया जा सकता है। वर्तमान व्यवस्था में इन कॉलेजों में एडमिशन पूरी



फाइल फोटो

तरह से प्रवेश परीक्षाओं के स्कोर पर निर्भर करता है और बोर्ड परीक्षा केवल एक न्यूनतम योग्यता मात्र होती है, लेकिन अब किसी एक परीक्षा पर छात्रों का पूरा भविष्य निर्भर न रहे, इसलिए इस नई व्यवस्था पर मंथन चल रहा है। पिछले कुछ वर्षों में पेपर लीक और मूल्यांकन में गड़बड़ी जैसे विवादों के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठे हैं, जिसके बाद शिक्षा व्यवस्था को अधिक संतुलित बनाने के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं।

### 9 सदस्यीय समिति ने अंतिम रिपोर्ट तैयार की

शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित एक 9 सदस्यीय समिति इस विषय पर अपनी अंतिम रिपोर्ट तैयार कर रही है। समिति का मानना है कि बोर्ड के नंबरों को महत्व देने से छात्रों पर से प्रवेश परीक्षा का मानसिक दबाव कम होगा और स्कूलों में पढ़ाई की अहमियत बढ़ेगी। साथ ही, कोचिंग संस्थानों पर ▸▸ शेष पेज 4 पर

**अब हर महीने होगी नर्मदा समग्र की बैठक**

# 18 जिलों में होंगे नर्मदा जयंती कार्यक्रम, नर्मदा परिक्रमा पथ पर मार्ग संकेतक लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मां नर्मदा प्रदेश की 33 प्रतिशत से अधिक आबादी की जीवन रेखा है। यह आबादी नर्मदा नदी और उसके जलग्रहण क्षेत्र पर ही निर्भर है। नर्मदा हमारी धार्मिक आस्था, जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत की आधारशिला है।

इसे हर तरह से निर्मल और अविरल बनाए रख कर नर्मदा परिक्रमा पथ को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाए। प्रदेश में नर्मदा जयंती पर विभिन्न आयोजन किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में नर्मदा समग्र की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब हर महीने नर्मदा समग्र की बैठक में इस नदी क्षेत्र के विकास के निर्णय लिए जाएंगे।

**मां नर्मदा के जल को निर्मल और अविरल बनाए रखने के लिए नमन मिशन तैयार, 2026 का क्रियान्वयन रोड मैप भी तैयार**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा समग्र की बैठक में नर्मदा परिक्रमा पथ को अतिक्रमण मुक्त बनाने के दिए निर्देश**

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री होंगे नमन मिशन की साधारण सभा के अध्यक्ष
- मां नर्मदा धार्मिक आस्था, जैव विविधता सांस्कृतिक विरासत की आधारशिला : डॉ. यादव
- नर्मदा के तट पर स्थित सभी धार्मिक और पवित्र स्थलों को प्रदूषण मुक्त बनाया जाएं


बैठक में उप मुख्यमंत्री देवड़ा से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### मां नर्मदा के विकास से जुड़ना एक पवित्र काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा के विकास से जुड़ना एक पवित्र काम है। सभी विभाग के अधिकारी पूरे समर्पण से यह काम करें। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा पथ को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त कर पथिकों के लिए सभी व्यवस्थाएं की जाए और परिक्रमा मार्ग पर संकेतक (सूचना पट्टिकाएं) भी लगाए जाए। नर्मदा के तट पर स्थित सभी धार्मिक और पवित्र स्थलों को प्रदूषण मुक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग पर जहां मंदिर हैं, वहां श्रद्धालुओं के लिए अन्न क्षेत्र भी स्थापित किए जाएं।

### मंदिर के पास दीनदयाल रसोई प्रारंभ कराने की व्यवस्था भी होगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंदिर के पास दीनदयाल रसोई प्रारंभ कराने की व्यवस्था भी कराएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नर्मदा समग्र से समन्वय कर नर्मदा परिक्रमा क्षेत्र में स्थित सभी आश्रमों की सूचियां तैयार कर लें। मुख्यमंत्री ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को निर्देशित किया कि वे सामूहिक प्रयास कर किसानों को घाटी क्षेत्र में नकद फसलों की पैदावार लेने के लिए प्रेरित करें। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव मनीष रस्तोगी, अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे सहित अन्य प्रमुख सचिव एवं सचिव स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

### अमरकंटक में जैव विविधता प्रबंधन संस्थान बनाया जाएगा

अपर मुख्य सचिव शुक्ला ने बताया कि नर्मदा नदी के सीमावर्ती प्रदेश के 18 जिलों में नर्मदा जयंती पर आयोजन किए जाएंगे। अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल ने बताया कि अमरकंटक में जैव विविधता प्रबंधन संस्थान बनाया जाएगा। इसके लिए 32 लाख रुपए का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि नर्मदा घाटी क्षेत्र में करीब 415 हैक्टेयर क्षेत्र में वन विभाग 2.70 लाख पौधे लगाएगा। अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने बताया कि नर्मदा घाटों को निर्मल बनाने की व्यवस्था कर रहे हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### 2,548 आंगनबाड़ी पदों पर होगी भर्ती

**भोपाल।** राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर पोषण प्रबंधन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश की विभिन्न बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी सहायिकाओं की बड़े पैमाने पर भर्ती करने का निर्णय लिया है। राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 2,548 पदों पर योग्य महिला अभ्यर्थियों की नियुक्तियां की जा रही हैं। भर्ती में स्थानीय पात्रताधारियों को प्राथमिकता मिलेगी। कुल रिक्तियों में से 781 पद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए और 1,767 पद आंगनवाड़ी सहायिकाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं।

### कार्यालय सहायक ग्रेड-3 के 78 प्रशिक्षुओं की भर्ती

**भोपाल।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड भोपाल की ओर से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने कार्यालय सहायक ग्रेड-तीन के 78 प्रशिक्षुओं की नई भर्ती एवं नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त सभी 78 कार्यालय सहायक ग्रेड-तीन प्रशिक्षुओं ने प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद उन्हें कंपनी के विभिन्न शहर एवं संचालन-संधारण वृत्तों में प्रशिक्षण के शेष मॉड्यूल पूर्ण करने के लिए पदस्थ किया है। यह भर्ती मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

---

**भेल से भूमि वापस लेने के लिए केंद्र सरकार से करें समन्वय: मुख्यमंत्री**

# होम गाड्र्स की होगी भर्ती, अग्निवीरों को सुरक्षा बलों में 20 फीसदी आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य शासन की प्राथमिकता वाले विषयों पर त्वरित कार्रवाई करें। अभियान चलाकर लक्ष्य पूरे किए जाएं। प्रदेश में इन दिनों स्कूल चलो अभियान चल रहा है। 15 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के दौरान अधिकाधिक सांदीपनि विद्यालय भवनों को लोकार्पण एवं स्कूलों का युक्तियुक्तकरण कराएं, ताकि विद्यार्थियों को इसी सत्र में अधिकतम लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मंत्रालय में विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर विभागों की अद्यतन प्रगति एवं आगामी कार्य योजना (कार्यवाही) के संबंध में समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालय प्रदेश का सबसे बड़ा उत्कृष्ट नवाचार है। स्कूल शिक्षा विभाग राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग के लिए कार्य योजना तैयार करे। चित्रकूट के विकास के लिए विशेष प्रयास करें। यहां सती अनुसुईया मंदिर परिसर, सती अनुसुईया मल्टी फैसिलिटी सेंटर और गुप्त गोदावरी मंदिर परिसर का निर्माण होना है, यह काम तेजी से पूरा करें। मंदाकिनी नदी जोड़ो परियोजना के लिए उत्तरप्रदेश सरकार तैयार है।

**समय पाबंदी के लिए मंत्रालय, सतपुड़ा, विंध्याचल में लगेगी बायोमीट्रिक मशीन, ग्रामीण आबादी की निःशुल्क रजिस्ट्री के लिए चलेगा अभियान**


अधिकारियों को निर्देश देते सीएम डॉ. मोहन।

**यूनियन कार्बाइड की भूमि पर बनेगा भव्य स्मारक**

डॉ. यादव ने कहा कि भारत हेवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड (भेल) को शासन की ओर से दी गई जमीन में से भेल के लिए वर्तमान में अनुपयोगी भूमि वापस लेने के प्रयास करें। इसके लिए केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय से समन्वय कर कार्रवाई जल्द करें। यूसीआईएल की रासायनिक कचरे से मुक्त भूमि पर एक भव्य स्मारक का निर्माण होना है, इसके लिए एप्को कार्य योजना तैयार करे।

### धर्मशाला, सराय, अन्न क्षेत्र, प्याऊ, पेयजल टंकी, अस्पताल बनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी धार्मिक महत्व के तीर्थ स्थलों (जैसे मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक, चित्रकूट, ओंकारेश्वर, महेश्वर, दतिया, ओरछा, मैहर आदि) में धर्मशाला, सराय, अन्न क्षेत्र, प्याऊ, पेयजल टंकी, अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग के भवन निर्माण के लिए धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं को प्रोत्साहन दिया जाए।

### श्री महाकालेश्वर मंदिर की तरह होमगार्ड्स के पदों पर भर्ती करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में श्री महाकालेश्वर मंदिर की तरह होमगार्ड्स के पदों का सृजन किया जाए और मंदिर समिति के वहन पर इनकी नियुक्ति की जाए। अग्निवीरों को मप्र पुलिस में विशेष सशस्त्र बल (आरक्षक पद) की नियुक्ति में 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव गृह को निर्देशित किया कि वे इस संबंध में अतिशीघ्र कार्रवाई करें। समय की पाबंदी के लिए मंत्रालय, विध्याचल एवं सतपुड़ा में उपस्थिति एवं रवानगी के लिए बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस की व्यवस्था की जाए।

---

**प्रदेश के सभी जिलों में जन सम्मेलन-सह-लॉन्च कार्यक्रम आयोजित**

# विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आजीविका सृजन एवं टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) का गुरुवार को प्रदेशभर में शुभारंभ किया गया।



इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में जिला प्रशासन की ओर से जन सम्मेलन-सह-लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किए गए। केन्द्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आंध्र प्रदेश के मुक्कावरिपल्ली में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी रामजी) का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जबलपुर में (वीबी-जी रामजी) (ग्रामीण) किया का राज्य स्तर पर जन सम्मेलन-सह-लॉन्च किया।

### मंत्री पटेल ने कल्याणकारी योजनाओं से जनता को कराया अवगत

मंत्री पटेल ने योजना के आयामों और जन-कल्याणकारी नीतियों के बारे में जानकारी साझा की। पटेल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आजीविका और आत्मनिर्भरता के नए अवसर सृजित कर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्यरत है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि भी मौजूद रही।

# मंत्री विजयवर्गीय ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद


कार्यकर्ताओं की जनसमस्याएं सुनते मंत्री विजयवर्गीय।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। विजयवर्गीय ने कार्यकर्ताओं से संवाद कर जनसमस्याओं को त्वरित हल किया। जिन जनसमस्याओं का समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा।

### संपर्क अभियान में 1.25 लाख से ज्यादा केस हल

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संपर्क अभियान 2026 के तहत 14 मई से 2 जुलाई तक भोपाल और ग्वालियर रीजन के 16 जिलों में 2598 विशेष शिविर लगाए गए। इन शिविरों में 1 लाख 25 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। अभियान के दौरान त्रुटिपूर्ण बिजली बिल, मीटर रीडिंग, स्मार्ट मीटर, भार वृद्धि, स्थायी व अस्थायी कनेक्शन, ई-केवाईसी, एनओसी, सर्विस केबल, वोल्टेज और ट्रांसफार्मर से जुड़ी समस्याओं का निराकरण किया गया।

---

**भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ने कहा-**

## महिलाओं के लिए शराब दुकानें खोलने की खबरें झूठी, भ्रामक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोशल मीडिया पर मध्यप्रदेश में महिलाओं के लिए अलग शराब दुकानें खोले जाने को लेकर प्रसारित दावे को भाजपा ने पूर्णतः भ्रामक, निराधार एवं असत्य है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने इस संबंध में खंडन जारी करते हुए कहा कि वास्तविकता यह है कि महिलाओं के लिए अलग (महिला-फ्रेंडली) शराब दुकानें खोलने का निर्णय फरवरी 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने लिया था। उस समय कांग्रेस सरकार द्वारा घोषित इस निर्णय का मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष की भूमिका में रहते हुए पूरे प्रदेश में मुखरता के साथ विरोध किया था। भाजपा के लगातार विरोध और जनभावनाओं के दबाव के चलते कांग्रेस सरकार को अपना यह निर्णय वापस लेना पड़ा था। अग्रवाल ने कहा कि मप्र की वर्तमान भाजपा सरकार और भारतीय जनता पार्टी का इस प्रकार की किसी भी योजना से कोई संबंध नहीं है। न तो भाजपा कभी महिलाओं के लिए अलग शराब दुकानें खोलने के पक्ष में रही है और न ही वर्तमान में इस संबंध में कोई प्रस्ताव विचाराधीन है। भारतीय जनता पार्टी सदैव नशामुक्त समाज की पक्षधर रही है।



**विधायक शर्मा कांग्रेस के आरोपों पर बोले-**

## कांग्रेस आपसी कलह से जनता का ध्यान हटाने रच रही झूठे प्रपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस नेता प्रवीण पाठक द्वारा दिल्ली में आयोजित पत्रकार-वार्ता में लगाए गए आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सनातन विरोधी कांग्रेस पार्टी और उसके नेता सिंहस्थ जैसे वैश्विक आयोजन के लिए कराए जाने वाले विकास कार्यों में रोड़ा अटकाने की साजिश कर रही है। सनातन विरोधी कांग्रेस पार्टी अपनी आंतरिक कलह से जनता का ध्यान भटकाने के लिए झूठे प्रपंच रच रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के आरोप पूरी तरह तथ्यहीन, आधारहीन और हताशा का प्रतीक हैं। कांग्रेस पार्टी का जनता से कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस पार्टी तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए पहले श्रीराम मंदिर अब उज्जैन सिंहस्थ के खिलाफ है। उज्जैन के महाकाल लोक के भव्य निर्माण और सिंहस्थ की तैयारियों से कांग्रेस के पेट में अभी से दर्द होने लगा है।



शर्मा ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक गौरव के पुनरुत्थान से कांग्रेस को हमेशा से तकलीफ रही है, इसीलिए वह विकास कार्यों पर सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में दिग्विजय सिंह और कमलनाथ को अपमानित करने वालों को बड़े से बड़ा पद दिया जाएगा अब यह तय हो चुका है।

**सहकारी प्रदर्शनी का मंत्री सारंग ने किया शुभारंभ**

## सहकारिता आंदोलन को जन जन तक पहुंचाएंगी प्रदर्शनी


हितग्राही महिला को उपहार भेंट करते मंत्री सारंग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सहकारी सप्ताह के अंतर्गत मप्र राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल की ओर से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सहकारी प्रदर्शनी का शुभारंभ गुरुवार को सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने किया। उन्होंने सहकारी संस्थाओं, राष्ट्रीय सहकारी संगठनों, शासकीय विभागों, महिला स्व-सहायता समूहों एवं उत्पादक संगठनों के स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने उत्पादों, नवाचारों एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर प्रतिनिधियों से संवाद किया तथा सहकारिता आर्थिक गतिविधियों को अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया।

**भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सिंह ने कहा-**

## डॉ. मुखर्जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने गुरूवार को ग्वालियर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर आयोजित स्मरण पखवाड़े के तहत जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।

डॉ. सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। भारत की अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रखर पुरोधा, महान शिक्षाविद् एवं दूरदर्शी राष्ट्रनायक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है।



### राष्ट्र सेवा को जीवन में आत्मसात करें कार्यकर्ता

डॉ. सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी की 125वीं जयंती संस्मरण पक्ष के अवसर पर प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाए और राष्ट्र सेवा के उनके संकल्प को अपने जीवन में आत्मसात करे। डॉ. सिंह ने भिंड में संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

---

**लाखों विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सुरक्षित डिजिटल व्यवहार का लिया संकल्प**

# सेफ क्लिक 2.0 के तहत प्रदेश भर के विद्यालयों में गूंजी साइबर सुरक्षा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशन में प्रदेश को साइबर अपराधों से सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से मप्र पुलिस की ओर से संचालित राज्यव्यापी सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को एक महत्वपूर्ण जन-जागरूकता पहल की गई।

स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य साइबर पुलिस के समन्वय से प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों में आयोजित प्रार्थना सभाओं के दौरान लाखों विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शैक्षणिक स्टाफ ने साइबर शपथ लेकर सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने का संकल्प लिया। प्रदेश भर में एक साथ आयोजित इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने तथा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। राजधानी भोपाल से लेकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक विद्यालयों में साइबर सुरक्षा का संदेश एक साथ प्रसारित हुआ और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस पहल में सहभागिता की।


स्कूल में अभियान के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारी व विद्यार्थी।

**सोशल मीडिया पर अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें**

साइबर शपथ के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं गोपनीय जानकारी, जैसे पासवर्ड, ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी तथा निजी विवरण किसी भी अनजान व्यक्ति से साझा नहीं करने, सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने, भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाएं साझा न करने, ऑनलाइन गेमिंग एवं चैटिंग के दौरान किसी भी प्रकार के लालच अथवा धमकी से प्रभावित न होने तथा किसी भी संदिग्ध साइबर गतिविधि अथवा साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने का संकल्प लिया।

### सावधानी आर्थिक, सामाजिक हानि से बचा सकती है

वर्तमान डिजिटल युग में बच्चे एवं युवा इंटरनेट, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म का व्यापक उपयोग कर रहे हैं। इसी कारण वे साइबर ठगी, ऑनलाइन उत्पीड़न, फर्जी लिंक, फेक न्यूज तथा अन्य साइबर अपराधों के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में यह जागरूकता विकसित करना कि डिजिटल दुनिया में प्रत्येक क्लिक सोच-समझकर करना आवश्यक है। थोड़ी-सी सावधानी उन्हें बड़ी आर्थिक एवं सामाजिक हानि से बचा सकती है।

**सिंह को अभियान से दूर रखने पर विचार**

## राम मंदिर और सीबीएसई परीक्षा पर कांग्रेस करेगी प्रेस कॉन्फ्रेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने राम मंदिर चंदा, नीट परीक्षा और सीबीएसई परीक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदेशव्यापी प्रेस कॉन्फ्रेंस अभियान शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत संभाग और जिला मुख्यालयों पर वरिष्ठ नेता सरकार को घेरेंगे। हालांकि, इस पूरी कवायद से पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह को दूर रखे जाने की चर्चा राजनीतिक गलियारों में तेज हो गई है।

दरअसल, उज्जैन के वीर भारत ट्रस्ट की जमीन को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा लगाए गए आरोपों पर दिग्विजय सिंह ने सार्वजनिक रूप से अलग रुख अपनाया था। इसके बाद पार्टी नेतृत्व ने नई रणनीति बनाई है। पहले इन मुद्दों पर दिग्विजय सिंह को भी प्रेस वार्ता की जिम्मेदारी देने की योजना थी, लेकिन हालिया घटनाक्रम के बाद उन्हें इस अभियान से अलग रखा गया है।







# पहली बारिश में ही 70 करोड़ के निगम मुख्यालय में भरा पानी

नस्तियों को निकालकर बाहर रखना पड़ा, पानी निकालने जुटे रहे कर्मचारी

निगम मुख्यालय के रोशनदान से गिरता पानी।



रोशनदान से इसी हॉल में गिरा पानी।



हॉल से पानी निकालता कर्मचारी।



बारिश के पानी से बचाने नस्तियां समेटते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**भवन के अंदर घुसा पानी**

राजधानी में हाल ही में करीब 70 करोड रुपए की लागत से बने नगर निगम के नए मुख्यालय की गुणवत्ता पहली ही बारिश में सवालों के घेरे में आ गई। बारिश के दौरान भवन में पानी भर गया, जिससे कार्यालय के भीतर जलभराव की स्थिति बन गई। इस घटना ने करोड़ों रुपए की लागत से बने नए भवन की निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। जिस भवन को आधुनिक सुविधाओं और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के उद्देश्य से तैयार किया गया था, वह पहली ही बारिश की परीक्षा में खरा नहीं उतर सका। भवन के अंदर पानी भरने की घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, निगरानी व्यवस्था और संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### लोहे का टीन और दीवार गिरने की हो चुकी घटना

निगम मुख्यालय के उद्घाटन के बाद से लगातार खामियां उजागर हो रही हैं । तेज हवा चलने से लोहे के टीन गिरने और आधुनिक लिफ्ट बंद होने की घटना हो चुकी है। इसके साथ दीवार गिरने से भी हादसा होने से बचा था।

## 40 मिनट में 20 मिमी बारिश 50 की रफ्तार से चली हवाएं

**भोपाल।** राजधानी में दोपहर बाद काले घने बादलों ने डेरा डाला और शाम 5 बजे से झमाझम बारिश शुरू हुई। शहर के अलग अलग हिस्सों में बारिश की रफ्तार भी अलग रही। इस बीच शाम 5 से रात 8:30 बजे के बीच शहर के अरेरा हिल्स में करीब 40 मिनट तक तेज बारिश हुई। इस दौरान यहां 20 मिमी बारिश हो गई। इस बीच बैरागढ़ आब्जर्वेटरी में 18 मिमी बारिश हुई है। करीब 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने शहर में तीन दर्जन से अधिक कॉलोनियों में बिजली गुल हो गई। बिजली कंपनी के अनुसार बारिश के दौरान पर कुछ देर बिजली सप्लाई बंद की गई थी। हालांकि, कंपनी के कॉल सेंटर पर देर रात तक करीब 300 से अधिक शिकायतें आने की बात कही गई है।



शाम 5 .15 बजे के करीब एमपी नगर में हुई जोरदार बारिश।

### खानूगांव में 6 को होगी बाढ़ प्रबंधन की मॉकड्रिल

**भोपाल।** बाढ़ से लोगों को बचाने 6 जुलाई को खानूगांव में बाढ़ प्रबंधन की मॉकड्रिल की जाएगी। अपर कलेक्टर सुमित पांडे ने इसके निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति से बचाव के लिए ड्रेनेज सिस्टम और नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री, नाव, लाइफ जैकेट और अन्य संसाधनों की अग्रिम उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।






कॉलोनियों में ही करना पड़ेगा कचरे का निपटारा, लगाना पड़ेंगे कंपोस्ट

# कचरा निपटान नहीं करने पर चलेगा 900 कॉलोनियों की वेलफेयर सोसाइटी पर केस

**पर्यावरणीय प्रबंधन समिति की बैठक में कलेक्टर ने दी हिदायत**

- ***अब स्पॉट फाइन नहीं, नगर निगम नए पर्यावरण कानून के तहत केस दर्ज करेगा***
- ***ध्वनि प्रदूषण को लेकर वाहनों के हॉर्न और साइलेंसर पर भी प्रभावी कार्वाई के कलेक्टर ने दिए निर्देश***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्र की कॉलोनियों में अब सौ किलो से अधिक कचरा निकालने वाली कॉलोनियों को खुद ही कचरे का निपटारा करना पड़ेगा। ऐसा नहीं करने पर नगर निगम स्पॉट फाइन नहीं बल्कि नए पर्यावरण कानून के तहत केस दर्ज करेगा। इस दायरे में सभी कॉलोनियों को रखा गया है, जिन कॉलोनियों में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) रजिस्टर्ड नहीं हैं, वहां इसे रजिस्टर्ड कराने की जिम्मेदारी एसडीएम की रहेगी। ध्वनि प्रदूषण को लेकर वाहनों के हॉर्न और साइलेंसर पर भी प्रभावी कार्वाई की जाए। यह बात गुरुवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पर्यावरणीय प्रबंधन समिति की बैठक में कही।

निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने बताया कि शहर की अधिकतर बड़ी कॉलोनियों में कचरा निपटान को लेकर कंपोस्ट सिस्टम लगाए गए हैं, जिससे कॉलोनियों का कचरा कॉलोनी में ही निपटान किया जा रहा है, मैरिज गार्डन, मॉल और अन्य व्यवसायिक संस्थाओं में भी कचरा निपटान के प्रोजेक्ट लगाए जा रहे हैं। गंदगी फैलाने वालों पर स्पॉट फाइन भी किया जा रहा है, जिस पर कलेक्टर ने कहा कि स्पॉट फाइन की जगह नए पर्यावणीय कानून के तहत केस दर्ज किया जाए, जिससे पर्यावरण को बचाया जा सके।




पर्यावरणीय कानून को लेकर आयोजित बैठक में निर्देश देते कलेक्टर प्रियंक मिश्रा।

### कलेक्टोरेट से हटेगी एक्यूआई मशीन

कलेक्टोरेट की नई बिल्डिंग निर्माण को लेकर कलेक्टोरेट में लगाई गई एक्यूआई मशीन का सेटअप हटाया जाएगा। बैठक में पर्यावरण विभाग के अफसरों ने बताया कि फिलहाल मशीन को यहां से हटाया जा रहा है, हालांकि मशीन को दूसरी जगह शिफ्ट करने के बारे में जानकारी नहीं दी गई। ऐसे में कोहेफिजा क्षेत्र से मिलने वाला पर्यावरण का डेटा नहीं मिल सकेगा।

### कमिश्नर बोलीं-तालाब में नहीं मिल रहे नाले, पीएसबी के अफसर बोले दिखवा लीजिए

पर्यावरण को लेकर जब बात शहर के बड़े तालाब में मिल रहे नालों पर आई तो निगम कमिश्नर ने कहा कि बड़े तालाब में नालों का पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रीट पानी ही तालाबों में जा रहा है, जिस पर पीएसबी के अफसरों ने कहा कि आप एक बार दिखवा लीजिए। कई जगहों पर सीवेज का पानी सीधे तालाब में जा रहा है।

**नोटिस के बाद भी आग से बचाव के इंतजाम नाकाफी**

# सात दिन में नहीं बदले फायर एक्टिंगुशर दुर्रानी और अन अकैडमी सेंटर सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छात्रों की सुरक्षा को लेकर एक हफ्ते पहले कोचिंग सेंटरों की जांच के बाद भी कोचिंग संचालकों ने इंतजाम नहीं किए हैं। आग से बचाव के इंतजाम नहीं करने को लेकर गुरुवार को नगर निगम की टीम ने दुर्रानी और अन ऐकेडमी का दोबारा से निरीक्षण किया, जहां सुधार नहीं मिलने पर छात्रों को बाहर निकालकर दोनों कोचिंग संस्थानों को सील कर दिया गया है। अब फायर प्लान पेश करने के बाद ही सील संस्थानों को खोला जाएगा। गुरुवार को एमपी नगर स्थित दुर्रानी अकादमी और अन एकैडमी सेंटर को सील कर दिया। दोनों संस्थानों को पहले ही फायर सुरक्षा संबंधी खामियों को दूर करने के लिए नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी सुधार नहीं किए गए।




दुर्रानी कोचिंग पर अग्निशमन यंत्रों की जांच करते कर्मचारी।

**इन कमियों पर हुई कार्वाई**

### एग्जिट दरवाजा और वेंटिलेशन नहीं मिला

जांच में सामने आया कि संस्थानों में आग से बचाव के लिए सुरक्षित निकासी (एग्जिट) की व्यवस्था नहीं थी। यहां रखे फायर एग्टिंगुशर भी एक्सपायर हो गए थे। वेंटिलेशन भी पर्याप्त नहीं था। जबकि यहां दो सौ से अधिक बच्चे पढ़ रहे थे।

### सुधार होने तक नहीं खुलेगी कोचिंग

डिप्टी कमिश्नर भुवन गुप्ता ने बताया कि जब तक दोनों संस्थान फायर सेफ्टी के मानकों का पालन नहीं करेंगे, तब तक उन्हें संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अचानक संस्थान सील होने से अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंता जताई। हालांकि अफसरों ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा।

**कलेक्टर की फटकार के बाद दोबारा रिपोर्ट की जा रही तैयार**

# छह सौ डंपर कोपरा निकालने की दोबारा जांच करने पहुंचीं खनिज इंस्पेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातातल के रोजीवे गांव में पंद्रह एकड़ जमीन को समतल करने की परमिशन लेकर छह सौ डंपर कोपरा निकालने पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने रिपोर्ट तलब की है। हालांकि खनिज इंस्पेक्टर सुचि माथुर की रिपोर्ट पर सवाल खड़े होने के बाद इंस्पेक्टर दोबारा से मौके पर जांच करने पहुंचीं, जहां उन्होंने अवैध उत्खनन को लेकर गड्ढे की लंबाई और चौड़ाई की नपती की।

इधर अवैध उत्खनन के मामले में जमीन मालिक हरिचरण और खदान से कोपरा बेचने वाले शैलेंद्र भदोरिया और शेखर पवार पर भी कार्वाई हो सकती है। अनुमति जिला खनिज अधिकारी मेहताब सिंह रावत ने दो महीने पहले दी थी। गुरुवार को दोबारा से पहुंची हुजूर के नायब तहसीलदार शुभम जैन की टीम ने अवैध खनन पकड़ा था, लेकिन मौके पर पहुंचीं खनिज इंस्पेक्टर ने शर्तों के उल्लंघन की रिपोर्ट बनाकर 12 डंपर छोड़ दिए। अवैध कोपरा निकालने को लेकर नापजोख भी नहीं की गई थी।

### दो पोकलेन जब्त, 12 डंपर नहीं किए जब्त

### खनिज अफसर के कहने पर छोड़े डंपर

गुरुवार को कलेक्टर की फटकार के बाद इंस्पेक्टर ने नापजोख कर अवैध उत्खनन को लेकर रिपोर्ट को दोबारा से बनाने का काम शुरू कर दिया है। एसडीएम विनोद सोनकिया का कहना है कि खनिज इंस्पेक्टर के कहने पर डंपरों को छोड़ा गया है। बताया जा रहा है कि जिला खनिज अधिकारी ने ही इंस्पेक्टर को डंपरों को जब्त नहीं करने के निर्देश दिए थे। इस तरह से खनिज विभाग के अफसरों की मिलीभगत से करीब छह सौ डंपर कोपरा निकालकर बाजार में 8 रुपए प्रति वर्गफीट के हिसाब से बेचा गया है। कलेक्टर का कहना है कि इस संबंध में रिपोर्ट तलब की है। खनिज अफसरों की लापरवाही सामने आने पर एक्शन लिया जाएगा।



फाइल फोटो

**जबरन दोस्ती का बना रहा था दबाव**

# छात्रा से घर में घुसकर छेड़छाड़ धक्का देकर नीचे गिराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित करोंद में एलएलबी की छात्रा के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने व मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपी पूर्व परिचित है और जबरन बात करने व दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। विरोध करने पर आरोपी ने धक्का देकर छात्रा को नीचे गिरा दिया। शोर सुनकर लोगों को आता देख आरोपी भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से जिला विदिशा निवासी 26 साल की युवती यहां करोंद इलाके में रहकर एलएलबी की पढ़ाई कर रही हैं। विगत 28 जून की दोपहर 12 बजे से साढ़े 12 बजे के बीच वह अपने घर पर थीं। घर का दरवाजा खुला हुआ था।

इस बीच युवती के गांव का रहने वाला रामू शर्मा नामक युवक वहां पहुंचा और दरवाजे पर खड़े होकर युवती से कहा कि तुम मुझसे बात क्यों नहीं कर रही हो।

### एक ही गांव का होने से करती थी बात

इस पर वो कहने लगा कि मैं गांव में तेरी बदनामी कर दूंगा। इस पर युवती ने उससे कहा कि मुझे तुमसे कोई बात नहीं करनी। तुम यहां से ले जाओ। तब रामू शर्मा ने बुरी नीयत से युवती का हाथ पकड़ लिया और उसे कमरे के भीतर धक्का देते हुए उसे नीचे गिरा दिया। युवती ने शोर मचाया तो मकान मालकिन वहां पहुंच गई। मकान मालकिन ने भी रामू शर्मा को देखकर शोर मचाया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग युवती के घर की ओर लपके तो आरोपी रामू वहां से भाग निकला। पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह आरोपी से परिचित है और एक ही गांव का होने की वजह से कभी-कभार उससे बात कर लेती थी। लेकिन उसे नहीं मालूम था कि आरोपी के मन में क्या चल रहा है।

**न्यायाधीश ने माना गंभीर अपराध**

# एचयूटी के सक्रिय सदस्य का जमानत आवेदन खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिज्ब उत तहरीर संगठन (एचयूटी) सदस्य अब्दुल रहमान आयु-32 वर्ष, निवासी धनकोटा स्नेह नगर, गोलकुंडा हैदराबाद की ओर से प्रस्तुत जमानत आवेदन को विशेष न्यायाधीश एनआईए डॉ. मुकेश मलिक ने अपराध गंभीर प्रकृति को देखते हुए निरस्त कर दिया है।

अभियुक्त के अधिवक्ता सिद्धार्थ वर्मा ने न्यायालय में कहा कि अभियुक्त निर्दोष है। अभियुक्त से केवल साधारण दस्तावेज, आधार कार्ड, ब्रियो आईटी कंपनी का विजिटिंग कार्ड जप्त किए गए हैं। कोई हथियार जप्त नहीं किया है।

एनआईए के विशेष लोक अभियोजक दीपेश जोशी ने आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि जांच में ज्ञात हुआ कि आरोपी अब्दुल रहमान हिज्ब उत तहरीर (एचयूटी) के हैदराबाद मॉड्यूल का एक सक्रिय और प्रतिबद्ध सदस्य था। उक्त संगठन को भारत सरकार द्वारा 10 अक्टूबर 2024 को गैरकानूनी और आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया था।

## अब भी खड़ी इमारतें, 15 दिन में शुरू होगी एफटीएल के 50 मीटर दायरे की नपती

मल्टी, विला और रिजॉर्ट मालिकों की आपत्ति के बाद निर्णय

# नौ महीने में तीसरी बार होगा बड़े तालाब का सर्वे, आलीशान इमारतों को हटाने में फंसा पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़े तालाब को बचाने की मुहिम एक बार फिर ठंडी पड़ती नजर आ रही है। टीएंडसीपी, नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम के सर्वे के बाद तालाब किनारे मल्टी स्टोरी बिल्डिंग, विला, बंग्ले और रिजार्ट मालिकों ने सीमांकन पर आपत्तियां पेश की हैं, जिसके बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने तालाब का दोबारा से सर्वे कराने की बात कही है। इस तरह से पिछले नौ माह में तालाब का तीसरी बार सर्वे होगा, लेकिन निजी जमीनों पर बनी आलीशान इमारतें अब तक वहीं खड़ी हैं।

### एजेंसियों के सर्वे में अंतर का आरोप

*अक्टूबर माह में एनजीटी की सख्ती के बाद बैरागढ़ एसडीएम ने कोहेफिजा और खानूगांव में बड़े तालाब का सीमांकन शुरू किया गया था, लेकिन दो दिन बाद ही बारिश की वजह से कीचड़ और दलदल का हवाला देकर काम रोका गया था। इसके बाद फरवरी माह में दोबारा से काम शुरू किया गया। टीएंडसीपी ने राजस्व विभाग के नक्शे में तालाब का नया नक्शा इंपोज कर दिया। जिसके आधार पर डीजीपीएस के आधार पर सीमांकन कराया गया। पुरानी मुनारों और नए प्वाइंट को लेकर अतिक्रमण की जद में आ रहे मकान मालिकों ने आपत्ति पेश की थीं। रहवासियों का कहना है कि नौ साल पहले नगर निगम ने तालाब के एफटीएल की मुनारे लगाई थीं, लेकिन हाल ही में हुए सर्वे में मुनारों को पीछे छोड़ दिया गया है। ऐसे में सरकारी एजेंसियों के सर्वे में ही अंतर सामने आ रहा है।*

### *पहले लगाई थीं 943 मुनारें*

*बड़े तालाब के सीमांकन के लिए अलग-अलग समय पर मुनारें लगाईं गईं। रिकॉर्ड में 943 मुनारें लगी होने की जानकारी है। 2016 में एनजीटी के निर्देश पर सर्वे हुआ तो 337 मुनारें पानी में डूबी थीं, यानी ये एफटीएल के भीतर लगाई गई थीं, जिसमें से 141 गायब थीं।*

### कोहेफिजा, खानूगांव में सबसे ज्यादा 37 बड़े अतिक्रमण

तालाब के नए सीमांकन में वीआईपी रोड पर पूर्व पार्षद माहिरा सलामुद्दीन के पति का बंगला, कोचिंग सेंटर सहित एक दर्जन मकान जद में आ रहे हैं, जबकि करबला पर राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का सरकारी बंगला, लेक कोर्टयार्ड हाइट्स और एक अन्य मल्टी स्टोरी बिल्डिंग भी पचास मीटर के दायरे में आई हैं। करबला के आगे नशेमन लेक पैराडाइज बिल्डिंग, शफीक खान, इम्तेयाज और आगा अब्दुल कय्यूम के विला भी पचास फीट तक दायरे में हैं।

### एफटीएल भी देख लेंगे

तालाब के 50 मीटर दायरे में आने वाले अतिक्रमणों को लेकर आपत्तियां आई हैं, जिसके आधार पर दोबारा से सर्वे करा लिया जाएगा। आपत्तियों का निराकरण करेंगे। बारिश में तालाब भरने से उसके एफटीएल के बारे में भी जानकारी मिल जाएगी। अगले पंद्रह दिनों में आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा।

**प्रियंक मिश्रा,** कलेक्टर

## जैकेट का शेष

### कम पानी और कम ...

किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कृषि वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों के सुझावों को प्रभावी ढंग से किसानों तक पहुंचाया जाए, जिससे वे स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप उपयुक्त फसल का चयन कर सकें। इसके लिए कृषि विस्तार तंत्र को और अधिक सक्रिय बनाया जाए। संभावित अल्प वर्षा की स्थिति पर सतत निगरानी रखें। जल विद्युत एवं जलाशय प्रबंधन के तहत सभी प्रमुख जलाशयों (इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, बाणसागर, गांधीसागर) के लिए रूल कर्व का कड़ाई से पालन करने व जल उपयोग की प्राथमिकता दी जाएगी। पहले पेयजल, फिर सिंचाई, फिर विद्युत उत्पादन का स्पष्ट प्रोटोकॉल तय किया जा रहा है। रियल-टाइम मॉनिटरिंग एवं पूर्व चेतावनी प्रणाली के लिए राज्य स्तरीय जल डैशबोर्ड बनाए जाएंगे। योजना तैयार कर विभागीय पोर्टल पर अपलोड कराएं।

### जल संकट आकस्मिक ...

प्रशिक्षण अभी से पूर्ण; डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं सैटेलाइट इमेजरी आधारित क्षति आंकलन प्रणाली का सत्यापन कराया जाएगा, जिससे सर्वे 15 दिवस में पूरा हो सके।

### अमरनाथ यात्रा पर ...

यात्रा मार्गों की कड़ी निगरानी के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों की 670 कंपनियां तैनात की गई हैं। मुख्य रास्तों और लिंक रोड पर सुरक्षा चौकियों के अलावा स्नाइपर्स और वैली कमांडोज को तैनात किया गया है।

**57 दिनों तक चलेगी यात्रा:** यह पवित्र यात्रा आधिकारिक तौर पर 3 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने खुद भगवती नगर यात्री निवास पहुंचकर सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, ठहरने की व्यवस्था, बिजली-पानी और साफ-सफाई का बारीकी से निरीक्षण किया था। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भारी भीड़ को देखते हुए स्टाफ मुस्तैद रहे और भगवती नगर व तवी रिवरफ्रंट पर लगातार जरूरी अनाउंसमेंट की जाए।

### तीन तलाक देकर ..

लंबे समय से उसे और बच्चों को प्रताड़ित कर रहा था। वह अक्सर देर रात घर लौटता था और विरोध करने पर मारपीट करता था। भाई की शादी के दौरान आरोपी ने अचानक पहुंचकर तीन तलाक कहा और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने शुरू की जांच गढ़ा थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने पीड़िता को उचित और सख्त कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। गौरतलब है कि जबलपुर में मोबाइल और वॉइस मैसेज के जरिए भी तीन तलाक के मामले सामने आ चुके हैं, जिससे क्षेत्र में इस कानून के उल्लंघन की घटनाएं लगातार चर्चा में हैं।

### महिला को अर्धनग्न कर ...

मांग को लेकर गांव पहुंची, तो उसके पुराने ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे रास्ते में ही रोक लिया। आरोप है कि उन्होंने महिला के साथ बेरहमी से मारपीट की, उसके कपड़े फाड़ दिए और उसे अपमानित करने के लिए अर्धनग्न अवस्था में पूरे गांव में घुमाया।

पुलिस की कार्रवाई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मारपीट, महिला की गरिमा भंग करने और आपराधिक धमकी सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण और बयान दर्ज करा लिए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए फरार 8 अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

### सोनम की जमानत ...

कारण गिरफ्तारी के आधार से जुड़े दस्तावेज में गलत प्रावधान दर्ज हो गया था, जिसे आधार बनाकर जमानत दी गई। सरकार ने सोनम के देश से भागने की आशंका भी जताई है। इससे पहले, 29 जून को मेघालय हाई कोर्ट ने सोनम की जमानत बरकरार रखी थी। इंदौर का यह नवविवाहित जोड़ा मई 2025 में मेघालय के सोहरा (चेरापूंजी) घूमने गया था। आरोप है कि सोनम रघुवंशी ने वित्तीय लाभ के लिए साजिश रची और पति राजा रघुवंशी को ऊंची पहाड़ी से गहरी खाई में धकेल कर उसकी हत्या कर दी।

## पेज एक का शेष

### चंपत राय और...

कहा है कि, पुलिस ने एफआईआरदर्ज करने का आश्वासन दिया है। फिलहाल शिकायत दर्ज हुई है, प्राथमिकी अभी तक पंजीकृत नहीं हुई है। अयोध्या बार एसोसिएशन के सेक्रेटरी शैलेंद्र कुमार जायसवाल ने कहा कि संघ के आदेश पर हम यहां (पुलिस थाना) आए थे। हम से कहा गया था कि तहरीर दे दीजिए, एफआईआर पंजीकृत कराएं। कुल ढाई हजार अधिवक्ता थे। वे वापस चले गए हैं, हम 10-12 यहां आए हैं। प्रार्थना पत्र यहां दिया है। चंपत राय श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव हैं। डॉ. अनिल मिश्रा ट्रस्ट के सदस्य और गोपाल राव व्यवस्थापक हैं। बार एसोसिएशन ने दान चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए 8 आरोपियों का केस नहीं लड़ने का फैसला भी लिया है। इस पूरे मामले में ट्रस्ट के लिए सबसे बड़ी मुसीबत दान में मिले सोने-चांदी के जेवरात का पूरा ब्योरा देने में खड़ी होने वाली है। सूत्रों का दावा है कि ट्रस्ट ने इन कीमती जेवरातों का आज तक कोई ऑडिट ही नहीं कराया है।

### 125 सिफारिशी ...

राय की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इसके साथ ही मंदिर के निर्माण कार्य में भी भारी कमीशन लेने के गंभीर आरोप लगे हैं, जिससे अनिल मिश्रा पर कानून का शिकंजा कस सकता है।

### जापान भारत में...

की कि जापान अगले 10 वर्षों में भारत में 10 ट्रिलियन येन का निवेश करेगा और देश में कार्यरत जापानी कंपनियों की संख्या दोगुनी हो जाएगी। जापान की प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें अपनी छोटी बहन कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ताकाइची जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं। वह एक दूरदर्शी और बेहद लोकप्रिय नेता हैं। वह जापान के नारा प्रीफेक्चर से आती हैं, जो भारत और जापान की साझा बौद्ध विरासत का एक बेहद महत्वपूर्ण और पवित्र केंद्र है।

**नौसेना रेडियो एंटीना 'यूनिकॉर्न' से जुड़ी परियोजना नया अध्याय:** पीएम मोदी ने कहा कि भारत और जापान ने एआई में सहयोग के लिए महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। जापान की सटीक प्रौद्योगिकी और भारत की सॉफ्टवेयर क्षमताओं का संगम वैश्विक एआई विकास को एक नई गति और शक्ति प्रदान करेगा। नौसेना रेडियो एंटीना 'यूनिकॉर्न' से जुड़ी यह परियोजना हमारी रक्षा प्रौद्योगिकी साझेदारी में एक नया अध्याय खोलेगी। फार्मास्यूटिकल्स, मेडिकल डिवाइसेस और बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में हस्ताक्षरित समझौतों के माध्यम से हम वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा में भी योगदान देंगे।

**वैश्विक उथल-पुथल के दौर में आपसी विश्वास ही सबसे बड़ी रणनीतिक पूंजी:** वैश्विक परिदृश्य का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने हाल ही में संपन्न हुए जी7 शिखर सम्मेलन की अपनी बात को दोहराया। उन्होंने कहा कि आज के वैश्विक उथल-पुथल के दौर में आपसी विश्वास ही सबसे बड़ी रणनीतिक पूंजी है। भारत-जापान संबंध इस कसौटी

पर पूरी तरह खरे उतरते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले कई दशकों में ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स सहित अनेक क्षेत्रों में जापान ने भारत के विकास में जो उल्लेखनीय योगदान दिया है, उसी ने आज दोनों देशों के बीच मित्रता और अटूट विश्वास की मजबूत नींव तैयार की है।

### मप्र के 5 ....

का एक हिस्सा ढह गया। खदान मालिक ने मुआवजा देने पर सहमति जताई है। खान एवं भूविज्ञान विभाग के अधिकारी रंगप्पा ने बताया कि उन्होंने खदान मालिक से मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए और घायलों को पांच-पांच लाख रुपए देने के लिए कहा, जिस पर उसने सहमति दे दी है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि राज्य में खनन गतिविधियों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। उन्होंने कहा कि शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार हादसा ब्लास्टिंग से नहीं, बल्कि मिट्टी के खिसकने के कारण हुआ है।

### सनी बोले ...

जब भी मौका मिलेगा, उन्हें अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अच्छी बात यह है कि वह टीम के सीनियर खिलाड़ियों से काफी कुछ सीख रहे हैं। अगर इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाकी मैचों में वैभव को मौका मिलता है, तो वह मेंस टी20 इंटरनेशनल खेलने वाले दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे। फिलहाल यह रिकॉर्ड आयरलैंड के जोशुआ लिटिल (16 साल 309 दिन) के नाम है। साथ ही वह सचिन तेंदुलकर (16 साल) को पछाड़कर भारत के सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी बनेंगे।

### बद्रीनाथ-केदारनाथ....

रही बारिश के चलते गुरुवार सुबह 9:44 बजे यह घटना हुई, जिससे केदारनाथ धाम जाने वाले यात्रियों का आवागमन रुक गया है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन ने एहतियातन मार्ग पर यातायात और पैदल आवाजाही को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से रोक दिया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि पहाड़ी से मलबा और बोल्डर आने के कारण मुनकटिया के पास मार्ग अवरुद्ध हुआ है। संबंधित विभाग की टीमें जेसीबी मशीनों के साथ मलबा और बड़े पत्थर हटाने के कार्य में जुटी हैं। मार्ग पूरी तरह सुचारु और सुरक्षित होने के बाद ही यातायात फिर से शुरू किया जाएगा। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और मार्ग खुलने की आधिकारिक सूचना का इंतजार करें।

### राउंड ऑफ-16 ....

और नीदरलैंड्स जैसे दिग्गजों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। टूर्नामेंट के सबसे रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम ने सेनेगल को एक्स्ट्रा टाइम (124वें मिनट) में टाइलेमांस के पेनल्टी गोल की बदौलत 3-2 से हराया। वहीं, इंग्लैंड ने कप्तान हैरी केन के दो देर से किए गए गोलों के दम पर डीआर कांगो को 2-1 से शिकस्त दी। दूसरी ओर, चार बार की विश्व चैंपियन जर्मनी को पराग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। नीदरलैंड्स को भी मोरक्को के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, अमेरिका ने एक खिलाड़ी को रेड कार्ड मिलने के बावजूद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए बोस्निया को 2-0 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। अब सबकी नजरें बाकी बचे 6 स्थानों पर टिकी हैं।

### गजराज ने बाइक....

कहना है कि दोनों युवक शराब के नशे में थे और मना करने के बावजूद हाथी के बेहद करीब जाकर छेड़छाड़ कर रहे थे, जिससे नाराज होकर हाथी ने उन पर हमला कर दिया।

### घायलों ने माना-...

हादसा सबक है कि वन्यजीवों के ज्यादा करीब जाना जानलेवा साबित हो सकता है।

### 9 सदस्यीय समिति ...

निर्भरता कम करने के लिए प्रवेश परीक्षाओं के सिलेबस को स्कूल के पाठ्यक्रम के और करीब लाने का सुझाव दिया गया है। इसके अलावा, छात्रों को एक से अधिक बार परीक्षा का मौका देने और कंप्यूटर आधारित एडाप्टिव ऑन-डिमांड परीक्षा प्रणाली लागू करने पर भी विचार हो रहा है। यह पूरा प्रस्ताव अभी विचाराधीन है और अगले कुछ हफ्तों में समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद केंद्र सरकार इस पर अंतिम फैसला लेगी।

MADHYA PRADESH ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
MPRDC
(Govt. of Madhya Pradesh Undertaking)
45-A, Arera Hills, Bhopal-462011, Madhya Pradesh
Tel.: (O) 0755-2765205, 2527202-299 (PRL Line)
Fax : + 91-755-2572643, Website : www.mprdc.nic.in
CIN No. : U45203MP2004SGC016758

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम काष्ठ घोष विक्रय सूचना

विज्ञापन क्र. 01 वेबसाइट **https://mprdc.gov.in** नीलाम स्थल ग्राम धमनिया, पोस्ट खजुरी, भोपाल-462002 दिनांक 10.07.2026 लट्ठा (सतकठा प्रजाति) लगभग 135.00 घन मीटर, जलाऊ चट्टे 60 नग। नीलाम से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है।
**नोट :** नीलाम प्रातः 11.00 बजे से प्रारंभ होगा, किसी भी प्रकार के प्रस्तावित संशोधन हेतु नीलाम दिनांक से पूर्व, वेबसाइट को अवश्य देख लेवें।
म.प्र. माध्यम/126693/2026 **संभागीय प्रबंधक**

OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL
Sewage Department - SECTION -1
NOTICE INVITING e-TENDER
N.I.T. NO.07/GS/BMC/2026 Dated-02.07.2026
Online percentage/item rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs) | Earnest Money Deposit (EMD)(In Rs) | Cost of bid Document (In Rs) | Period of completion (in Months) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_518917_1 | REPAIRING AND PAINTING OF FENCING AND PATHWAY PF PLAY EQUIPMENTS OPEN GYM EQUIPMENTS BENCHES AT PARK NEAR WARD OFFICE 83 ZONE 18 | 12,27,497/- | 9,206/- | 2000/- | 2 month |
| 2 | 2026_UAD_519001_1 | Maintenance work at park in front of NADI KA GHAR, Shivaji nagar near Parul Hospital ward 43 zone 12 | 2,20,071/- | 2,201/- | 2000/- | 1 month |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/ 2. The Bid Document can be purchased only online
Executive Engineer
T.N. 386/026/027 Municipal Corporation, Bhopal, District Bhopal




गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE
B.A., BCA, BBA
BPES, BSC,
B.Com (Economics/ Computer)

PG COURSE
M.A: HINDI, ENGLISH, MATHS, ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)
DIPLOMA COURSE
PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288
पता: डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल | www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लासेस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है।
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY
एक साल तक फ्री
और साथ में Free DCA, PGDCA की All Subject की Books, Q Bank Notes आदि भी फ्री उपलब्ध है।
ONLY LIBRARY 299/- Rs. PER MONTH
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी
(अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
PLOT NO. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षों का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


आवश्यकता
भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 500- रू 1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के। जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955
R- 01,02,05,06,08

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs.40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9977912473

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।


**धनु** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

## शब्द पहेली - 6275



बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
34. उदाहरणार्थ-4
35. पितृपक्ष-4

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 6274 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | प | ट | ना | ■ | ज | ■ | अ | प | रा | ध |
| ■ | ल | ■ | म | ■ | ना | वि | क | ■ | ल | ड़ |
| ह | ■ | ■ | ज | ल | न | ■ | ल | ■ | ■ | क |
| म | क | स | द | ■ | खा | ना | ■ | थ | का | न |
| रा | ■ | ब | ■ | म | न | ■ | ध्व | ■ | लि | ■ |
| ज | प | क | र | ना | ■ | रा | ज | कु | मा | र |
| ■ | ह | ■ | वा | ■ | या | त्री | ■ | लीं | ■ | वा |
| क | रा | र | ■ | न | न | ■ | अ | न | ब | न |
| म | ■ | ■ | ज | ■ | चा | क | र | ■ | ■ | गी |
| सि | ला | ■ | ह | म | ल | ■ | दा | ■ | सां | ■ |
| न | क | सी | र | ■ | क | ■ | स | दा | चा | र |

## सूडोकु नवताल - 6285

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6284 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### जेएसडब्ल्यू एमजी ने की सर्वाधिक होलसेल बिक्री

**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने जून 2026 में अब तक का बेहतरीन थोक बिक्री प्रदर्शन दर्ज किया है। जून 2025 की तुलना में जून 2026 में 30 फीसदी साल-दर-साल वृद्धि के साथ, कार निर्माता ने इस महीने 7,568 यूनिट्स सेल किए हैं। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के विविध प्रोडक्ट पोर्टफोलियो की शानदार स्वीकार्यता को दिखाता है, जिसमें इंटरनल कंबशन इंजन और न्यू एनर्जी व्हीकल दोनों मॉडल शामिल हैं।

### क्यूपिड का राजस्व 150 करोड़ रु.से अधिक

**मुंबई।** क्यूपिड लिमिटेड (कंपनी) वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 150 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व दर्ज करने की राह पर है। यह कंपनी के इतिहास के सबसे मजबूत तिमाही प्रदर्शन में से एक होगा। वित्त वर्ष की इस शानदार शुरुआत और अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू बाजारों में बेहतर कारोबारी संभावनाओं को देखते हुए प्रबंधन ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने राजस्व अनुमान को न्यूनतम 10 फीसदी बढ़ा दिया है।

### प्रिज्म ने आईपीओ के दास्तवेज किए दाखिल

**मुंबई।** कंपनी प्रिज्म (ओयो की मूल कंपनी) ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर दिया है। कंपनी का आईपीओ 6,650 करोड़ रुपए के फ्रेश इश्यू पर आधारित होगा। यूडीआरएचपी-1 के अनुसार प्रिज्म ने 748 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

### इन्विक्टा डायग्नोस्टिक का सेंटर पुणे में शुरू

**मुंबई।** इन्विक्टा डायग्नोस्टिक लिमिटेड ने अपनी सहायक कंपनी पोर्टियस मेडिकल एलएलपी के माध्यम से पुणे स्थित अपने नए डायग्नोस्टिक सेंटर में वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने की घोषणा की है। पुणे सेंटर के शुरू होने से कंपनी की मौजूदगी मुंबई महानगर क्षेत्र से आगे और मजबूत हुई है। इस केंद्र में एमआरआई, मैमोग्राफी, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी , पैथोलॉजी, टीएमटी और एक्स-रे सहित व्यापक डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध हैं।

### टाटा ईवी ने लांच की ऑल-न्यू सिएरा-ईवी

**मुंबई।** टाटा.ईवी ने अपनी प्रतिष्ठित एसयूवी सिएरा.ईवी को नए अवतार में लांच कर दिया है। कंपनी ने इस आइकॉनिक मॉडल को आधुनिक डिजाइन, अगली पीढ़ी की इलेक्ट्रिक तकनीक, स्मार्ट फीचर्स और डिजिटल अनुभवों के साथ पेश किया है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 18.79 लाख रुपए रखी गई है। टाटा.ईवी का कहना है कि सिएरा.ईवी आधुनिक एसयूवी की नई पहचान बनेगी।

### बेंगलुरु में बनेगा द परफॉर्मेंस इंस्टीट्यूट

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत बेंगलुरु में एक्सिस बैंक–गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन द परफॉर्मेंस इंस्टीट्यूट स्थापना की जाएगी। जिसका उद्देश्य खेल विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देकर भारत की खेल क्षमताओं को मजबूत करना तथा भारतीय खेलों के दीर्घकालिक विकास को गति देना है।

### हिंदुस्तान जिंक ने रेयर अर्थ की खोज को बढ़ाया

**मुंबई।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने सोनभद्र जिले के नवाटोला लाबंद रेयर अर्थ एलिमेंट्स ब्लॉक के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ कंपोजिट लाइसेंस का करार किया है। यह कदम कंपनी द्वारा भारत के पहले पोटाश ब्लॉक और रेयर अर्थ एलिमेंट्स ब्लॉक में से एक को हासिल करने की पिछली घोषणा के बाद उठाया गया है। 210.01 हेक्टेयर में फैला नवाटोला लाबंद आरईई ब्लॉक उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में स्थित है।

---

## 71वें बैंक दिवस के अवसर पर एआई-संचालित डिजिटल नवाचारों की एक व्यापक श्रृंखला की घोषणा

# एसबीआई ने दी खुदरा और व्यावसायिक ग्राहकों के लिए एआई-संचालित बैंकिंग को गति, 53 करोड़ से अधिक ग्राहक

◆ एसबीआई के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार बैंकिंग अनुभवों को नई परिभाषा दे रहे हैं और बैंक अपनी 'कस्टमर फर्स्ट, डिजिटल फर्स्ट, नेशन ऑलवेज' रणनीति को आगे बढ़ा रहा है

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने 71वें बैंक दिवस के अवसर पर एआई-संचालित डिजिटल नवाचारों की एक व्यापक श्रृंखला की घोषणा की। इन पहलों का उद्देश्य खुदरा और व्यावसायिक बैंकिंग को और मजबूत बनाना तथा 53 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सहज, बुद्धिमान और भविष्य के अनुरूप बैंकिंग अनुभव प्रदान करना है।

» व्यक्तियों व्यवसायों और उद्यमों के लिए बैंकिंग अनुभवों को नए सिरे से परिभाषित कर रहा एसबीआई


71वें बैंक दिवस के अवसर

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहाकि देश की सेवा के 71 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हमारा ध्यान एक प्रौद्योगिकी-संचालित और ग्राहक-केंद्रित बैंक के निर्माण पर केंद्रित है, जो लगातार व्यक्तियों, व्यवसायों और उद्यमों के लिए बैंकिंग अनुभवों को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। उल्लेखनीय बैंक ने योनो पर उद्योग की पहली सस्टेनेबिलिटी जर्नी भी शुरू की है, जिसके माध्यम से ग्राहक डिजिटल बैंकिंग लेन-देन से बचाए गए कार्बन उत्सर्जन को ट्रैक कर सकते हैं और अपना मासिक ग्रीन स्कोर देख सकते हैं। इसके साथ ही फाइनेंशियल फिटनेस सुविधा भी शुरू की गई है, जो ग्राहकों को खातों, ऋणों, निवेश, बीमा और खर्च के पैटर्न का एकीकृत दृष्टिकोण प्रदान करती है।

### अधिकारियों ने ग्राहक सेवा और राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता दोहराई

भारतीय स्टेट बैंक का 71वां स्थापना दिवस भोपाल स्थित स्थानीय प्रधान कार्यालय में उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक प्रभाष कुमार सुबुद्धि सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्कृष्ट ग्राहक सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इसके बाद मुख्य महाप्रबंधक ने स्थानीय प्रधान कार्यालय में अत्याधुनिक डिजिटल स्क्रीन और फायर हाइड्रेंट सिस्टम का उद्घाटन किया। समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. नारायण व्यास, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सेवानिवृत्त अधीक्षण पुरातत्वविद्, तथा सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी एवं पूर्व पुलिस महानिदेशक पवन जैन का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्रोइंग अप विद एसबीआई गतिविधि के विजेताओं और बैंक के उत्कृष्ट खिलाड़ी कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभाष कुमार सुबुद्धि ने बैंक की 71 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, तकनीकी नवाचार, ग्राहक सेवा और कर्मचारियों के समर्पण को एसबीआई की सबसे बड़ी ताकत बताया।



कर्मचारियों का सेवा–समर्पण पर सम्मान

---

## डिजाइन, साइज के हिसाब से कीमत

### मानसून की आहटः शहर में सड़क किनारे बढ़ी रंग-बिरंगे छातों की बिक्री

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मानसून की आहट के साथ ही राजधानी भोपाल में मौसम का रंग बदलने लगा है। बारिश की संभावना बढ़ते ही शहर के प्रमुख बाजारों और सड़क किनारे रंग-बिरंगी छातों की बिक्री शुरू हो गई है।

पुटपाथों और फुटपाथी बाजारों में तरह-तरह की छतरियों की दुकानें सजने लगी हैं। व्यापारियों का कहना है कि हर साल मानसून से पहले छातों की मांग अचानक बढ़ जाती है। इस बार भी बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए अलग-अलग डिजाइन, साइज और कीमतों वाली छतरियां बाजार में उपलब्ध हैं। कुछ छतरियां हल्की और फोल्डेबल हैं, जबकि कुछ मजबूत और लंबे समय तक चलने वाली बताई जा रही हैं। भोपाल के मुख्य बाजारों और बस स्टैंड क्षेत्रों में सुबह से ही ग्राहकों की आवाजाही बढने लगी है। फुटपाथी दुकानदारों का कहना है कि मौसम में बदलाव के साथ बिक्री में और तेजी आने की उम्मीद है। ग्राहकों का कहना है कि बारिश के मौसम में छाता जरूरी हो जाता है, ऐसे में लोग समय रहते खरीदारी कर लेते हैं। वहीं, छोटे व्यापारियों को भी इस सीजन से अच्छी आमदनी की उम्मीद रहती है।

### मक्का किसानों के लिए खरपतवारनाशक अशिताका पेश

**मुंबई ।** मध्य प्रदेश में मक्का की खेती कर रहे किसानों के लिए फसल की शुरुआती अवस्था को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए गोदरेज एग्रोवेट ने समय पर खरपतवार नियंत्रण की आवश्यकता पर जोर दिया है। कंपनी का कहना है कि यदि खरपतवार 2 से 4 पत्तियों की अवस्था में पहुंच चुके हैं, तो यही वह समय है जब प्रभावी नियंत्रण कर फसल को बेहतर शुरुआत दी जा सकती है। इसी उद्देश्य से गोदरेज एग्रोवेट ने आईकेएस जापान के सहयोग से मक्का फसल के लिए विशेष रूप से विकसित खरपतवारनाशक 'अशिताका' पेश किया है।

---

## मंडी शुल्क में बदलाव पर बढ़ा विवाद

# कपास पर राहत और बाकी फसलों पर बढ़े शुल्क से किसान-व्यापारी नाराज

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क में किए गए बदलाव को लेकर प्रदेशभर में विवाद गहरा गया है। 16 जून को जारी अधिसूचना के तहत कपास पर मंडी शुल्क 1 प्रतिशत से घटाकर 0.50 प्रतिशत कर दिया गया, जबकि गेहूं, चना, सोयाबीन, दलहन, तिलहन, मसाले, फल और सब्जियों सहित अन्य सभी कृषि उपजों पर मंडी शुल्क 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.50 प्रतिशत कर दिया गया है। इस फैसले के बाद मालवा, महाकौशल, विंध्य, चंबल और बुंदेलखंड के किसान व व्यापारी सरकार पर क्षेत्रीय भेदभाव का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि कपास की खेती मुख्य रूप से निमाड़ क्षेत्र में होती है, जिससे वहां के किसानों और व्यापारियों को राहत मिली है, जबकि अन्य क्षेत्रों के किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

**कपास व्यापारियों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया**


फाइल फोटो

» **व्यापारियों ने जताया विरोध**

मंडी शुल्क बढ़ाए जाने के विरोध में बीते सप्ताह प्रदेशभर की मंडियों में एक दिन का बंद रखा था। प्रदेश के सकल अनाज-तिलहन व्यापारी महासंघ ने शुल्क में वृद्धि वापस लेने की मांग की है। वहीं, निमाड़ के जिनिंग मिल संचालकों और कपास व्यापारियों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया और भोपाल पहुंचकर जनप्रतिनिधियों का आभार भी जताया। अनाज-तिलहन व्यापारी संघ के समीर भार्गव का कहना है कि बढ़े हुए मंडी शुल्क का सीधा असर किसानों और उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

**अगले सप्ताह होगी प्रदेश स्तरीय बैठक**

अनाज-तिलहन व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष मनोज काला ने अगले सप्ताह प्रदेश स्तरीय बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। बैठक में आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी। व्यापारियों का कहना है कि यदि सरकार ने शुल्क वृद्धि वापस नहीं ली, तो प्रदेशभर की कृषि उपज मंडियों को बंद करने जैसे बड़े आंदोलन का फैसला लिया जा सकता है।


आईएनए सोलर समझौता

### नर्मदापुरम प्लांट को मिलेगी अल्ट्रा हाई प्योरिटी नाइट्रोजन

**भोपाल।** आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने इंसोलेशन ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के साथ 15 वर्षों के लिए दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता किया है। इस करार के तहत मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम में स्थापित किए जा रहे 4.5 गीगावॉट क्षमता वाले सोलर सेल निर्माण संयंत्र को अल्ट्रा हाई प्योरिटी नाइट्रोजन की आपूर्ति की जाएगी। आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स अपनी नर्मदापुरम स्थित मौजूदा एयर सेपरेशन यूनिट से समर्पित पाइपलाइन नेटवर्क तैयार करेगा। प्लांट को हर घंटे 2,400 एनएम अल्ट्रा हाई प्योरिटी नाइट्रोजन की लगातार और भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। यह गैस आधुनिक सोलर सेल निर्माण प्रक्रिया में गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### रॉयल एनफील्ड ने पेश किया हिमालयन बेसकैंप

**नई दिल्ली।** रॉयल एनफील्ड इस सितंबर एक खास अनुभव लेकर आ रही है। कंपनी ने अपने पहले हिमालयन बेसकैंप लद्दाख एडिशन की घोषणा की है, जो लद्दाख में 11,480 फीट की ऊंचाई पर आयोजित किया जाएगा। रॉयल एनफील्ड के आध्यात्मिक घर माने जाने वाले लद्दाख में आयोजित होने वाला यह बेसकैंप राइडर्स, पर्वतारोहियों, ओवरलैंडर्स, कायाकर्स और अन्य एडवेंचर प्रेमियों को एक मंच पर लाएगा। आयोजन का उद्देश्य प्रतिभागियों को हिमालय की ऊंचाइयों, लंबी दूरी की यात्राओं और अनदेखे इलाकों की खोज का अनूठा अनुभव प्रदान करना है ।

### ब्राइट आउटडोर ने लगाया नया लैंडमार्क होर्डिंग

**मुंबई।** ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेडने मुंबई महानगर क्षेत्र के मीरा–भायंदर कॉरिडोर में एक नया प्रीमियम लैंडमार्क होर्डिंग स्थापित कर अपनी आउट-ऑफ-होमविज्ञापन उपस्थिति को और मजबूत किया है। कंपनी का कहना है कि यह विस्तार विज्ञापनदाताओं को अधिक दृश्यता और प्रभावी ब्रांडिंग का अवसर प्रदान करेगा।नया होर्डिंग 30×30 फीट आकार का है और आगे व पीछे दोनों ओर विज्ञापन प्रदर्शन की सुविधा के साथ कुल 1,800 वर्ग फुट का हाई-इम्पैक्ट विज्ञापन स्पेस उपलब्ध कराता है।

---

## बिजनेस न्यूज


### मानसरोवर आयुर्वेदिक ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**भोपाल।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के काय चिकित्सा एवं शालाक्य तंत्र विभाग द्वारा गौरव नगर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।



शिविर में स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य परामर्श और निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। विर का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत के संरक्षण तथा वरिष्ठ प्राध्यापकों डॉ. एन. के. प्रसाद, डॉ. अनिल शुक्ला और डॉ. सौरभ मेहता के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्सक के रूप में डॉ. प्रेरणा तिवारी, डॉ. राजेंद्र सिंह पटेल और डॉ. नितेश कुमार कसेर ने अपनी सेवाएं दीं। वहीं, सहायक चिकित्सकों डॉ. भाव्या सिंह राणा और डॉ. डेलेंद्र बिसेन ने भी सक्रिय रूप से चिकित्सा एवं जनजागरूकता अभियान में सहभागिता निभाई।

### भाभा विवि में डिप्लोमा इंजी.छात्रों ने किया पौधरोपण, छात्रों का सम्मान



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय में डिप्लोमा इंजीनियरिंग (सिविल एवं इलेक्ट्रिकल) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. श्याम पाटकार और अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. नमिष मेहता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। डिप्लोमा प्रथम वर्ष के प्राचार्य संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता डॉ. अशोक कुमार झाला ने अतिथियों का परिचय कराया और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष भार्गव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन विभागाध्यक्ष सुरेश गावंडे, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष विजयकांत पाण्डेय, सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा, डॉ. रजनीश गेडाम सहित इंजीनियरिंग संकाय के सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### पीएनबी की श्रम साथी और पीएम ई-स्वनिधि योजनाएं में वित्तीय समावेशन

**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक ने डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से वित्तीय समावेशन को मजबूत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। बैंक ने बताया कि पीएनबी श्रम साथी और पीएम ई-स्वनिधि जैसी डिजिटल ऋण योजनाओं के जरिए फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, सामुदायिक सेवा प्रदाताओं और रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को आसान एवं किफायती ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। पीएनबी के अनुसार पीएनबी श्रम साथी योजना केंद्र एवं राज्य सरकार के विभागों या सरकार समर्थित संस्थाओं में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, स्वच्छता कर्मचारियों, मिड-डे मील रसोइयों, वन कर्मियों सहित अन्य आवश्यक सेवा प्रदाताओं के लिए तैयार की गई है। इस योजना के तहत रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को 5 हजार से 50 हजार रुपए तक का बिना गारंटी कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

### होंडा की दमदार शुरुआत, पहली तिमाही में 17 फीसदी बढ़ी बिक्री

**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मजबूत बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने इस दौरान कुल 16.11 लाख यूनिट्स की बिक्री की, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 13.75 लाख यूनिट्स की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के अनुसार, पहली तिमाही में घरेलू बाजार में 14.13 लाख यूनिट्स की बिक्री हुई, जो साल-दर-साल आधार पर 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। वहीं, निर्यात में कंपनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1.98 लाख यूनिट्स का एक्सपोर्ट किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 36 प्रतिशत अधिक है। एचएमएसआई के प्रेसिडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा कि कंपनी को पहली तिमाही में स्थिर मांग और अनुशासित कारोबारी रणनीति का लाभ मिला है।

### केकेसीएल ने 'चिकारा' के साथ रिटेल अनुभव को खास बनाया

**इंदौर।** फैशन कंपनियों में से एक केवल किरण क्लोदिंग लिमिटेड (केकेसीएल) ने इंदौर स्थित अपने जूनियर किलर स्टोर में एक आकर्षक इन-स्टोर एक्टिवेशन का आयोजन किया। इस पहल के माध्यम से कंपनी ने खरीदारी को मनोरंजन के साथ जोड़ते हुए युवा परिवारों के लिए एक यादगार अनुभव तैयार किया। स्टोर को एक जीवंत और उत्साहपूर्ण स्थान में परिवर्तित किया गया, जहां बच्चों और अभिभावकों ने रचनात्मक एवं इंटरैक्टिव गतिविधियों का आनंद लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा चिकारा, जूनियर किलर का लोकप्रिय निंजा मैस्कॉट, जिसने बच्चों के साथ विशेष मुलाकात और संवाद सत्रों के माध्यम से उनका मनोरंजन किया। क्लोदिंग लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक हेमंत जैन ने कहाकि आज के परिवार उत्कृष्ट उत्पादों के साथ-साथ सार्थक और यादगार अनुभव भी चाहते हैं।

### स्मार्टफोन पर जीएसटी 5 फीसदी करने की मांग, श्वेतपत्र जारी

**नई दिल्ली।** ग्रांट थॉर्नटन इंडिया और पॉलिसी वॉच इंडिया फाउंडेशन ने एक संयुक्त श्वेतपत्र जारी किया है। रिपोर्ट में केंद्र सरकार से 25 हजार रुपए तक की कीमत वाले स्मार्टफोन पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने की सिफारिश की गई है, जबकि 25 हजार रुपए से अधिक कीमत वाले स्मार्टफोन पर मौजूदा 18 प्रतिशत जीएसटी बरकरार रखने का सुझाव दिया गया है। जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि स्मार्टफोन अब केवल संचार का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि यूपीआई, आधार प्रमाणीकरण, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, डिजिलॉकर, उमंग सहित विभिन्न सरकारी डिजिटल सेवाओं तक पहुंच का प्रमुख साधन बन चुका है। स्मार्टफोन को डिजिटल बुनियादी ढांचे का हिस्सा मानते हुए उस पर कर का बोझ कम किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार 25हजार रुपए तक के स्मार्टफोन देश के कुल स्मार्टफोन शिपमेंट का लगभग दो-तिहाई हिस्सा हैं।

---

## करोड़ों लोगों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पर पड़ेगा असर

# ट्रांसपोर्ट संगठनों ने अमेजन की 1 लाख ई-डिलीवरी वैन योजना पर जताई चिंता, सरकार से संरक्षण नीति की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अमेजन द्वारा वर्ष 2030 तक भारत में 1 लाख इलेक्ट्रिक डिलीवरी वैन तैनात करने और अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के विस्तार की योजना पर ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि इस तरह का विस्तार छोटे व्यापारियों, स्वतंत्र ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों और स्थानीय सप्लाई चेन के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर सकता है।

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कहा कि देश के करोड़ों सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), छोटे दुकानदार और ट्रांसपोर्ट व्यवसायी भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनका कहना है कि यदि बड़ी वैश्विक कंपनियां अपनी पूंजी, तकनीक और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के दम पर बाजार में तेजी से विस्तार करती हैं, तो पारंपरिक व्यापार व्यवस्था और स्थानीय बाजार प्रभावित हो सकते हैं। राजेंद्र कपूर ने यह भी कहा कि परिवहन क्षेत्र करोड़ों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराता है। ऐसे में यदि पारंपरिक परिवहन व्यवस्था पर कॉर्पोरेट नियंत्रण बढ़ता है, तो छोटे ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों पर इसका असर पड़ सकता है। वहीं ट्रांसपोर्टर ठाकुरलाल राजपूत ने कहा कि बड़ी कंपनियों के स्वयं के डिलीवरी नेटवर्क विकसित होने से स्वतंत्र ट्रांसपोर्टरों, ट्रक मालिकों, बुकिंग एजेंटों और स्थानीय लॉजिस्टिक्स ऑपरेटरों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। साथ ही भविष्य में व्यापार, वेयरहाउसिंग और डिलीवरी नेटवर्क का नियंत्रण कुछ बड़ी कंपनियों तक सीमित होने की आशंका भी जताई।

**लॉजिस्टिक्स कंपनियों के विस्तार पर नियमित निगरानी रखी जाए**

ट्रांसपोर्ट संगठन ने केंद्र सरकार से मांग की है कि विदेशी ई-कॉमर्स एवं लॉजिस्टिक्स कंपनियों के विस्तार पर नियमित निगरानी रखी जाए, भारतीय ट्रांसपोर्टरों और स्थानीय व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए विशेष नीति बनाई जाए, परिवहन क्षेत्र को तकनीकी उन्नयन एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए वित्तीय सहायता दी जाए, बाजार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए प्रभावी व्यवस्था लागू की जाए तथा भारतीय व्यापारियों और ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को समान अवसर एवं संरक्षण प्रदान किया जाए।

---

## कानून के तहत भ्रामक दावों की अनुमति नहीं

# एनर्जी ड्रिंक दावे पर एफएसएसएआई सख्त, रेड बुल, स्टिंग, कैम्पा समेत कई ब्रांड्स को नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 'एनर्जी ड्रिंक' शब्द के इस्तेमाल और उत्पादों पर कथित भ्रामक दावों को लेकर रेड बुल, पेप्सिको इंडिया, कैम्पा, मॉन्स्टर और हेल एनर्जी समेत कई प्रमुख बेवरेज ब्रांड्स को नोटिस जारी किया है।

एफएसएसएआई के अनुसार, फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट, 2006 तथा इसके तहत बनाए गए नियमों में 'एनर्जी ड्रिंक' श्रेणी के लिए कोई अलग मानक निर्धारित नहीं है। नियामक का कहना है कि फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स (फूड प्रोडक्ट्स स्टैंडर्ड्स एंड फूड एडिटिव्स) रेगुलेशंस, 2011 के तहत फूड कैटेगरी सिस्टम का उपयोग उत्पाद के नाम या लेबलिंग के उद्देश्य से नहीं किया जा सकता।




नोटिस पाने वाले प्रमुख उत्पादों में रेड बुल एनर्जी ड्रिंक, हेल एनर्जी, कैम्पा एनर्जी ड्रिंक, मॉन्स्टर एनर्जी, तथा पेप्सिको इंडिया के स्टिंग और एड्रेनालिन रश शामिल हैं। खाद्य नियामक का आरोप है कि इन उत्पादों की ब्रांडिंग और लेबलिंग में ऐसे दावे किए गए हैं, जिनसे ऊर्जा बढ़ाने, फोकस बेहतर करने, शरीर और दिमाग को तरोताजा करने या सामान्य कमजोरी दूर करने जैसे कार्यात्मक अथवा चिकित्सीय लाभ का संकेत मिलता है। एफएसएसएआई का कहना है कि मौजूदा कानून के तहत इस प्रकार के दावों की अनुमति नहीं है।

**कार्रवाई के निर्देश**

इन नोटिसों का उद्देश्य खाद्य एवं पेय पदार्थों की गलत ब्रांडिंग, भ्रामक विज्ञापन और नियमों के उल्लंघन पर रोक लगाना है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले जून में भी एफएसएसएआई ने कई फूड बिजनेस ऑपरेटर्स को उत्पादों की ब्रांडिंग, लेबलिंग, भ्रामक दावों और उपभोक्ता शिकायतों से जुड़े मामलों में नोटिस जारी कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए थे।

## चिंतन

# बड़े बदलाव की ओर बढ़ रहे भारत-जापान संबंध

इंडो-पैसिफिक में अमेरिका की घटती रुचि और एक तरह से चीन को क्षेत्र की महाशक्ति के रूप में स्वीकार करने के बाद भारत और जापान के लिए जरूरी हो गया है कि वे इस क्षेत्र में अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची की संयुक्त आर्थिक मंच में मौजूदगी इस बात का प्रतीक है कि दोनों देश केवल वर्तमान की चुनौतियों का समाधान नहीं खोज रहे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, समृद्ध और तकनीक-संचालित एशिया की नींव रखने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही भारत-जापान संबंधों का अगला चरण केवल सरकारी समझौतों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। दोनों देशों को निजी क्षेत्र, स्टार्टअप, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों के बीच भी गहरे सहयोग को बढ़ावा देना होगा। जापान रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग और हरित प्रौद्योगिकी में विश्व अग्रणी है, जबकि भारत डिजिटल नवाचार, सॉफ्टवेयर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप इकोसिस्टम में तेजी से उभरती शक्ति है। यदि इन दोनों की क्षमताओं का समन्वय होता है तो यह केवल दोनों अर्थव्यवस्थाओं को ही नहीं, बल्कि पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को नई दिशा दे सकता है। विशेष रूप से सेमीकंडक्टर निर्माण, दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ) की आपूर्ति, इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी, हरित हाइड्रोजन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में संयुक्त निवेश भविष्य की औद्योगिक प्रतिस्पर्धा तय करेगा। भारत को अपनी उत्पादन क्षमता और कुशल मानव संसाधन के कारण नेक्स्ट मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में देखा जा रहा है, जबकि जापान की तकनीकी विश्वसनीयता इस परिवर्तन को गति दे सकती है। ऐसे में दोनों देशों की साझेदारी वैश्विक कंपनियों के लिए चीन के विकल्प के रूप में एक मजबूत और विश्वसनीय औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार कर सकती है। साथ ही, दोनों देशों को लोगों के बीच संपर्क को भी प्राथमिकता देनी होगी। भारतीय छात्रों, इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए जापान में अवसर बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर जापानी कंपनियों को भारत के युवा और कुशल कार्यबल से लाभ मिल सकता है। आज दुनिया एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुकी है, जहां मित्रता का मूल्य केवल कूटनीतिक बयानों से नहीं, बल्कि साझा निवेश, साझा तकनीक और साझा भविष्य से तय होगा। भारत और जापान इसी दिशा में आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। यदि यह सहयोग योजनाओं से निकलकर समयबद्ध क्रियान्वयन तक पहुंचता है, तो आने वाले दशक में भारत-जापान संबंध केवल द्विपक्षीय सफलता की कहानी नहीं होंगे, बल्कि वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक व्यवस्था के सबसे प्रभावशाली स्तंभों में शामिल होंगे। यह साझेदारी वास्तव में विश्वास से विकास और साझेदारी से समृद्धि का ऐसा मॉडल बन सकती है, जिसकी आवश्यकता आज पूरे विश्व को है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अस्थिर रवैये ने दुनियाभर में उसकी स्थिति को कमजोर किया है। ईरान युद्ध के बाद खाड़ी देश अपनी सुरक्षा नीति पर पुनर्विचार कर रहे हैं। पूरी दुनिया के रिश्ते एक नए मोड़ पर खड़े हैं। इससे नई साझेदारियां बनेंगी और पुरानी साझेदारियां नया रूप लेंगी। ऐसे में भारत-जापान संबंध भी ऐतिहासिक बदलाव की ओर बढ़ रहे हैं और आने वाले समय में यह दुनिया में नए बदलाव का जरिया भी बन सकते हैं। कुल मिलाकर अब दुनिया बहुध्रुवीय हो चुकी है और सबको एक-दूसरे की जरूरत है। मिलकर चलना ही सबके हित में है।




पड़ोस
कांतिलाल मांडोत

# पाक से रिश्तों की बहाली की नई कवायद

भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। दोनों देशों की 117 प्रमुख हस्तियों द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भेजे गए खुले पत्र ने इस बहस को नया आयाम दिया है। पत्र में संवाद बहाल करने, व्यापार शुरू करने, वीजा व्यवस्था आसान बनाने, समझौता एक्सप्रेस और थार एक्सप्रेस को फिर चलाने, क्रिकेट शृंखला शुरू करने तथा दोनों देशों के बीच जमे अविश्वास को समाप्त करने की अपील की गई है। जब भारत-पाक संबंधों के इतिहास, पाकिस्तान के व्यवहार और वर्तमान वैश्विक राजनीति को ध्यान में रखकर इस प्रस्ताव का विश्लेषण किया जाता है, तब कई गंभीर प्रश्न सामने खड़े हो जाते हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। दोनों देशों की 117 प्रमुख हस्तियों द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भेजे गए खुले पत्र ने इस बहस को नया आयाम दिया है। पत्र में संवाद बहाल करने, व्यापार शुरू करने, वीजा व्यवस्था आसान बनाने, समझौता एक्सप्रेस और थार एक्सप्रेस को फिर से चलाने, क्रिकेट शृंखला शुरू करने तथा दोनों देशों के बीच जमे अविश्वास को समाप्त करने की अपील की गई है। पहली नजर में यह पहल शांति और सद्भाव की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास प्रतीत होती है, लेकिन जब भारत-पाकिस्तान संबंधों के इतिहास, पाकिस्तान के व्यवहार और वर्तमान वैश्विक राजनीति को ध्यान में रखकर इस प्रस्ताव का विश्लेषण किया जाता है, तब कई गंभीर प्रश्न सामने खड़े हो जाते हैं।

भारत ने हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों की नीति अपनाई है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने अनेक अवसरों पर पाकिस्तान के साथ मित्रता का हाथ बढ़ाया। चाहे 1972 का शिमला समझौता हो, 1999 की लाहौर बस यात्रा हो या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2015 में अचानक लाहौर जाकर तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से मिलना, भारत ने हर बार यह संदेश दिया कि विवादों का समाधान युद्ध नहीं बल्कि संवाद से होना चाहिए। दुर्भाग्य यह रहा कि हर बार पाकिस्तान की धरती से आतंकवाद ने इन प्रयासों को कमजोर किया। पाक का इतिहास यह बताता है कि उसने मित्रता के हर प्रयास के समानांतर आतंकवाद को अपनी विदेश नीति का साधन बनाए रखा। 1947, 1965, 1971 और 1999 के कारगिल युद्ध से लेकर संसद पर हमला, मुंबई का 26/11 हमला, पठानकोट, उरी और पुलवामा जैसे आतंकी हमलों तक पाकिस्तान की भूमिका लगातार सवालों के घेरे में रही है। भारत ने कई बार ठोस सबूत भी प्रस्तुत किए, लेकिन पाकिस्तान ने या तो उन्हें नकार दिया या फिर आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने से बचता रहा। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि भारत किसी भी नए संवाद प्रस्ताव को केवल भावनात्मक आधार पर स्वीकार नहीं कर सकता। वर्तमान परिस्थितियों में पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है। महंगाई, बेरोजगारी, विदेशी कर्ज और ऊर्जा संकट ने वहां की अर्थव्यवस्था को गंभीर संकट में डाल दिया है। हाल के वर्षों में जल संकट भी पाकिस्तान के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। ऐसी परिस्थितियों में पाकिस्तान के लिए भारत के साथ व्यापार और संबंधों की बहाली आर्थिक दृष्टि से लाभकारी हो सकती है। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि आर्थिक मजबूरी का अर्थ यह नहीं कि पाकिस्तान की नीतियों में स्थायी परिवर्तन आ गया है। यदि आतंकवाद को समर्थन देने की उसकी सोच में बदलाव नहीं आता तो केवल व्यापार या परिवहन सेवाएं शुरू कर देने से स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकती। इस पूरे घटनाक्रम में अमेरिका और विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कोई भी महाशक्ति केवल मानवीय आधार पर हस्तक्षेप नहीं करती। हर देश अपने रणनीतिक हितों को प्राथमिकता देता है। अमेरिका लंबे समय से यह चाहता



रहा है कि पाकिस्तान पूरी तरह चीन के प्रभाव क्षेत्र में न चला जाए। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा और दोनों देशों की बढ़ती सामरिक साझेदारी अमेरिका के लिए चिंता का विषय रही है। ऐसे में यदि अमेरिका भारत और पाकिस्तान के बीच संवाद को बढ़ावा देता है तो उसके पीछे क्षेत्रीय शक्ति संतुलन बनाए रखने और पाकिस्तान को अपने प्रभाव क्षेत्र में बनाए रखने की रणनीति भी हो सकती है। ट्रम्प यदि भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों की बहाली का श्रेय लेना चाहते हैं तो यह उनकी राजनीतिक और रणनीतिक सोच का हिस्सा हो सकता है। लेकिन भारत को किसी भी बाहरी दबाव या अंतरराष्ट्रीय छवि के कारण अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करना चाहिए। भारत की विदेश नीति का मूल सिद्धांत यही रहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। यदि पाकिस्तान आतंकवाद के ढांचे को समाप्त करने, सीमा पार घुसपैठ रोकने और भारत विरोधी गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाने के लिए ठोस और विश्वसनीय कदम नहीं उठाता, तो केवल वार्ता के नाम पर आगे बढ़ना उचित नहीं होगा। भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न विश्वास का है। विश्वास केवल शब्दों से नहीं बल्कि व्यवहार से बनता है। पाकिस्तान ने अतीत में अनेक बार आश्वासन दिए, लेकिन उसके बाद भी आतंकी घटनाएं होती रहीं। जब तक वह अपने आचरण से यह साबित नहीं करता कि उसने आतंकवाद को स्थायी रूप से त्याग दिया है, तब तक किसी भी व्यापक संबंध बहाली का आधार कमजोर ही रहेगा। कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि दोनों देशों के बीच व्यापार और सांस्कृतिक संपर्क बढ़ने से कट्टरता कम होगी और शांति को मजबूती मिलेगी। यह विचार सिद्धांत रूप में आकर्षक लगता है, लेकिन व्यवहार में इसकी सफलता तभी संभव है, जब दोनों पक्ष समान ईमानदारी के साथ आगे बढ़ें। यदि एक देश शांति की बात करे और दूसरा आतंकवाद को संरक्षण देता रहे तो ऐसे प्रयास अंततः विफल हो जाते हैं। इसलिए भारत को किसी भी नई पहल से पहले स्पष्ट शर्त रखनी चाहिए कि आतंकवाद और वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकते। भारत ने हमेशा मानवीय मुद्दों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया है। चाहे कैदियों की रिहाई का विषय हो, धार्मिक यात्राओं की सुविधा हो या प्राकृतिक आपदाओं के समय सहायता का प्रश्न, भारत ने उदारता दिखाई है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर किसी प्रकार की ढिलाई उचित नहीं हो सकती। भारत आज विश्व की तेजी से उभरती हुई आर्थिक और सामरिक शक्ति है।

ऐसे समय में उसे भावनात्मक निर्णयों के बजाय दूरदर्शी और यथार्थवादी नीति अपनानी होगी। यदि पाकिस्तान वास्तव में संबंध सुधारना चाहता है तो उसे केवल संवाद की अपील करने के बजाय आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई करके अपनी नीयत साबित करनी होगी। यही वह कसौटी है जिस पर भविष्य के किसी भी संबंध की सफलता निर्भर करेगी। अंततः भारत शांति का समर्थक है, लेकिन शांति की कीमत राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं हो सकती। मित्रता वहीं टिकाऊ होती है जहां विश्वास, पारदर्शिता और ईमानदारी हो। पाकिस्तान का अब तक का इतिहास इन तीनों मानकों पर संतोषजनक नहीं रहा है। इसलिए भारत को हर प्रस्ताव का स्वागत खुले मन से अवश्य करना चाहिए, लेकिन निर्णय केवल अपने राष्ट्रीय हितों, सुरक्षा और दीर्घकालिक रणनीतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही लेना चाहिए। यदि पाकिस्तान अपने व्यवहार में वास्तविक परिवर्तन लाता है तो दक्षिण एशिया में स्थायी शांति का मार्ग अवश्य प्रशस्त हो सकता है। यदि अतीत की गलतियां दोहराई जाती हैं तो इतिहास एक बार फिर यह सिद्ध करेगा कि केवल संवाद की इच्छा पर्याप्त नहीं होती, उसके लिए भरोसेमंद आचरण भी उतना ही आवश्यक होता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

ओ.पी. पाल




# क्या कागजों पर सिमट रही हैं ग्राम सभाएं

भारत की आत्मा गांवों में बसती है और उन गांवों की लोकतांत्रिक आत्मा 'ग्राम सभा' में निहित है। भारतीय संविधान के 73वें संशोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर सत्ता के विकेंद्रीकरण की जो नींव रखी थी, उसकी सबसे महत्वपूर्ण और प्रत्यक्ष इकाई ग्राम सभा ही है। ग्राम सभा केवल स्थानीय शासन की एक संस्था नहीं है, बल्कि यह देश के हर ग्रामीण नागरिक को सीधे नीति-निर्माण, बजट निर्धारण और विकास कार्यों की निगरानी का अधिकार देने वाला एक सशक्त मंच है। परंतु समय के साथ इस बुनियादी लोकतांत्रिक संस्था की कार्यप्रणाली में कई विसंगतियां और चुनौतियां सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी और चिंताजनक चुनौती यही है कि आज के इस तकनीकी युग के बावजूद ग्राम सभा की बैठकों में आम नागरिकों की भागीदारी घट रही है। मसलन, केंद्र सरकार और नीति आयोग की जारी ताजा रिपोर्ट ने जमीनी लोकतंत्र की बुनियाद मजबूत करने की चुनौती खड़ी कर दी है। हालांकि यह अध्ययन भारत की ग्रामीण विकास नीतियों को 'संख्या-केंद्रित' से 'परिणाम-केंद्रित' बनाने का एक बेहद सटीक मार्गदर्शक दस्तावेज साबित हो सकता है। दरअसल, देश में जमीनी लोकतंत्र की इसी गंभीर समस्या का बारीकी से अध्ययन करने और इसका समाधान खोजने के लिए केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के तत्वावधान में एक व्यापक राष्ट्रीय अध्ययन कराया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद द्वारा तैयार की गई यह द्वि-खंडीय रिपोर्ट देश में नागरिक-केंद्रित शासन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और साक्ष्य-आधारित दस्तावेज़ है। जैसा कि रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि नागरिक-केंद्रित शासन देने के लिए जीवंत ग्राम सभाएं अनिवार्य हैं। जब तक देश के गांवों का अंतिम व्यक्ति ग्राम सभा की बैठक शामिल होकर अपने गांव के भविष्य का फैसला करने में सक्षम और उत्सुक नहीं होगा, तब तक लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण का सपना अधूरा रहेगा। इस अध्ययन रिपोर्ट को 30 जून 2026 को नई दिल्ली में नीति आयोग के सदस्य डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम और पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज द्वारा इस जारी किया, जिसमें जमीनी लोकतंत्र की कमजोर होती नींव और उसकी चुनौतियों को लेकर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। भागीदारी में सबसे बड़ी बाधाएं ग्राम सभाओं में लोगों का न आना केवल उदासीनता नहीं, बल्कि इसके पीछे गहरे सामाजिक-आर्थिक और व्यावहारिक कारण हैं। इसमें आजीविका और समय के संकट के कारण 55.5 प्रतिशत भागीदारी न होने का सबसे बड़ा कारण है, इसमें ग्रामीण आबादी का एक बड़ा हिस्सा दैनिक मजदूरी या कृषि पर निर्भर है। जबकि व्यस्त कार्य दिनचर्या (41.74 प्रतिशत) और कृषि कार्यों की व्यस्तता (30.26 प्रतिशत) के कारण लोग अपनी दिहाड़ी छोड़कर बैठकों में नहीं आ पाते। इसके अलावा कम प्रतिनिधित्व वाले समूह को लेकर खुलासा हुआ है कि प्रवासी परिवार (17.61 प्रतिशत), युवा (16.73 प्रतिशत), बुजुर्ग (15.80 प्रतिशत) और महिलाएं (13.40 प्रतिशत) ग्राम सभा की प्रक्रियाओं में सबसे कम शामिल हो पाते हैं। पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज का कथन है कि ग्रामीण भारत में आए बदलावों को रेखांकित करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में गांवों तक बुनियादी सुविधाओं की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित हुई है। अब बारी जमीनी लोकतंत्र को और गहरा करने की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह अध्ययन महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों की भागीदारी बढ़ाने के लिए रणनीतिक कदम उठाने में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्रालय जल्द ही राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ मिलकर इस रिपोर्ट की सिफारिशों को जमीन पर लागू करेगा, ताकि देश की ग्राम सभाएं अधिक समावेशी और परिणामोन्मुख बन सकें। इस अध्ययन रिपोर्ट से एक बड़ा संदेश यह भी मिलता है कि ग्राम सभाओं को सफल बनाने का पैमाना केवल 'बैठक में जुटी भीड़' या 'हाजिरी रजिस्टर' नहीं होना चाहिए। वास्तविक सफलता इस बात में है कि चर्चाएं कितनी प्रासंगिक हैं, निर्णय कितने पारदर्शी हैं और शिकायतों का निवारण कितनी तेजी से होता है। जब तक ग्रामीण नागरिकों को ग्राम सभा के निर्णयों का जमीन पर वास्तविक असर नहीं दिखेगा, तब तक उनका भरोसा जीतना नामुमकिन है। ग्राम सभा को विकास कार्यों के सोशल ऑडिट का वास्तविक अधिकार मिलना चाहिए। पंचायत प्रतिनिधियों (विशेषकर महिला सरपंचों और वार्ड सदस्यों) के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए ताकि वे ग्राम सभा की प्रक्रियाओं को बेहतर समझ सकें

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है



संकलित
दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना। सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा है और मैं मेरा।

## सटाका




## आज की पाती

### खतरनाक गर्मी का बढ़ता संकट

दुनिया के शहरों पर एक ऐसा संकट तेजी से गहराता जा रहा है, जो दिखाई कम देता है, लेकिन असर सबसे ज्यादा करता है–खतरनाक गर्मी। विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक शहरी इलाकों में अत्यधिक गर्मी से प्रभावित गरीबों की संख्या में लगभग 700 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है। यह आंकड़ा सिर्फ एक चेतावनी नहीं, बल्कि आने वाले शहरी भविष्य की भयावह तस्वीर है, खासकर ग्लोबल साउथ, यानी एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका के तेजी से बढ़ते शहरों के लिए। गर्मी का यह संकट सीधे तौर पर क्लाइमेट चेंज और अनियोजित शहरीकरण से जुड़ा है। शहरों में कंक्रीट, डामर और धातु की अधिकता प्राकृतिक हरियाली को खत्म कर देती है। इस समस्या का समाधान खोजना होगा। – *सुषमा राजपूत, रोहतक*

## करंट अफेयर

# ऑस्ट्रेलिया में राष्ट्रीय किराया वहनीयता योजना समाप्त

ऑस्टेलिया का वित्तीय वर्ष एक जुलाई को समाप्त हो गया और इसी के साथ 'राष्ट्रीय किराया वहनीयता योजना' भी समाप्त हो गई, जिसके तहत देश भर में 35,000 से ज़्यादा किफायती किराए के घर उपलब्ध कराए गए थे। यह योजना 2008 में रड सरकार ने घरों के महंगे होते जाने की समस्या के मद्देनजर शुरू की थी। लेकिन बाद में 2014 में एबॉट सरकार ने इसे बंद कर दिया और 2016 के बाद किसी भी नए घर को इसके तहत मंज़ूरी नहीं दी गई। इस जून में, आखिरी 3,600 संपत्तियां भी इस योजना के दायरे से बाहर हो गई हैं। आखिरकार, इस योजना ने अपने कुछ मुख्य वादे पूरे किए। इसने काफी कम समय में किफायती किराए के घरों की आपूर्ति बढ़ाई और ऐसे घर बनाए जो इसके बिना नहीं बन पाते। लेकिन इसके आलोचक भी रहे हैं, जिन्होंने इसे लागू करने के तरीके और इसके नतीजों में कई कमियां गिनाईं। तो, पीछे मुड़कर देखें तो इस अनुभव से हम क्या सीख सकते हैं? और क्या सरकार ने इस योजना के बंद होने से आई रिक्तता को दूर करने के लिए कोई कदम उठाया है? हाशिये पर रह रहे समूह के लिए सस्ता किराया इस योजना के तहत डेवलपर्स को किफायती किराये के घर उपलब्ध कराने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन दिया गया।



## ऑफ बीट

# काम करते हुए क्या अंडर डेस्क ट्रेडमिल फायदेमंद है

हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में 67 लाख से अधिक लोग–यानी लगभग आधे कर्मचारी–कम से कम कुछ समय के लिए घर से काम करते हैं। सिडनी, मेलबर्न और कैनबरा में यह संख्या सबसे अधिक है। घर से काम बढ़ने के साथ लंबे समय तक बैठने की आदत भी बढ़ी है, जिसे अब स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह माना जाता है। दफ्तर जाकर काम करने पर रोजमर्रा की गतिविधियां–जैसे चलना, खड़े रहना, सहकर्मियों से मिलने जाना या बाहर लंच लेने जाना–अपने आप हो जाती हैं, लेकिन घर से काम करते समय यह कम हो जाती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या काम के दौरान अंडर–डेस्क ट्रेडमिल या वॉकिंग पैड का इस्तेमाल कर चलना फायदेमंद हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि नियमित रूप से चलने से रक्तचाप और ग्लूकोज सहनशीलता जैसे स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार होता है। हालिया शोध में प्रतिदिन करीब 7,000 कदम चलने को कई बीमारियों की रोकथाम के लिए पर्याप्त लक्ष्य बताया गया है। शोध यह भी बताते हैं कि लंबे समय तक बैठे रहने के बजाय छोटे–छोटे अंतराल में बार–बार चलना या हल्की गतिविधि करना एक बार में लंबी सैर से अधिक लाभकारी हो सकता है।



## ट्रेंड

### इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव



केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 7,145 करोड़ रुपये की लागत वाले कानपुर-काबराई एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड हाईवे के निर्माण को मंज़ूरी दी गई है। यह फैसला भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव की दिशा में एक और अहम कदम है।

- **राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

### नई संभावनाएं



यह हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। पहली बार, राज्य से ताज़ी चेरी और आलूबुखारे की खेप ओमान पहुँची है। ओमान में हिमाचल के फलों को मिली सराहना ने अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में नई संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं।

-**सुखविंदर सिंह सुखु**, सीएम, हिमाचल प्रदेश

### अत्यंत दुखद



बेंगलुरु में मद्दापट्टाना की पत्थर की खदान में हुए भीषण हादसे में बिहार के प्रवासी मजदूर भाइयों के असमय निधन की खबर अत्यंत दुखद है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्माओं को उनके पवित्र चरणों में स्थान मिले।

- **सम्राट चौधरी**, सीएम, बिहार

### सत्ता का गलत इस्तेमाल



बीजेपी अपनी सत्ता का गलत इस्तेमाल करके बीजेपी-शासित राज्यों, खासकर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का खराब माहौल बना रही है और पुलिस का राजनीतिकरण कर रही है। जनता इस नकारात्मक व्यवहार से बेहद आक्रोशित है।

-**अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# भोपाल पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई कर 44 प्रकरणों में जब्त किए 335.934 किलो मादक पदार्थ, किया नष्ट

## विनिष्टीकरण कमेटी ने किया मादक पदार्थों का परीक्षण और चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय पुलिस भोपाल द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोर्ट के आदेश एवं एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप विभिन्न थानों में जब्त मादक पदार्थों के विधिसम्मत विनिष्टीकरण (डिस्पोजल) की प्रक्रिया के तहत विनिष्टीकरण की कार्रवाई संपन्न की गई। कार्रवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं समिति की उपस्थिति में कुल 44 प्रकरण में जब्त मादक पदार्थों का भौतिक सत्यापन एवं वैज्ञानिक तरीके से वजन किया गया। इनमें थाना हबीबगंज के 3 प्रकरण, थाना बैरागढ़ के 3 प्रकरण, थाना जहांगीराबाद के 3 प्रकरण तथा क्राइम ब्रांच भोपाल के 35 प्रकरण शामिल रहे।

**जब्त मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत लगभग 7 करोड़**



### विनिष्टीकरण कमेटी ने बैठक में किया चयन

विनिष्टीकरण योग्य मादक पदार्थों का चयन मीटिंग विनिष्टीकरण कमेटी द्वारा किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यावस्था) पुलिस उपायुक्त जोन 2, पुलिस उपायुक्त जोन-4 एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अपराध, सहायक पुलिस आयुक्त अपराध, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली, सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा संपूर्ण कार्रवाई उनकी उपस्थिति में निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया के अनुरूप संपन्न की गई। विनिष्टीकरण कमेटी द्वारा बैठक कर विनिष्टीकरण योग्य मादक पदार्थों का चयन किया गया। कुल 44 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत लगभग 7 करोड़ रही, जिन्हें विधिवत विनिष्टीकरण के लिए अनुमोदित किया गया। उक्त विनिष्टीकरण की कार्रवाई मादक पदार्थों के सुरक्षित एवं पारदर्शी विनिष्टीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण चरण है। निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत इन जप्त मादक पदार्थों का न्यायालयीन आदेशों के अनुरूप विनिष्टीकरण किया जाएगा, जिससे इनके पुनः अवैध उपयोग अथवा तस्करी की किसी भी संभावना को पूर्णतः समाप्त किया जा सके।

### तस्कर से 55 लीटर अवैध शराब जब्त

शाहजहांनाबाद पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उससे 55 लीटर देशी शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपी से शराब तस्करी में इस्तेमाल की गई उसकी कार भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर सूचना मिली कि शिवकरन (36) कतपोन पाटन, थाना दोराहा, जिला सीहोर कार के अंदर ट्राली बैग और थैले में छिपाकर देशी मदिरा लेकर भोपाल आ रहा है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी की कार रोककर तलाशी ली। तलाशी लेने पर में कार के अंदर रखी 54.9 लीटर देशी शराब मिली। जब्त शराब की कीमत 24 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी शिवकरण का रिकॉर्ड खंगाला तो पता चला कि वह पूर्व में अशोका गार्डन में आबकारी एक्ट में गिरफ्तार हो चुका है।



## खबर संक्षेप

### आधे शहर की आज गुल रहेगी बिजली

**संतनगर।** उपनगर में बारिश के दिनों में भी बिजली वितरण व्यवस्था में मेंटनेस का काम चल रहा है। शुक्रवार को भी सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक लगभग आधे शहर में बिजली प्रदाय बंद रहेगा। उक्त दोनों शटडाउन के कारण बुढ़ा खेड़ा, लक्ष्मण नगर, निर्मल नर्सरी, संत हिरदाराम कॉलेज, बोरबन पार्क, संस्कार स्कूल, एफ वार्ड, जैन मंदिर , वन ट्री हिल एरिया, बॉयज स्कूल के पीछे वाला एरिया, ओल्ड डेरी फार्म, आनंदमई आश्रम, कम्युनिटी हॉल वाला एरिया, शनी मंदिर के आसपास वाला एरिया, कैलाश दूध डेरी, राधा होम्स, एच्छ वार्ड एवं संबंधित क्षेत्र का विद्युत प्रदाय प्रभावित रहेगा।

### केटरिंग में काम करने वाले युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित झुग्गी भीम नगर में बुधवार रात एक केटरिंग में काम करने वाले युवक ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार राजेश यादव पिता रघुवीर यादव (30) भीम नगर, अरेरा हिल्स में रहता था और केटरिंग में काम करता था। परिजन ने बताया कि बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे उसने कमरे में फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला।

### भारत निहाल का मनाया जन्मदिन, दी बधाई



**औबेदुल्लागन।** भाजपा मंडल औबेदुल्लागंज के अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर के कार्यालय में वरिष्ठ पत्रकार और प्रेस क्लब के अध्यक्ष भारत निहाल का जन्मदिन मीडिया जगत के साथियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मनाया। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा, प्रेस क्लब संरक्षक ऋषभ जैन, सुनील सीरिया, भूपेंद्र मेहरा आदि लोग उपस्थित थे। पटवा ने कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### राजकुमार व अजय लोधी को पटवा ने दी श्रद्धांजलि



**औबेदुल्लागंज।** हरभजन सिंह लोधी के सुपुत्र राजकुमार लोधी, अजय कुमार लोधी के असामयिक निधन के बाद गुरुवार को उनके निवास पर पंहुच कर दिवंगत पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### पटवा ने स्व. मधु कोठारी को दी श्रद्धांजलि



**औबेदुल्लागंज।** वीरेंद्र कोठारी की धर्मपत्नी स्व. मधु कोठारी की तेहरवीं कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विधायक पटवा ने दिवंगत पुण्यात्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और शोकाकुल कोठारी परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति एवं संबल दें।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2794 | | |
| दिन: | 389 | 06 | 448 |
| रात: | 558 | 84 | 338 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 230 | 57 | 458 |
| रात: | 670 | 31 | 489 |

## सवारी बैठाने की बात पर विवाद, सात नंबर स्टॉप पर हुई वारदात

# ऑटो चालक पर दूसरे ऑटो चालक ने किया चाकू से जानलेवा हमला

» गत 22 जून की रात करीब नौ बजे पेट में घोंपा था चाकू

» बोलने की स्थिति में आने के बाद पुलिस ने बयान दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र सात नंबर स्टॉप पर सवारी बैठाने की बात को लेकर एक ऑटो चालक ने दूसरे ऑटो चालक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल के बयान हो जाने पर पुलिस ने इस मामले में आठ दिन बाद हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपी व उसके साथी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 27 वर्षीय बलराम अहिरवार कमला नगर थानाक्षेत्र की मांडवा बस्ती में रहता है। वह सवारी ऑटो चलाता है।

गत 22 जून की रात करीब नौ बजे वह सवारी को लेकर सात नंबर से अरेरा कॉलोनी की ओर जा रहा था। वह अंकुर स्कूल के मैदान के पास पहुंचा तभी दूसरे ऑटो चालक गौरव कामले ने उसके ऑटो के सामने अपना ऑटो अड़ाकर रोक लिया। इस दौरान गौरव का एक साथी भी मौजूद था। बलराम जैसे ही रुका वैसे ही गौरव ने उसे चमकाते हुए बोला कि आजकल तू बहुत तेज चल रहा है। बलराम ने इस तरह से बात करने का कारण पूछा तो गौरव भड़क गया तथा गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बलराम ने



बचने की कोशिश करते हुए भागने लगा तो गौरव के साथी ने उसे पकड़ लिया। साथी जब उसके दोनों हाथ पकड़े हुए था तभी गौरव ने उसके पेट में चाकू घोंप दिया। हमला करने के बाद गौरव उसका साथी मौके से भाग निकले। बलराम अहिरवार को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया। जब वह बोलने की स्थिति में आया तब पुलिस ने उसके बयान लिए। अपने बयान में उसने बताया कि पिछले महीने कोलार इलाके में ऑटो में सवारी बैठाने को लेकर उसका गौरव कामले से विवाद हुआ था। इसी विवाद का बदला लेने के लिए गौरव ने उस पर हमला किया। बयान हो जाने के बाद पुलिस ने गौरव उसके साथी के खिलाफ जानलेवा हमला करने का प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों की अभी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### डॉक्टर की कार से तीन लाख की नगदी, लैपटॉप और टैब चोरी

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित सागर पब्लिक स्कूल के सामने बुधवार सुबह डॉक्टर की कार से बदमाशों ने लैपटॉप का बैग चुरा लिया। बैग में तीन लाख रुपए की नगदी, लैपटॉप, टैब और उनका वॉलेट था। बदमाश उनकी कार से नगदी सहित करीब पौने चार लाख रुपए का सामान चुराकर ले गया। डॉक्टर की शिकायत पर बागसेवनिया पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस स्कूल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही है। पुलिस के अनुसार डॉक्टर आदित्य पाठक (46) एच-552, आधारशिला कॉलोनी, अवधपुरी में रहते हैं। वह स्वयं का क्योरेनो नाम से क्लीनिक चलाते हैं। बुधवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे वह अपनी पत्नी डॉक्टर अदिति पाठक के साथ बेटी अद्विता को सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर छोड़ने के लिए गए थे। डॉक्टर आदित्य ने अपनी होंडा अमेज कार स्कूल के सामने मुख्य रोड पर पार्क की। इसी बीच बेटी स्कूल जाने से मना करने लगी। वह रोने लगी और कहने लगी कि उसे स्कूल नहीं जाना। डॉक्टर दंपती ने जल्दबाजी में कार लॉक करना भूल गए और बेटी को स्कूल छोड़ने के लिए अंदर चले गए। करीब 10 मिनट बाद बेटी को स्कूल से छोड़कर बाहर निकले। कार में बैठे तो पता चला कि अंदर रखा बैग नहीं था। बैग की तलाश आसपासा की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बैग में तीन लाख रुपए की नगदी, डेल कंपनी का लैपटॉप और टैब था। इसके अलावा कार में रखा उनका वॉलेट भी बदमाश चुराकर ले गया है। वॉलेट में एटीएम कार्ड रखे थे।

## क्षेत्रीय पार्षद और अधिकारियों का रोजाना होता है आना-जाना, फिर भी स्थिति खराब

# जहां नगर निगम का वार्ड कार्यालय, वहां की सड़क पर सबसे ज्यादा जल भराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

उपनगर में हल्की बारिश ने ही नगर निगम के नाले-नालियों की सफाई व विकास कार्यों की पोल खोल दी। जगह-जगह जलभराव और जर्जर सड़कों के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक खराब स्थिति वार्ड 4 की है, जहां सड़कों पर पानी भरने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि बारिश का गंदा पानी कई घरों में घुस रहा है, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ संक्रमण फैलने का भी खतरा बना हुआ है।

हैरानी की बात यह है कि जिस सड़क की हालत सबसे अधिक खराब है, उसी क्षेत्र में वार्ड-4 का नगर निगम कार्यालय स्थित है। यहां क्षेत्रीय पार्षद और एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी और नगर निगम अधिकारियों का नियमित आना-जाना भी रहता है, लेकिन इसके बावजूद सड़क और जल निकासी की समस्या पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। रहवासियों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि बारिश के मौसम को देखते हुए तत्काल जल निकासी की व्यवस्था सुधारी जाए और जर्जर सड़कों की मरम्मत कर लोगों को राहत दिलाई जाए।



वार्ड चार स्थित नगर निगम कार्यालय की सड़क पर भरा पानी।

## जाते-जाते दो जिंदगियां रोशन कर गईं स्व. मधु मेहरचंदानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



संत हिरदाराम नगर पूज्य सिंधी पंचायत के सचिव हरीश मेहरचंदानी की भाभी मधु मेहरचंदानी का देहावसान 30 जून को हो गया। दिवंगत के पति लालचंद मेहरचंदानी ने अपनी पत्नी की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। दिवंगत के नेत्र अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित की जाएगी।

सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2,345 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।

## पिस्टल और रिवॉल्वर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो पिस्टल और रिवाल्वर जब्त की है। अब तक क्राइम गिरोह के दस सदस्यों को गिरफ्तार कर 4 पिस्टल, 1 देशी कट्टा, 1 रिवाल्वर 5 कारतूस और 8 मोबाइल जब्त कर चुकी है। क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि आर्म्स एक्ट के फरार आरोपी रॉयल मार्केट क्षेत्र में देखे गए हैं। ब्रांच की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और ताजुल मस्जिद और यूनिक अस्पताल के पास घेराबंदी कर संदिग्धों को हिरासत में लिया। संदिग्धों की पहचान अकमल अली (21) चोकी इमामवाड़ा, कोतवाली और समी खान (19) रेड क्रॉस अस्पताल के पास हाथी खाना के रूप में की गई। संदिग्धों से पूछताछ की गई तो उन्होंने अवैध हथियार 'तालिब' नामक व्यक्ति से खरीदने की बात स्वीकारी। आरोपियों की निशानदेही पर क्राइम ब्रांच की टीम ने अकमल के पास से बेनाजीर ग्राउंड की दीवार से 1 रिवाल्वर और शमी के पास से वीआईपी गेस्ट हाउस के पीछे निर्माणाधीन बिल्डिंग से 1 पिस्टल बरामद की। पूर्व में क्राइम ब्रांच अवैध हथियार की खरीद फरोख्त करने वाले 8 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर 3 पिस्टल, 1 देशी कट्टा, 5 जिंदा कारतूस और 8 मोबाइल जब्त कर चुकी है।

■ 4 पिस्टल, 1 देशी कट्टा, 1 रिवॉल्वर 5 कारतूस और 8 मोबाइल जब्त

## नाबालिग बच्चों ने पिता की याद में किया पौधरोपण

# राजकुमार व अजय का जाना नगर की बड़ी क्षति: अग्रवाल



मंडीदीप नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र अग्रवाल, थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह और अन्य लोगों के साथ अपने पिता की याद में पौधरोपण करते हुए नाबालिग बेटे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लगंज

नगर में गुरुवार को नाबालिग दोनों बच्चों ने पिता की याद में पौधरोपण किया। अर्जुननगर के दो संगे भाइयों की विगत दिनों आग की चपेट में आने से मौत हो गई थी। गुरुवार को दोनों भाइयों की तेहरवीं के कार्यक्रम के अवसर पर मृतक राजकुमार लोधी के दोनों नाबालिग बेटों ने अपने पिता व चाचा की याद में पीपल के पौधे रोपे।

कार्यक्रम में मंडीदीप नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि दोनों युवा नगर के लिए अच्छा काम कर रहे थे, नगर को दोनों के जाने से क्षति हुई है। थाना प्रभारी भरतप्रताप सिंह राजपूत ने कहा कि नगर के लिए बड़ी घटना है। त्रिलोचन सिंह बिट्टू ने कहा कि दोनों युवा लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। रामेश्वर नागर ने कहा, कम उम्र में ही दोनों ने घर व समाज की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले ली थी।

### किशोरी का पीछा कर परेशान कर रहा था युवक, गिरफ्तार

**भोपाल।** हनुमानगंज पुलिस ने 13 साल की 7वीं कक्षा की छात्रा का पीछा कर उसे परेशान करने वाले मनचले पर छेड़छाड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले कुछ दिनों से छात्रा का स्कूल आते-जाते समय पीछा कर रहा था। छात्रा ने परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन उसे पुलिस थाने लेकर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया। वहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि 13 साल की किशोरी 7वीं कक्षा की छात्रा है। उसके घर से कुछ दूरी पर रहने वाला आरोपी सागर जोशी स्कूल आते जाते समय पीछा करता था। परेशान होकर किशोरी ने माता-पिता को जानकारी दी। माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी किशोरी को शादी करने का कहकर परेशान कर रहा था।



## विधायक पटवा भी शिविर में पहुंचे, किया उत्साहवर्धन

# एनीमिया निवारण शिविर में 15 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लगंज

सर्वनिदान हेल्थकेयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में एनीमिया निवारण शिविर के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन 1 से 7 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को 15 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी एवं थाना प्रभारी भी उपस्थिति थे। अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर अस्पताल संचालक ऋषभ जैन ने अतिथियों को अस्पताल की विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं, एनीमिया निवारण अभियान एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों से अवगत कराया।

## सामुदायिक भवन, धर्मशाला और ग्रामीणों में बच्चों के लिए नहीं बन सके उद्यान

# विधायक निधि से वित्तीय वर्ष 24-25 में भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में पानी के टैंकर और श्मशान घाट के निर्माण में खर्च की ज्यादा राशि




घटिया निर्माण के कारण जर्जर हालत में बस स्टॉप।

**घटिया निर्माण के कारण यात्री प्रतीक्षालय क्षतिग्रस्त**

करोड़ों की राशि से बनाए हुए यात्री प्रतीक्षालय के घटिया निर्माण से कुछ माह बाद ही उखड़ गई फर्शियां और कई जगहों पर लोग कब्जा कर चुके हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मध्यप्रदेश के भोजपुर विधानसभा में विधायक निधि से विधायक सुरेंद्र पटवा ने जहां ग्रामीण क्षेत्रों में यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया तो वही वित्तीय वर्ष 24- 25 में सबसे ज्यादा श्मशान शेड एवं पानी के टैंकर का वितरण किया। कहने को तो साल दर साल विधायक निधि शासन के द्वारा हितग्राहियों को वितरित एवं निर्माण कार्य में उपयोग किया जाता है, जिसमें विधायक की अनुशंसा से विधानसभा में करीब 691 हितग्राहियों को अलग-अलग धनराशि जिसमें करीब 75



करोड़ वितरित किए गए, जिसमें सबसे ज्यादा औबेदुल्लागंज ब्लॉक के हितग्राहियों को राशि प्राप्त हुई।

विधायक निधि से बचे हुए काम, जिसमें सामुदायिक भवन, धर्मशाला एवं ग्रामीणों के पानी के पानी के लिए हैंडपंप जैसी सुविधाएं आज भी नहीं मिली है। वित्तीय वर्ष 24-25 में पेवर ब्लॉक, चबूतरा निर्माण, जैन धर्मशाला में रेड सेंड पत्थर से सौंदर्यकरण किया गया। सुल्तानपुर में राधा बाई फाउंडेशन स्कूल में फर्नीचर, समेत करीब 45 लाख की राशि से निर्माण कार्य किए गए।

### पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी मिला लाभ

विधायक निधि से वितरित की जाने हितग्राहियों को राशि ऐसे लोगों को भी मिली, जो भाजपा के कार्यकर्ता हैं, जिसमें 5 हजार से लेकर 25 हजार तक की करीब 40 से अधिक कार्यकर्ता या उनके परिवार के खाते में राशि ट्रांसफर की गई।

### 94 लाख की राशि से 59 पानी के टैंकरों का वितरण

विधायक निधि से ग्रामीण पंचायत जिसमें उमरावगंज, सुल्तानपुर, बाड़ी, औबेदुल्लागंज, पंचायत समेत करीब 30 से अधिक पंचायतों में पानी के 5500 लीटर के टैंकरों का वितरण किया गया।

### जरूरतमंद लोगों के लिए किया कार्य



हमने हमेशा जरूरत मंद लोगों के लिए कार्य किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनों के यहां दुःख आपदा, शादी ब्याह, धार्मिक एवं सामुदायिक व्यवस्था को लेकर विधायक निधि से सभी वो काम करने की कोशिश की है, जो समाज के आखिरी पंक्ति तक फायदा पहुंच सके। ये मैंने हमेशा प्रयास किया है।

सुरेंद्र पटवा, विधायक, भोजपुर विधानसभा

# मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलकर चुनाव चिन्ह पर जताया अपना हक, 2 तिहाई से भी अधिक विधायक, जिला परिषद के सदस्य और कई पार्षद हमारे साथ

## चुनाव आयोग पहुंचा टीएमसी का बागी गुट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता ऋतब्रत बेनर्जी टीएमसी के 10 विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल साथ गुरुवार को चुनाव आयोग से मिले। यह मुलाकात पार्टी निधि के



स्वामित्व को लेकर थी। प्रतिनिधिमंडल मुख्यालय में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सहित पूर्ण पीठ से मिला। आयोग से ऋतब्रत ने कहा कि जून की 22 तारीख को कोलकाता में हमारा एक प्रतिनिधि सत्र आयोजित हुआ था।

### जल्द फैसले की उम्मीद जताई



बागी नेता ऋतब्रत बेनर्जी

ऋतब्रत ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से निवेदन किया था कि वे जितने भी सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल को अनुमति देंगे, हम यहां आकर पूरी बेंच से मुलाकात करेंगे। हम चुनाव आयोग को धन्यवाद देना चाहते हैं कि चुनाव आयोग की पूरी बेंच ने हमसे मुलाकात की। हम उम्मीद करते हैं कि आयोग जल्द ही हमसे संपर्क करेगा।उन्होंने आगे कहा कि हम ही ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस हैं। दो तिहाई से भी ज्यादा विधायक, जिला परिषद के सदस्य, पार्षद आदि सभी हमारे साथ है। ऐसे में (टीएमसी के चुनाव चिन्ह को लेकर) मांग की कोई बात ही नहीं है। जब भी पार्टी में इस तरह का सत्र होता है तो चुनाव आयोग को इसके बारे में तुरंत सूचित किया जाना चाहिए।

### पार्टी सिंबल की मांग की

टीएमसी नेता शुभाशीष दास आयोग से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा कि मैं प्रतिनिधिमंडल के साथ था। हमारी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश के साथ बैठक हुई। हमें जो कहना था, वह हमने उन्हें बता दिया है और उन्होंने उसे नोट कर लिया है बाद में वे हमें स्थिति के बारे में बताएंगे। हमने पार्टी के चुनाव चिह्न की मांग की।

## टीएमसी नेता शौकत के बेटे के कैफे पर चला बुलडोजर

टीएमसी नेता शौकत मोल्ला के बेटे के कैफे को गुरुवार को जिला प्रशासन ने बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया।



आरोप है कि सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर यह कैफे बनाया गया था। यह कैफे बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में था। सरकारी अफसरों ने दावा किया कि शौकतके परिवार को इस बारे में कई बार नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में कहा गया था कि इस अवैध निर्माण को हटा लिया जाए।

कलकत्ता उच्च न्यायालय बोला

## निजी बैंक टीएमसी के खातों में जमा राशि की जानकारी दें

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने टीएमसी के ममता बेनर्जी नीत धड़े की याचिका



पर सुनवाई करते हुए निजी बैंक के अधिकारियों को पार्टी के खातों में जमा राशि की जानकारी देने का निर्देश दिया। गुट ने पार्टी के बैंक खातों से लेन-देन पर लगी रोक को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने अगली सुनवाई के दौरान रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश दिया।

## खबर संक्षेप

### लोककला 'पिडिया-लेखन' को जीआई

**पटना।** बिहार की पारंपरिक लोककलाओं में शामिल पिडिया-लेखन अब नई पहचान के साथ



देश और दुनिया के सामने आ रही है। हाल ही में इस कला को जियोग्राफिकल इंडिकेशन टैग मिलने के बाद इसकी सांस्कृतिक अहमियत और बढ़ गई है। इस उपलब्धि के पीछे वर्षों की मेहनत करने वाली कलाकार विनीता कुमारी भी चर्चा में हैं।

### पूर्व जज को धमकी, जांच रिपोर्ट को गोपनीय रखें

**मुंबई।** केंद्र और मुंबई पुलिस ने पूर्व न्यायाधीश गौतम पटेल को 2024 के दाऊदी बोहरा उत्तराधिकार



फैसले को लेकर जान से मारने की कथित धमकियों की जांच से जुड़ी अपनी रिपोर्ट मुंबई उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की। इन्हें गोपनीय रखने का आदेश दिया।कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अनखड़ की खंडपीठ ने आदेश दिया।

### 3 पूर्व मंत्री, अन्नाद्रमुक नेता टीवीके में शामिल


**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक के नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. सी. विजयभास्कर, एमआर विजयभास्कर और एमए



एम आनंदन अपने-अपने समर्थकों के साथ गुरुवार को मामल्लापुरम में आयोजित एक कार्यक्रम में सत्तारूढ़ तमिलगा वेत्री कषगम में शामिल हो गये। अन्नाद्रमुक के ये नेता टीवीके के महासचिव एन. आनंद की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए।

### बंगाल में प्रबोधन का आज उद्घाटन करेंगे बिरला


**कोलकाता।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शुक्रवार को बंगाल विधानसभा के नवनिर्वाचित



विधायकों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा सचिवालय के संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान और बंगाल विधानसभा के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम न्यू टाउन स्थित 'विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर' में होगा।

### शाह का ओडिशा का 3 दिवसीय दौरा स्थगित

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का तीन जुलाई से प्रस्तावित ओडिशा का 3 दिनी दौरा नई दिल्ली



में आधिकारिक व्यस्तताओं के कारण स्थगित कर दिया गया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल ने कहा कि दिल्ली में कुछ व्यस्तताओं के कारण शाह का ओडिशा दौरा स्थगित कर दिया गया है। दौरे की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

## मानसून का रौद्र रूप : मुंबई, हिमाचल और जम्मू में आफत

# मुंबई भारी बारिश से पानी-पानी सब अस्त-व्यस्त, सड़कें 'जाम'

कोंकण क्षेत्र गोवा और दक्षिण गुजरात में रेड अलर्ट



मुंबई में गाड़ी पर गिरा पेड़

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेश यादव के मुताबिक मानसून जल्द ही पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और गुजरात के पश्चिमी तट के कुछ हिस्सों सहित अतिरिक्त क्षेत्रों को कवर करेगा। उन्होंने कहा कि 4-5 दिन में कोंकण क्षेत्र, गोवा और दक्षिण गुजरात में अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना है और इन क्षेत्रों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। ओडिशा और मध्य भारत में भी बहुत भारी वर्षा के आसार हैं। मुंबई के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण गंभीर समस्या की खबर है। जलभराव के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। तस्वीरों में वाहनों की लंबी कतार देखी गई। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में 2 जगह बादल फटने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। हिमाचल के लाहौल-स्पीति और चंबा में तीन जगह बादल फटने की घटनाएं सामने आईं। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के लिए हैली सेवा स्थगित करनी पड़ी है और देहरादून के जौलीग्रांट हवाईअड्डे से चार उड़ानों को दूसरी जगहों पर भेजना पड़ा है।

## उत्तराखंड, हिमाचल में मलबा घर में घुसा

मुंबई के अलावा उत्तराखंड में मानसून की तेज बारिश अब आफत बन रही है। चमोली जिले के ज्योतिर्मठ क्षेत्र में मलबा कुछ घरों में भारी मलबा घुस गया। एक अन्य पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में भी बारिश का कहर दिख रहा है। हिमाचल प्रदेश में मानसून की शुरुआत के साथ भारी बारिश और भूस्खलन से कई जिलों में व्यापक नुकसान हुआ है। लाहौल-स्पीति में दो और चंबा में एक स्थान पर बादल फटने से सड़कें, फसलें और संपर्क मार्ग प्रभावित हुए। मंडी जिले में पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई।



### उत्तराखंड के 5 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

उत्तराखंड के पांच जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बाकी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक फिलहाल बारिश से निजात मिलने के आशार नहीं है। कई इलाकों में भूस्खलन के खतरों को लेकर भी आगाह किया गया है।

### मुंबई के मेनहोल में गिरे एक और शख्स की मौत



मुंबई में साकीनाका पुलिस स्टेशन के इलाके में खुले मेनहोल में एक वरिष्ठ शख्स गिर गया। एजेंसियां शव की तलाश में जुटी हैं। खैरानी रोड पर पानी की निकासी वाली ग्रिल की मरम्मत का काम चल रहा था। 60 साल के असलम इसाक शेख नाम का एक पैदल यात्री गलती से खुले पड़े मैनहोल में गिर गया।

### बीएमसी ने 4 अफसरों को सस्पेंड किया मेयर भी नाराज, 10 लाख रु. मुआवजा

इस दर्दनाक हादसे पर मुंबई की मेयर रितु तावड़े ने बीएमसी प्रशासन के ढीले रवैये पर कड़ा गुस्सा जाहिर किया है। मेयर



ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। 2 साल पहले ही मैनहोल पर जाली लगाने का ठेका दे दिया गया था। अब रेड अलर्ट में काम क्यों किया जा रहा था? मेयर ने पीड़ित परिवार के लिए 10 लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया है। बीएमसी ने ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। बीएमसी के 4 जिम्मेदार अधिकारियों को सस्पेंड किया है।

### उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 4 से 6 जुलाई के दौरान बारिश का अलर्ट है। राजस्थान में 6 जुलाई तक बारिश होने की संभावना है। उत्तराखंड में भी मानसून पहुंच चुका है। यहां 2 से 6 जुलाई के दौरान बारिश होने की पूरी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है और 3 जुलाई के आसपास इन इलाकों में मानसून यहां और सक्रिय रहने की संभावना है। महाराष्ट्र के 2-3 जुलाई और दक्षिण गुजरात में 3 और 4 जुलाई को कहीं कहीं बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

आंध्र प्रदेश में औपचारिक शुरुआत

## चौहान और नायडू ने वीबी जी राम-जी योजना के कार्ड बांटे



एजेंसी ⏭ अमरावती

आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को तिरुपति जिले में वीबी जी राम जी योजना की औपचारिक रूप से शुरुआत की। विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 बुधवार से पूरे देश में लागू हो गया। इस कानून के तहत पात्र ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के गारंटीकृत मजदूरी आधारित रोजगार का वैधानिक अधिकार मिलेगा। चौहान ने कहा कि पहले 100 दिन रोजगार की गारंटी थी, जबकि विकसित भारत-जी राम जी योजना में इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। यह केवल रोजगार के दिनों में बढ़ोतरी नहीं, बल्कि गरीबों के प्रति सरकार की सोच में बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि योजना लागू होने के पहले ही दिन देशभर में लाखों मजदूरों को काम मिला है।

### सूचना पुस्तिका का विमोचन भी किया

सीएम नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और चौहान ने रेलवे ओबुलावरिपल्ले मंडल के मुक्कावरिपल्ले गांव में वीबी जी-राम-जी कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर नायडू, चौहान एवं पवन कल्याण ने लाभार्थियों को वीबी जी-राम-जी कार्ड वितरित किए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी वाली सूचना पुस्तिका का भी विमोचन किया। बाद में मुख्यमंत्री नायडू और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीबी जी-राम-जी पोर्टल की भी शुरुआत की ।

### 'हर हाथ को काम, हर पेट को रोटी' का संकल्प

चौहान ने संबोधन की शुरुआत 'नमः वेंकटेश्वराय' और 'गोविंदा-गोविंद' के जयकारों के साथ की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी योजना गरीबों और मजदूरों के लिए भगवान का आशीर्वाद है। प्रधानमंत्री का संकल्प है हर हाथ को काम और हर पेट को रोटी मिले। कोई भी मजदूर बिना रोजगार के न रहे।

### मनरेगा से आगे बढ़ी नई योजना

मंत्री चौहान ने कहा कि पहले मनरेगा के तहत 100 दिन रोजगार की गारंटी थी, जबकि विकसित भारत-जी राम जी योजना में इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल रोजगार के दिनों में बढ़ोतरी नहीं, बल्कि गरीबों के प्रति सरकार की सोच में बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि योजना लागू होने के पहले ही दिन देशभर में लाखों मजदूरों को काम मिला है।

कर्नाटक उच्च न्यायालय का फैसला

## 52 आपराधिक मामले वापस लेने के फैसले पर लगाई रोक

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को राज्य मंत्रिमंडल के उस फैसले पर रोक लगा दी जिसके तहत 52 आपराधिक मामलों में मुकदमा वापस लिया जाना था। इनमें 2022 के अलंद लाडले मशक दरगाह दंगे से जुड़े मामले भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति केएस हेमलेखा की पीठ ने प्रथम दृष्टया पाया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमे वापस लेने के लिए राज्य द्वारा सीआरपीसी की धारा 321 का इस्तेमाल करना, उच्च



न्यायालय के पहले के आदेश का उल्लंघन है। राज्य सरकार और अभियोजन को नोटिस जारी किया और 2 सप्ताह के में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। वकील गिरीश भारद्वाज ने अदालत में याचिका दायर करके 27 मई के उस सरकारी आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया था।

आयुष को वैश्विक पहचान की तैयारी

## सरकार और उद्योग जगत ने तैयार किया रोडमैप, लक्ष्य तय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत को आयुष क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व दिलाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण मंथन बैठक आयोजित की। बैठक में नवाचार, गुणवत्ता, निर्यात और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने व्यापक रोडमैप पर चर्चा की। यह विमर्श आयुष मंत्रालय और आयुष एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। बैठक में मुक्त व्यापार समझौतों से मिलने वाले अवसरों,



आयुष उत्पादों की वैश्विक ब्रांडिंग, निर्यात को बढ़ावा देने, गुणवत्ता मानकों, वैश्विक अनुपालन, वैज्ञानिक प्रमाणन, नवाचार तथा चुनौतियों पर चर्चा की। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य निर्यात बढ़ाना नहीं, वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारतीयल ब्रांड तैयार करना है।

डीजीपी के पास पहुंची रिपोर्ट, सियासत गरमाई

## विजय की कैबिनेट मीटिंग में 'गोपनीय' लोगों का 'बेवजह' प्रवेश अनुचित

सरकारी कार्यों की गोपनीयता पर संकट

एजेंसी ⏭ चेन्नई

तमिलनाडु के सीएम सी जोसेफ विजय के आसपास मंडराने वाले लोग कौन हैं? उनकी जिस तरह से सरकार से लेकर टीवीके के संगठन तक में सुलभ एंट्री है, इससे सरकारी कार्यों की गोपनीयता पर किसी तरह का संकट है। ये सियासी गलियारों में अब यह गंभीर चर्चा का मुद्दा बन चुका है। विजय के आसपास रहने वालों में उनके राजनीतिक सलाहकारों के अलावा फिल्मों के मैनेजर, प्रोडक्शन कंट्रोलर, कैंपेन स्ट्रैजिस्ट, पत्रकार, कारोबारी के अलावा लंबे समय से वफादारी निभा रहे लोग शामिल हैं।




### डीएमके ने की शिकायत

डीएमके की ओर से इस संबंध में तमिलनाडु के डीजीपी के पास 30 जून को औपचारिक शिकायत की गई है और जॉन अरोकिआसामी और विष्णु रेड्डी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

**ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट का उल्लंघन :** शिकायत में कहा गया कि इस तरह से अनिधिकृत लोगों का अहम और गोपनीयता वाली जगहों पर मौजूद होना ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट और अन्य कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन है। सीएम गोपनीयता से बंधे हुए हैं और सरकारी कार्यों की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है।

पेट्रोलियम मंत्री पुरी ने दिए सकारात्मक संकेत

# तेल की कीमतें गिरी, फ्यूल के दाम घटाने पर करेंगे विचार

## कंपनियां एशिया संकट के दौरान खरीदे गए कच्चे तेल को तैयार कर रहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि अगर सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल के दाम घट सकते हैं। पुरी ने कहा कि तेल कीमतों के कुछ सप्ताह तक निचले स्तर पर बने रहने पर पेट्रोल-डीजल के दाम में कटौती पर विचार करना उचित होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम घटे हैं लेकिन कंपनियां अब भी पश्चिम एशिया संकट के दौरान खरीदे गए कच्चे तेल का ही प्रोसेसिंग कर रही हैं। पुरी ने बताया कि 30 जून की अवधि तक पेट्रोल-डीजल और एलपीजी को लागत से कम दाम पर बेचने की वजह से पेट्रोलियम कंपनियों को 74,781 करोड़ का नुकसान हुआ है।



### कटौती का दौर शुरू

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण कटौती का दौर शुरू हो गया है। 1 जुलाई को विमान ईंधन और कॉमर्शियल एलपीजी की कीमतों में कटौती की गई। निजी ईंधन खुदरा कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल के दाम घटाए, जो दो साल से अधिक समय में उसकी पहली कटौती है।

**तेल कंपनियों पर टिकी निगाहें**

अब सरकारी तेल कंपनियों पर निगाहें हैं। इंडियन ऑयल और एचपी जैसी कंपनियां कब तक पेट्रोल-डीजल के दाम घटाती हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन,भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड अहम हैं।

### अप्रैल-मई में खरीदे गए ईंधन की प्रोसेसिंग हो रही

कंपनियां ईंधन उत्पादन के लिए कच्चा तेल आमतौर पर कम-से-कम दो महीने पहले खरीदती हैं। ऐसे में वर्तमान में जिस कच्चे तेल का प्रोसेसिंग हो रहा है, वह मुख्य रूप से अप्रैल या मई की शुरुआत में खरीदा गया था जब कीमतें काफी ऊंची थीं। जून के दूसरे पखवाड़े से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आनी शुरू हुई है। पुरी ने कहा कि कंपनियां ईंधन उत्पादन के लिए कच्चा तेल आमतौर पर कम-से-कम दो महीने पहले खरीदती हैं। अप्रैल या मई की शुरुआत में खरीदा गया था।

दौसा सड़क हादसा

## जले शवों की पहचान को डीएनए रिपोर्ट का इंतजार कर रहे लोग

एजेंसी ⏭ दौसा

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण बस हादसे के बाद भी कई परिवारों का इंतजार खत्म नहीं हुआ है। जिला



अस्पताल में परिजन शवों की पहचान के लिए डीएनए रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। किसी को पिता का अंतिम दर्शन करना है तो किसी को पत्नी या बेटी के शव की पहचान का इंतजार है। अस्पताल परिसर में हर वाहन के पहुंचते ही परिजनों की निगाहें उसी ओर उठ रही हैं।

### 12 विसरा सैंपल जयपुर लैब भेजे गए

हादसे में कई शव इतनी बुरी तरह जल गए कि उनकी पहचान संभव नहीं हो सकी। कुछ शव कई हिस्सों में बंट गए थे। ऐसे में जिला प्रशासन ने पहचान के लिए 12 विसरा सैंपल डीएनए जांच हेतु जयपुर स्थित एफएसएल भेजे हैं। कलेक्टर सौम्या झा ने बताया कि परिजनों के रक्त नमूने भी लिए जा रहे हैं।

# आईएनएस त्रिकंड ने अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती का प्रयास किया विफल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने अरब सागर की सुरक्षा में एक बार फिर अपनी सजगता और त्वरित कार्रवाई का प्रमाण दिया है। आईएनएस त्रिकंड ने अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती के प्रयास को नाकाम कर दिया। सेंट विंसेंट और ग्रेनाडाइन्स के झंडे वाले बल्क कैरियर 'एमवी गोल्डन आर्सेनल' पर समुद्री लुटेरों के हमले की कोशिश की खबर मिली। यह जहाज यमन के अदन से 21 क्रू सदस्यों (जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल था) के साथ जा रहा था और 26 जून की दोपहर जिबूती से लगभग 300 नॉटिकल मील पूर्व-उत्तर-पूर्व में था।

भारतीय नौसेना के युद्धपोत के पास आने की सूचना मिलते ही समुद्री डाकू भाग निकले। मार्कोस कमांडोस ने जहाज पर पहुंचकर पूरी तलाशी ली और पुष्टि की कि कोई खतरा शेष नहीं है

- 21 क्रू में एक भारतीय शामिल
- एमवी गोल्डन आर्सेनल ने भेजा डिस्ट्रेस सिग्नल


आईएनएस त्रिकंड

- भारतीय नेवी के जहाज को आता देख भागे लुटेरे
- नौसेना के टोही पी8आई विमान ने भी की मदद

## समुद्री डाकुओं ने किया हमला

जब समुद्री डाकुओं ने जहाज पर हमला करने की कोशिश की, तो एमवी गोल्डन आर्सेनल पर सवार क्रू सदस्यों ने खुद को सुरक्षित कमरे में बंद कर लिया और डिस्ट्रेस सिग्नल भेजा। आईएनएस त्रिकंड ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जहाज की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। भारतीय नौसेना के युद्धपोत के पास आने की सूचना मिलते ही समुद्री डाकू भाग निकले।

### नौसेना क्षेत्र में निरंतर गश्त कर रही

ये दोनों घटनाएं दिखाती हैं कि भारतीय नौसेना क्षेत्र में निरंतर गश्त कर रही है। समुद्री डकैती के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपना रही है। भारतीय नौसेना इन दिनों हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ती समुद्री सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रही है।


सुरक्षित बचाए गए लोग

### किसी क्रू सदस्य को नुकसान नहीं

यह घटना अदन की खाड़ी में हुई, जो विश्व व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो ने जहाज पर बोर्डिंग की और पूरे क्षेत्र को सुरक्षित घोषित किया।

**इससे पहले भी त्रिकंड ने की थी मदद**
कुछ दिन पहले 17 जून 2026 को आईएनएस त्रिकंड ने पश्चिमी हिंद महासागर में एमवी फरीदा 5 नामक जहाज से आए डिस्ट्रेस कॉल पर तुरंत प्रतिक्रिया दी थी। उस समय भी भारतीय नौसेना ने शीघ्रता से कार्रवाई कर पाइरेसी के खतरे को टाल दिया और व्यापारी जहाज की सुरक्षा सुनिश्चित की।

## खबर संक्षेप

### ईयू कोर्ट में गूगल पर 4.1 लाख करोड़ की पेनाल्टी

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ (ईयू) की सबसे बड़ी अदालत ने एंड्रॉयड से जुड़े एंटीट्रस्ट मामले में गूगल की अपील खारिज कर दी है। इसके साथ ही कंपनी पर लगाया गया 4.1 अरब यूरो (करीब 4.10 लाख करोड़ रुपए) का रिकॉर्ड जुर्माना बरकरार रहेगा। यह मामला पिछले आठ साल से चल रहा था। यह जुर्माना पहली बार 2018 में यूरोपीय आयोग ने लगाया था। आयोग का आरोप था कि गूगल ने एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम का इस्तेमाल करके अपने सर्च और क्रोम ब्राउज़र को बढ़ावा दिया और दूसरी कंपनियों के लिए कंपटीशन करना मुश्किल बना दिया।




### रूस का कीव पर हमला 20 की मौत, 90 घायल

**कीव।** रूस ने गुरुवार की सुबह यूक्रेन की राजधानी पर मिसाइलों और ड्रोन से बड़े पैमाने पर हमला किया। इसके कारण भीषण विस्फोट हुए। कीव शहर के सैन्य प्रशासन प्रमुख तैमूर टकाचेंको ने बताया कि हमलों में आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे बच्चों समेत बड़ी संख्या में नागरिक प्रभावित हुए और कई इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा। हमले में 20 लोगों की मौत हो गई और 90 लोग घायल हो गए। बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों तथा ड्रोन से हुए हमले ने नीप्रो नदी के दोनों किनारों पर स्थित शहर के सभी 10 जिलों को प्रभावित किया।



### थाई भिक्षुओं के समूह को कुचला, 9 की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में एक पिकअप ट्रक चला रहे 11 वर्षीय लड़के ने तीर्थयात्रा पर जा रहे भिक्षुओं के समूह को कुचल दिया। इस दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गई। मुकदहन प्रांत के कुल 35 भिक्षु तीर्थयात्रा पर निकले थे। मुकदहन के गवर्नर वोरयान बूननारत के अनुसार, पांच भिक्षुओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार भिक्षुओं ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। 13 अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से तीन भिक्षुओं की हालत गंभीर है। यह समूह उबोन रत्चाथानी प्रांत तक की 260 किमी लंबी पदयात्रा पर निकला था।



## भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच में पीएम मोदी का ऐलान

# देश में लगेंगे 1000 बायोगैस प्लांट, गांवों को मिलेगा बड़ा फायदा, किसानों की बढ़ेगी आय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने कहा कि भारत-जापान मिलकर सेमीकंडक्टर, क्वांटम तकनीक और एडवांस्ड मैटेरियल्स जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सप्लाई चेन को अधिक मजबूत और भरोसेमंद बनाया जाएगा। दोनों देश भविष्य की तकनीकों में सहयोग बढ़ाकर वैश्विक चुनौतियों का मिलकर सामना करेंगे

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जापानी की पीएम सनाए ताकाइची से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन में जापानी पीएम का भव्य स्वागत किया गया। सैनिकों की टुकड़ी ने जापानी पीएम के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर भी पेश किया। औपचारिक स्वागत के दौरान सैनिकों के दल ने संगीत की प्रस्तुति भी दी। इसके बाद एक द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों पीएम ने भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच में भाग लिया।

इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में भारत और जापान ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। उन्होंने बताया कि भारत जापान बायो गैस इनीशिएटिव के तहत भारत में एक हजार बायोगैस और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर प्लांट लगाए जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इस पहल से गांवों में टिकाऊ विकास को बढ़ावा मिलेगा, किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण रोजगार के नए अवसर बनेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा और जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में यह पहल भारत के ग्रामीण विकास के लिए अहम साबित होगी।

*भारत की विशाल क्षमता और जापान की गुणवत्ता साथ आए*

*भारत के साथ एक नए बदलाव का भी प्रस्ताव दिया जापान ने*



पीएम मोदी और जापान की पीएम सनाए ताकाइची

### आर्थिक सुरक्षा मजबूत करने संयुक्त रोडमैप तैयार किया

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और जापान ने आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक संयुक्त रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत सेमीकंडक्टर, क्वांटम तकनीक और एडवांस्ड मैटेरियल्स जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सप्लाई चेन को अधिक मजबूत और भरोसेमंद बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश भविष्य की तकनीकों में सहयोग बढ़ाकर वैश्विक चुनौतियों का मिलकर सामना करेंगे।

### एक साल में 120 कारोबारी समझौते

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और जापान की निवेश साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में दोनों देशों के बीच करीब 120 नए बिजनेस एग्रीमेंट हुए हैं, जिनके जरिए भारत में 10 अरब डॉलर से अधिक का जापानी निवेश आएगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की विशाल क्षमता और जापान की गुणवत्ता को मिलाकर दुनिया को सस्ती, भरोसेमंद और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी दोनों देश मिलकर काम करेंगे।

### 100 साल से अधिक पुराना नाता

पीएम मोदी ने कहा कि यहां कई कंपनियों के भारत के साथ लंबे समय से संबंध रहे हैं, कुछ संबंध तो 100 साल से भी अधिक समय से। मैं इंडिया-जापान की सफलता की कहानी का हिस्सा बनने के लिए इस मंच से जुड़ने वाले नए दोस्तों का दिल से स्वागत करता हूं।




### सुजुकी खरखौदा प्लांट का किया उद्घाटन

पीएम नरेंद्र मोदी और जापान की पीएम सनाए ताकाइची ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरियाणा के खरखौदा में मारुति सुजुकी इंडिया के नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। गुरुग्राम, मानेसर और गुजरात के बाद खरखौदा में स्थित यह मैन्युफैक्चरिंग प्लांट भारत में मारुति सुजुकी की चौथी सबसे बड़ी फैक्ट्री है।

### क्षेत्रीय मजबूती जरूरी



जापान की पीएम सनाए ताकाइची ने कहा कि आज दुनिया में संरक्षणवाद, आर्थिक दबाव जैसी नई चुनौतियां सामने हैं। ऐसे समय में क्षेत्र को अधिक स्वायत्त और मजबूत बनाना जरूरी है।

## भारत-जापान के संबंध लगातार मजबूत हुए

# दोनों देशों ने व्यापार और निवेश को अगले स्तर पर ले जाने के लिए जताई प्रतिबद्धता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि निवेश भारत-जापान साझेदारी का अहम आधार है और इसी के जरिए दोनों देशों के संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। 'द इंडो-जापान स्ट्रैटेजिक डायलॉग' में उन्होंने कहा कि भारत-जापान की साझेदारी का प्रमुख केंद्र निवेश रहा है और दोनों देश इसे अगले स्तर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

- भारत जापान को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद निर्यात कर रहा

गोयल ने कहा कि मारुति सुजुकी लगभग 40 साल पहले भारत आई और आधुनिक, किफायती तथा टेक्नोलॉजी आधारित गाड़ियां लेकर आई, जिसने भारत को ऑटोमोबाइल क्षेत्र में वैश्विक ताकत बनने की राह पर आगे बढ़ाया। उन्होंने बताया कि मई महीने में भारत में बिकी 4 लाख पैसेंजर गाड़ियों में से 1.47 लाख मारुति सुजुकी की थीं।

### बुनियादी ढांचे में जापान का बड़ा योगदान

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का पहला डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ओडिशा में जापान की साझेदारी से बनाया गया, जिससे लौह अयस्क के परिवहन को गति मिली। भारत-जापान व्यापार केवल आयात-निर्यात तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के बीच तकनीक और निवेश का मजबूत रिश्ता भी विकसित हुआ है। हम कच्चा माल या इंटरमीडिएट उत्पाद नहीं बेच रहे हैं।

### जापान में भारतीयों के लिए बढ़ेंगे अवसर

*पीयूष गोयल ने कहा कि जापान में विशेष रूप से हेल्थकेयर क्षेत्र में भारतीय पेशेवरों के लिए बड़े अवसर मौजूद हैं। जापान की बढ़ती उम्र वाली आबादी के कारण प्रशिक्षित केयरगिवर्स की मांग लगातार बढ़ रही है, लेकिन इसके लिए जापानी भाषा और संस्कृति की जानकारी आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति के पास भाषा कौशल के साथ जापानी संस्कृति की समझ भी हो, तो उसके लिए जापान में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।*

## इसरो मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

# परिसर की गहन तलाशी में कुछ नहीं मिला, फर्जी निकला ईमेल




एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद गुरुवार को सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

हालांकि, जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और बाद में यह धमकी फर्जी साबित हुई। पुलिस के अनुसार, धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस टीम, डॉग स्क्वॉयड और बम निरोधक एवं बम खोजी दस्ता (बीडीडीएस) इसरो मुख्यालय पहुंचा। एहतियात के तौर पर भवन में मौजूद सभी कर्मचारियों को बाहर निकाला गया और पूरे परिसर की गहन तलाशी ली गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जांच के बाद धमकी को फर्जी बताया है।

## अमेरिका के मोटल में लगी आग

# दम घुटने से गुजरात के एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत


ईशानी, हितेष और हिनाबेन सुथार

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अमेरिका के मैसाचुसेट्स राज्य के वुस्टर शहर स्थित इकोनो लॉज मोटल में लगी भीषण आग में गुजरात के खेड़ा जिले के नडियाद निवासी एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान हितेशभाई सुथार, उनकी पत्नी हिनाबेन सुथार और 20 वर्षीय बेटी ईशानी सुथार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, यह परिवार करीब दो साल पहले बेहतर भविष्य की तलाश में अमेरिका गया था और वहीं बस गया था। हितेशभाई उसी इकोनो लॉज मोटल में काम करते थे और उनका परिवार भी मोटल परिसर में ही रहता था। रविवार देर रात करीब 1:30 बजे मोटल में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी, जिसके बाद परिवार कमरे में ही फंस गया।

## खान क्वेस्ट 2026 में सेना का युद्धाभ्यास




### शांति रक्षा अभियान में लिया भाग

*उलानबटार। मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में इन दिनों बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'खान क्वेस्ट 2026' चल रहा है। भारतीय सेना की टुकड़ी ने 18 देशों की संयुक्त राष्ट्र शांति-रक्षा अभियानों से जुड़े संयुक्त अभ्यास किए। इनमें पेट्रोलिंग, घेराबंदी और तलाशी अभियान तथा मानवीय सहायता से जुड़ी गतिविधियां शामिल थीं। इन अभ्यासों का मकसद मुश्किल ऑपरेशनल हालात में आपसी तालमेल, संचार और मिलकर काम करने की क्षमता को बेहतर बनाना था।*

## पाकिस्तानी हैंडलर के इशारे पर दिल्ली को दहलाने की साजिश नाकाम

# आईएसआई के 4 आतंकी गिरफ्तार, विदेशी हथियार बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़े अंतरराज्यीय ऑपरेशन में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकी और हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में पंजाब और दिल्ली से 4 आंतकियों को गिरफ्तार किया है, जो पाकिस्तानी हैंडलर के इशारे पर राजधानी को दहलाने की साजिश रच रहे थे। पकड़े गए आतंकियों के पास से तुर्की मेड जिगाना पिस्टल समेत दो विदेशी पिस्टल, नौ कारतूस और पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

दिल्ली में धार्मिक स्थलों की रेकी कर पाक भेज रहे थे थानों और मंदिरों के वीडियो


(बाएं से दाएं) आरोपी साजन उर्फ हनी, गगनप्रीत, रिषी, शुभदीप

### ड्रोन से हथियार व ड्रग्स रिसीव करते

सबसे पहले पंजाब के अमृतसर (मजीठा रोड) से शुभदीप सिंह उर्फ विशाल को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक सेमी-आटोमैटिक पिस्टल, पांच कारतूस और दो मोबाइल मिले। पूछताछ में उसने कुबूल किया कि वह शाहजाद भट्टी नेटवर्क के पाकिस्तानी हैंडलर्स के सीधे संपर्क में था और ड्रोन के जरिए हथियार व ड्रग्स की खेप रिसीव करता था।

### युवाओं को जाल में फंसाया

स्पेशल सेल के डीसीपी प्रवीण कुमार त्रिपाठी के मुताबिक पाकिस्तान में बैठा आईएसआई हैंडलर शाहजाद भट्टी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर दिल्ली एनसीआर में किसी बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इसके लिए उसने पंजाब के स्थानीय युवाओं को अपने जाल में फंसाया था। शुरुआती जांच के बाद स्पेशल सेल ने दिल्ली और पंजाब में कई जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की।

### मोबाइल से कई आपत्तिजनक सबूत

शुभदीप से मिली जानकारी के आधार पर पंजाब से उसके दो और साथियों गुरजंत सिंह उर्फ ऋषि और साजन सिंह उर्फ हनी को दबोच लिया गया। इनके पास से 'जिगाना पिस्टल' और चार कारतूस बरामद हुए। इसी कड़ी में आगे कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गगनप्रीत नाम के चौथे आतंकी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके मोबाइल से कई आपत्तिजनक सबूत मिले हैं। पकड़े गए आरोपियों में से गगनप्रीत को पाकिस्तानी हैंडलर्स ने बेहद खतरनाक काम सौंपा था।

## दोहा में अमेरिका-ईरान वार्ता से बढ़ी उम्मीद

# 14 सूत्रीय एमओयू के मुद्दों पर हुई सकारात्मक प्रगति

एजेंसी ▶▶ दोहा

कतर के पीएम के सलाहकार और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल अंसारी के अनुसार पाक ने दोहा में अमेरिकी और ईरानी वार्ताकारों के साथ अलग-अलग बैठकें संपन्न कीं। जिनमें 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) से संबंधित मुद्दों पर सकारात्मक प्रगति दर्ज की गई। यह वार्ता लेक ल्यूसर्न शिखर सम्मेलन के परिणामों पर आधारित थी।


माजेद अंसारी

### महबूबा श्रद्धांजलि देने ईरान जाएंगी

*ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गेरिटा और बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन शुक्रवार को ईरान जाएंगे। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती भी उन्हें श्रद्धांजलि देने ईरान जाएंगी। खामेनेई की अंतिम यात्रा 4 से 9 जुलाई तक ईरान और इराक के अलग- अलग स्थानों पर करने की योजना हैं।*

बच्चो, इन दिनों सबसे पॉपुलर खेलों में से एक फुटबॉल वर्ल्ड कप का आयोजन अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में संयुक्त रूप से हो रहा है। 11 जून से शुरू हुआ फीफा वर्ल्ड कप 19 जुलाई को समाप्त होगा। क्या तुम जानते हो कि फुटबॉल की शुरुआत कैसे हुई, यह वर्तमान स्वरूप में कैसे पहुंचा? यहां हम इनके बारे में तुम्हें बता रहे हैं। साथ ही फुटबॉल के महान खिलाड़ियों और इससे जुड़े कुछ रोचक फैक्ट्स के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं।

स्पोर्ट्स नॉलेज

शिखर चंद जैन

# जोश-जुनून से भरपूर रोमांचक खेल फुटबॉल




बच्चो, फुटबॉल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में एक है। इसे 'द ब्यूटीफुल गेम' भी कहा जाता है। अधिकतर देशों में लोग फुटबॉल बड़े चाव से खेलते हैं। इन दिनों फुटबॉल की चर्चा इसलिए भी हर तरफ हो रही है, क्योंकि बीते 11 जून से फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा रहा है। अरबों लोग इस खेल टूर्नामेंट को टीवी या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख रहे हैं। तुम भी अलग-अलग देशों की फुटबॉल टीमों के रोमांचक मुकाबले देख रहे होगे। हालांकि आज का आधुनिक फुटबॉल खेल हमेशा से ऐसा नहीं था। यह खेल हजारों वर्षों में कई बदलावों से गुजरकर अपने वर्तमान स्वरूप तक पहुंचा है।

**प्राचीन काल में हुई शुरुआत:** फुटबॉल की शुरुआत लगभग 2,000 साल पहले चीन में खेले जाने वाले 'सु-जू' नामक खेल से मानी जाती है। इसमें खिलाड़ी चमड़े की गेंद को बांस के खंभों के बीच लगे जाल में पहुंचाने की कोशिश करते थे। इसके अलावा प्राचीन ग्रीस और रोम में भी गेंद से खेले जाने वाले कई खेल प्रचलित थे, जिन्हें आधुनिक फुटबॉल का शुरुआती रूप माना जाता है।



फुटबॉल जैसा खेल सु-जू

**ऐसे हुई वर्तमान स्वरूप की शुरुआत:** आधुनिक फुटबॉल की नींव इंग्लैंड में रखी गई। अक्टूबर 1863 को लंदन में फुटबॉल क्लबों की बैठक हुई, जहां पहली बार इस खेल के आधिकारिक नियम तैयार किए गए। इसी बैठक के बाद 'फुटबॉल एसोसिएशन' की स्थापना हुई। पहले खिलाड़ी हाथ और पैर दोनों से खेलते थे। लेकिन नए नियमों में तय किया गया कि गेंद को मुख्य रूप से पैरों से खेला जाएगा। यहीं से फुटबॉल खेल के वर्तमान स्वरूप की शुरुआत मानी जाती है। बाद में वर्ष 1904 में फीफा की स्थापना हुई, जो आज दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल का संचालन और नियम तय करने वाली सर्वोच्च संस्था है।

**फुटबॉल से जुड़े आविष्कार:** फुटबॉल का आविष्कार किसी एक व्यक्ति ने नहीं किया, बल्कि यह समय के साथ विकसित हुआ। हालांकि कुछ लोगों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। चार्ल्स गुडईयर ने 1855 में पहली रबर की फुटबॉल तैयार की। इससे पहले गेंद जानवरों के ब्लैडर से बनाई जाती थी, जो ज्यादा टिकाऊ नहीं होती थी। फुटबॉल के शुरुआती नियमों और इस खेल की संरचना को विकसित-व्यवस्थित करने में इंग्लैंड के कई फुटबॉल क्लबों एवं इस खेल से जुड़े प्रशासकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रॉबर्ट एबट ने फुटबॉल के गोल पोस्ट और इससे संबंधित कई महत्वपूर्ण नियमों को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। *


## विश्व के महान फुटबॉल-प्लेयर्स




**पेले:** ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले को 'किंग ऑफ फुटबॉल' और 'ब्लैक पर्ल' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर में 1,000 से अधिक गोल किए। वे ब्राजील को तीन फीफा विश्व कप जिताने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी हैं।



**डिएगो मैराडोना:** अर्जेंटीना के खिलाड़ी डिएगो मैराडोना भी एक महान फुटबॉलर थे। उनका 'सदी का सबसे शानदार गोल' आज भी याद किया जाता है। फुटबॉल खेलने के दौरान उनकी ड्रिब्लिंग अद्भुत थी।



**लियोनेल मेसी:** मेसी को फुटबॉल इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने कई व्यक्तिगत रिकॉर्ड्स बनाए। 2022 में अर्जेंटीना को फुटबॉल विश्व कप जिताने में मेसी का महत्वपूर्ण योगदान था।



**क्रिस्टियानो रोनाल्डो:** पुर्तगाल के फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी फिटनेस, रफ्तार और हवा में ऊंची छलांग लगाकर हेडर मारने के लिए मशहूर हैं। वे अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।



**जिनेदिन जिदान:** फ्रांस के महान मिडफील्डर जिनेदिन जिदान अपनी शानदार तकनीक, बेहतरीन पासिंग और खेल की समझ के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। इन्हें 'मैदान का जादूगर' कहा जाता था।

## इंट्रेस्टिंग फैक्ट्स और रिकॉर्ड्स



फुटबॉलर हाकन शुकुर (व्हाइट जर्सी में)

**सबसे तेज गोल:** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड तुर्की के हाकन शुकुर के नाम है। 2002 फीफा विश्व कप में तुर्की के हाकन शुकुर ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच शुरू होने के सिर्फ 10.8 सेकेंड बाद गोल कर इतिहास रच दिया।

**सबसे ज्यादा बार वर्ल्ड कप विजेता:** ब्राजील ने अब तक सबसे ज्यादा 5 बार फीफा विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की है।

**सबसे ज्यादा दर्शक:** 1950 विश्व कप के ब्राजील और उरुग्वे के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले को रियो डी जेनेरियो के माराकाना स्टेडियम में अब तक के सबसे ज्यादा लगभग दो लाख दर्शकों ने प्रत्यक्ष देखा था।



छोटी कहानी

रवि प्रकाश

# किताब का जादू

कबीर कक्षा सात का एक ऐसा छात्र था, जिसे लोग 'नोटिस' ही नहीं करते थे। वह न पढ़ाई में सबसे आगे था, न खेलकूद में। उसे लगता- इस बड़े से स्कूल की भीड़ में वह एक खोया हुआ बच्चा है। जब शिक्षक कोई सवाल पूछते, जवाब पता होते हुए भी कबीर अपना हाथ नहीं उठाता। उसे डर लगता था कि कहीं सब बच्चे उस पर हंस न दें।

एक दिन बाहर मूसलाधार बारिश हो रही थी। खेल का मैदान पानी से लबालब भरा था। कबीर स्कूल के पुस्तकालय के एक शांत कोने में जाकर बैठ गया। खिड़की पर बूंदें 'टप-टप' गिर रही थीं। अंदर पुरानी किताबों की एक सोंधी-सी महक फैली थी।

तभी उसकी नजर रैक के सबसे नीचे दबी एक फटी जिल्द वाली किताब पर पड़ी। उसने उसे बाहर निकाला। किताब का शीर्षक था- 'हौसलों की उड़ानः जिन्होंने दुनिया बदल दी।'

कबीर ने किताब पढ़ना शुरू किया। उसने पढ़ा कि महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन को बचपन में 'मंदबुद्धि' कहकर स्कूल से निकाल दिया गया था। कबीर ने इस किताब में यह भी पढ़ा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन एक नहीं दर्जनों बार चुनाव हारे थे। किताब के बीचों-बीच एक अनमोल वचन लिखा था- 'सूरज की तरह चमकने के लिए, पहले उसकी तरह जलना पड़ता है।' इस एक कथन ने कबीर के भीतर जैसे आत्मविश्वास का कोई सोता खोल दिया। उसे समझ में आ गया- प्रतिभा जन्म से नहीं, जिज्ञासा और मेहनत से आती है। उसने वह किताब पुस्तकालय से जारी करवाई और किसी खजाने की तरह संभालकर घर ले गया।

अब उसका खाली समय फोन या टीवी पर नहीं, प्रयोग करने में बीतने लगा। उसने अपने गांव का गंदा तालाब देखा और एक 'कम लागत वाला जल शोधक' (लो कॉस्ट वाटर फिल्टर) बनाने की ठान ली। घर के स्टोर रूम से पाइप, कोयला, कंकड़ और रेत इकट्ठा किया। कई बार पानी साफ नहीं हुआ। कई बार पाइप टूट गया और कमरे में कीचड़ फैल गया, लेकिन कबीर हारा नहीं, रुका नहीं। जब तब वह इस जादुई किताब के पन्ने पलटते रहता। बहुत कुछ जानता-सीखता। इनके आधार पर प्रयोग करता।




एआई इमेज

विज्ञान प्रदर्शनी के दिन कबीर का स्टाल सबसे पीछे था। बड़े-बड़े स्कूलों के बच्चे अपने महंगे-महंगे साइंटिफिक मॉडल लेकर आए थे। लेकिन जब निर्णायकों ने कबीर के साधारण से फिल्टर से गंदे नाले का पानी कांच जैसा साफ होते देखा-वे दंग रह गए।

जब बेस्ट इनोवेटर का पुरस्कार कबीर के नाम घोषित हुआ, तो मंच पर जाते समय उसका सिर गर्व से ऊंचा था। प्रिंसिपल ने पूछा, 'कबीर, यह प्रेरणा तुम्हें कहां से मिली?'


कबीर मुस्कुराया और बोला, 'सर, मुझे एक जादू की छड़ी मिल गई थी, जो पुस्तकालय की अलमारी में बरसों से मेरा इंतजार कर रही थी, उसी से कुछ कर दिखाने की प्रेरणा मिली।'

***सीख:*** *अच्छी किताबें केवल छपे अक्षर नहीं होतीं, वे बंद मस्तिष्क के ताले खोलने की चाबियां होती हैं। एक सही किताब हमारी जिंदगी की दिशा बदल देती है।* *

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

# सरल-सरस-मनोरंजक बाल कविताएं

कविताएं केवल मनोरंजन ही नहीं करें, गुदगुदाएं भी तो कहने क्या! कुछ इसी तरह का आनंद तुम्हें बाल साहित्यकार डॉ. सुरेश अवस्थी द्वारा रचित बाल कविताओं का संकलन 'बच्चों की फुलवारी' पढ़कर मिलेगा। इस संकलन में छोटी-बड़ी कुल 22 रोचक-मनोरंजक कविताएं हैं। संकलन की पहली कविता 'चूहे' बड़ी मजेदार है, इसमें तुम पढ़ोगे कि कैसे घर में उधम मचाते हुए चूहे पानी से भरे घड़े में गिर जाते हैं, पापाजी की अलमारी से नोट उड़ा ले जाते हैं, लेकिन बिल्ली को आता हुआ देखकर अपनी जान बचाते हुए भागकर बिल में छिप जाते हैं। एक कविता में तुम पढ़ोगे कि बंदर मामा नकली पंडित बनकर ब्याह कराने तो बड़े मजे से आते हैं, लेकिन मंत्र न पढ़ पाने के कारण उन्हें हंसी का पात्र बनकर भागना पड़ता है। 'जलेबी' कविता में तो जलेबी को अन्य कई मिठाइयों की रिश्तेदार बताया गया है। उसे इमरती की बहन, रसगुल्ले की चाची, काला जाम की बुआ बताते हुए नरम-रसभरी कहा गया है। 'मेला' कविता में रंग-बिरंगे गुब्बारे हैं, लड्डू-पेड़ा है, झूलों और खेल-खिलौनों का संसार है। 'बूढ़ी दादी' कविता में एक बच्चा पहले दादी से पके बाल, पिचके गाल और दांत न होने की बातें पूछता है फिर बड़े प्यार से 'करवा दो तुम मेरी शादी, बूढ़ी दादी-बूढ़ी दादी' कहकर कविता में रस घोल देता है। 'मेरी कलम', 'आई रेल', 'गुड़िया की ससुराल', 'रोज सवेरे', 'तितली' और 'छम-छम नाचे वर्षा रानी' जैसी कविताएं इतनी सरल हैं कि पढ़ते-पढ़ते ही तुम्हें याद हो जाएंगी। कौआ और लोमड़ी की कहानी को भी कवि ने कविता में ढालकर फिर से कौए को मूर्ख और लोमड़ी को चालाक बताया है। 'हमारा स्कूल', 'लट्टू' और 'मेरा घोड़ा' जैसी संग्रह की छोटी-छोटी कविताएं भी बहुत प्यारी हैं। *




**किताब:** बच्चों की फुलवारी (बाल कविता संग्रह), **लेखक:** डॉ. सुरेश अवस्थी, **मूल्य:** 75 रुपए, **प्रकाशक:** ईरा पब्लिशर्स, कानपुर



कहानी

संजीव जायसवाल 'संजय'

# रहस्यमयी ढोल

कमलापुर गांव में एक बहुत पुराना विशाल बरगद का वृक्ष था। एक दिन अचानक इस वृक्ष से ढोल की आवाजें आने लगीं। गांव वाले दहशत में आ गए कि बरगद के वृक्ष पर जिन्नों का डेरा हो गया है, वही ढोल बजाते हैं। लेकिन मुकुल को यह बात बड़ी अजीब-सी लगी। उसने इस रहस्य का सच सामने लाकर दम लिया।

कमलापुर गांव के बाहरी हिस्से में एक बहुत विशाल और पुराना बरगद का वृक्ष था। गांव के लोग उसे एक पवित्र वृक्ष मानते थे। इस वृक्ष के नीचे अपने धार्मिक अनुष्ठान और मांगलिक कार्य किया करते थे। लेकिन पिछले कुछ दिनों से उस वृक्ष को लेकर पूरे गांव में अफवाह फैल गई थी कि वृक्ष पर जिन्न रहने लगे हैं। लोगों ने डर के मारे उस तरफ जाना ही छोड़ दिया।

हुआ यह था कि एक रात गांव में बहुत तेज आंधी आई, इस आंधी में अचानक बरगद के वृक्ष की ओर से जोर-जोर से ढोल बजने की आवाजें आने लगीं। अगले दिन पूरे गांव में अफवाह फैल गई कि रात में उस वृक्ष पर 'जिन्नों' का कब्जा हो गया है। वे रात में ढोल बजाकर नाच रहे थे, इसीलिए भयंकर आंधी आई थी।

अगली रात कुछ किसान खेतों में रखवाली कर रहे थे कि अचानक फिर ढोल बजने की आवाजें आने लगीं। किसान घबराकर घर भाग आए। अब तो जितने मुंह उतनी बातें। लोगों ने डर के कारण उधर बरगद के वृक्ष के पास जाना छोड़ दिया। गांव के बच्चे डर के मारे शाम होते ही घरों में दुबक जाते थे।

उसी गांव में चौदह साल का मुकुल रहता था। मुकुल को विज्ञान की किताबें पढ़ना बहुत पसंद था। वह हर बात के पीछे का कारण जानने की कोशिश करता था। उसे 'जिन्न' वाली बात पर बिल्कुल विश्वास नहीं हुआ। उसने अपने विज्ञान के शिक्षक से सीखा था कि भूत-प्रेत-जिन्न सिर्फ भ्रम और अंधविश्वास होते हैं, असलियत में इनका कोई वजूद नहीं होता।

एक दिन वह अपने दोस्तों के साथ बैठा था, तभी राजू ने बताया, 'गांव के लोग वहां एक विशाल यज्ञ करवाने की सोच रहे हैं, ताकि उन जिन्नों को भगाया जा सके।'



एआई इमेज

'यह तो सरासर अंधविश्वास है, पैसों की बर्बादी भी! जब भूत-प्रेत और जिन्न होते ही नहीं, तो उन्हें भगाने के लिए यज्ञ कैसा? हम सब विज्ञान के छात्र हैं, हमें ऐसी दकियानूसी बातों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।' मुकुल अपनी बात पर जोर देते हुए बोला।

'अगर जिन्न नहीं होते, तो फिर रात के सन्नाटे में ढोल कौन बजाता है?' पिंटू ने उसकी बात काटते हुए पूछा।

'अगर तुम लोग मेरा साथ दो, तो आज रात इस रहस्य का पता लगाया जा सकता है।' मुकुल बोला।

पहले तो राजू और पिंटू डर के मारे तैयार नहीं हुए, लेकिन मुकुल के हौसला बढ़ाने पर वे सब शाम को अंधेरा होने पर बरगद के वृक्ष की ओर चल दिए। चारों ओर सन्नाटा छाया हुआ था। अचानक मौसम बदला और तेज हवा चलने लगी। इसी के साथ बरगद के पेड़ से 'ढम-ढम ढमाक-ढम' की डरावनी आवाजें गूंजने लगीं।

'भागो! जिन्न आ गए!' राजू और पिंटू डर कर भागने लगे।

लेकिन मुकुल अपनी जगह पर खड़ा रहा। उसने राजू और पिंटू को रोका। मुकुल ने अपनी टॉर्च की रोशनी को बरगद की ऊंची डालियों की तरफ घुमाया। वहां का नजारा देख वह खिलखिलाकर हंस पड़ा फिर आवाज लगाई, 'दोस्तों! भागो मत, मैंने जिन्न को पकड़ लिया है!'

राजू और पिंटू ने सहमते हुए मुकुल की तरफ देखा। बरगद की एक मोटी और झुकी हुई डाल के बीच में एक बड़ा-सा ढोल फंसा हुआ था। जब-जब तेज हवा चलती, तो बरगद की एक दूसरी सूखी और भारी टहनी हवा के दबाव से उस ढोल से टकराती, जिससे 'ढम-ढम' की आवाज आ रही थी। दिन के शोर-शराबे में यह आवाज दूर तक नहीं जाती थी, लेकिन रात के सन्नाटे में बहुत भयानक लग रही थी।

मुकुल ने पास पड़ी एक लंबी लकड़ी की मदद से उस ढोल को डाल से नीचे गिरा दिया। उसे रोकने के लिए कोई जिन्न सामने नहीं आया। जिन्न का रहस्य तो खुल गया, लेकिन अब बड़ा सवाल यह था कि आखिर यह ढोल इतनी ऊंची डाल पर पहुंचा कैसे?

मुकुल ने जब ढोल को उलट-पुलट कर देखा। उस पर लाल रंग से लिखा था 'गोपाल कीर्तन मंडली, गांव-लक्ष्मीनगर' और नीचे एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। मुकुल ने तुरंत अपनी जेब से मोबाइल निकाला और उस नंबर पर फोन लगा दिया। फोन लक्ष्मीनगर के गोपाल जी ने उठाया। मुकुल ने जब उनसे बरगद के पेड़ वाले ढोल के बारे में पूछा, तो गोपाल जी चौंक गए और फिर राहत की सांस लेते हुए बोले, 'बेटा! बहुत-बहुत धन्यवाद। पांच दिन पहले हम सपरिवार उसी पेड़ के नीचे अपने पोते का मुंडन कराने आए थे। वहां हमने भजन-कीर्तन भी किया था। कीर्तन के बाद जब सब खाना खाने बैठे, तो छोटे बच्चे ढोल को जोर-जोर से पीटकर ऊधम मचाने लगे। ढोल कहीं फट न जाए, इसलिए एक रिश्तेदार ने उसे ऊपर बरगद के वृक्ष की एक ऊंची डाल के बीच में छिपाकर टांग दिया था। शाम को लौटते समय हम लोग ढोल वहीं भूल आए थे। कल आकर उसे ले लूंगा।' जिन्न का रहस्य खुल चुका था। पिंटू ने उस ढोल को अपने गले में टांग लिया और उसे जोर-जोर से बजाते हुए तीनों दोस्त गांव की ओर लौट पड़े। ढोल की आवाजें करीब आती देख गांव वाले बुरी तरह से घबरा गए, लेकिन बाद में असलियत जान सभी ने राहत की सांस ली और अपने आप पर हंसे भी। मुकुल की बुद्धिमानी ने गांव वालों के अंधविश्वास को दूर कर दिया था। *

कविता

सूर्यकुमार पांडेय



## पहलवान

सब मेवे कर गए सफाचट,
और दूध पी गए फटाफट।
दांव-पेंच सब इनको आते,
भांति-भांति के हाथ दिखाते।
मुग्दर-दंड उठाए अब तक,
लगा रहे अब उठक-बैठक।
ये शौकीन बड़े कुश्ती के,
सच में हैं पुतले चुस्ती के।
पहलवान इनसे थर्राते,
लड़ने जल्दी पास न आते।
जीत चुके हैं दंगल सारे,
कल के गामा यही हमारे।

## जीके क्विज-212

1. फीफा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?
3. हाल ही में किसे एक बार फिर से भारत का सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है?
4. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
5. भारत में मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. सहारा मरुस्थल किस महाद्वीप में स्थित है?
7. यूक्रेन की राजधानी कहां है?
8. भारत का सर्वोच्च न्यायालय कहां स्थित है?
9. मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि (ग्लैंड)कौन-सी है?
10. कंप्यूटर का आविष्कार किसने किया था?



बच्चों, जीके क्विज-212 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-211 का उत्तर :** 1.बिहू पेपा, 2.स्मृति मंधाना, 3.ओम बिरला, 4.फुटबॉल, 5.मुंबई, 6. 5 वर्ष, 7.पोखरण (राजस्थान), 8.बहादुर शाह 'जफर', 9.सिक्किम, 10.जापान

**जीके क्विज-211 का सही उत्तर देने वाले :** संकेत-रायपुर, सुगंधा-बिलासपुर, कृष्णा-रोहतक, भारती-दुर्ग, जिया शिया-रायगढ़, कबीर-हिसार, अभिनीत-ईमेल से, सुमन-महासमुंद, कुशाग्र-दुर्ग, हर्षित-बलौदा बाजार, शिवम-रोहतक

## रंग भरो-205

**रंग भरो-205** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्या, बिलासपुर



आशुतोष, उमरिया



आशना, जांजगीर



दिशा, बिलासपुर



यतिका, कोरबा



साक्षी, रायपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आद्या-उमरिया, प्रगति-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रेणुका-बिलासपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, शुभम-रायगढ़, अर्पित-कोरबा, सना-बलौदा बाजार, आशुतोष-दुर्ग, कुसुम-हिसार

## रंग भरो 206



बच्चो, यहां दिए गए सुंदर से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

# पेनल्टी पर दागे गोल से बेल्जियम ने अतिरिक्त समय में सेनेगल को हराया

एजेंसी ▸▸ सिएटल

बेल्जियम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए यहां सेनेगल को 3-2 से हराकर फुटबॉल विश्व कप के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बेल्जियम ने नियमित समय के अंतिम लम्हों में दो गोल दागकर स्कोर 2-2 किया और फिर अतिरिक्त समय में पेनल्टी पर यूरी टिलेमैन्स के गोल से जीत दर्ज की।

टिलेमैन्स ने 89वें मिनट में जर्मनी को बराबरी दिलाई और फिर अतिरिक्त समय के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल किया जो विश्व कप के इतिहास का सबसे देर से हुआ गोल था। बेल्जियम का अगला मुकाबला सोमवार को सिएटल में अमेरिका और बोस्निया-हर्जेगोविना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।



### पिछले 11 विश्वकप में सिर्फ दूसरा मौका

बेल्जियम की यह जीत पिछले 11 विश्व कप में सिर्फ दूसरा मौका थी जब किसी टीम ने नॉकआउट दौर में दो या उससे अधिक गोल से पिछड़ने के बाद अगले दौर में जगह बनाई। बेल्जियम ने 2018 टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जापान के खिलाफ 3-2 की जीत के दौरान भी ऐसा ही किया था। रूस में तब तीसरे स्थान पर रही बेल्जियम की उस टीम के कई अहम खिलाड़ी बुधवार की जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे।

### लुकाकू व टिलेमैन्स ने दागे गोल

बेल्जियम के लिए सबसे अधिक गोल करने वाले स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकू स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे और 86वें मिनट में गोल करके बेल्जियम की वापसी की उम्मीद जगाई। तीन मिनट बाद टिलेमैन्स ने बेल्जियम के लिए एक और गोल करके मैच को अतिरिक्त समय में खींचा और फिर पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।

# बेलोगन ने बोस्निया-हर्जेगोविना के खिलाफ अमेरिका को जीत दिलाई पर लाल कार्ड मिला

एजेंसी ▸▸ सेंटा क्लारा

फोलेरिन बेलोगन ने विश्व कप के राउंड ऑफ 32 मैच में बोस्निया-हर्जेगोविना के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना तीसरा गोल करके अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन दूसरे हाफ की शुरुआत में उन्हें लाल कार्ड मिला जिससे मेजबान टीम को 2-0 की जीत के दौरान बाकी मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

बेलोगन ने एनबीए के लेब्रोन जेम्स के 'द साइलेंसर' मूव के साथ दो बार गोल का जश्न मनाया। उन्होंने पहली बार जब गोल किया था तो ऑफ साइड के कारण गोल को अमान्य कर दिया गया। यह टूर्नामेंट में उनका तीसरा और कुल मिलाकर 12वां अंतरराष्ट्रीय गोल था।



### गोल करने के बाद बाहर होने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी

तारिक मुहरेमोविच के दाहिने टखने पर पैर रखने के कारण उन्हें ब्राजील के रैफरी राफेल क्लॉस ने 64वें मिनट में लाल कार्ड दिखाया। क्लॉस ने शुरू में कार्ड का संकेत नहीं दिया लेकिन वीडियो रिव्यू के बाद बेलोगन को लाल कार्ड दिखाया। बेलोगन विश्व कप नॉकआउट मैच में गोल करने और फिर बाहर भेजे जाने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में ब्राजील के रोनाल्डिन्हो और 2006 में इटली के खिलाफ फाइनल में फ्रांस के जिनेदिन जिदान के साथ ऐसा हो चुका है। बेलोगन अब सोमवार को बेल्जियम के खिलाफ होने वाले प्री क्वार्टर फाइनल मैच से निलंबित रहेंगे। इससे पहले 31वें मिनट में ऑफ साइड के कारण बेलोगन का गोल अमान्य होने के बाद उन्होंने 45वें मिनट में अमेरिका को बढ़त दिलाई।






## खबर संक्षेप



### शाहरुख ने एलए नाइट राइडर्स स्टेडियम का किया उद्घाटन

**कैलिफोर्निया।** बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान ने कैलिफोर्निया के पोमोना में एलए नाइट राइडर्स क्रिकेट स्टेडियम का आधिकारिक उद्घाटन किया। यह मैदान मेजर लीग क्रिकेट में एलए नाइट राइडर्स टीम का घरेलू मैदान होगा। इसके साथ-साथ आगामी ओलंपिक में भी इसका उपयोग किया जाएगा। बता दें कि शाहरुख नाइट राइडर्स ग्रुप के सह-मालिक हैं। इस कदम को अमेरिका में क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के तौर पर भी देखा जा रहा है।

शाहरुख ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'जो एक सपना था, वह आज हकीकत बन गया है। आप सभी का एलए के नाइट राइडर्स क्रिकेट ग्राउंड में स्वागत है। यह जगह सिर्फ खेल के लिए ही नहीं, बल्कि ऐसी यादों के लिए जो हमेशा साथ रहेंगी।

# फुटबॉल के साथ लुचा लिब्रे भी बना फुटबॉल विश्व कप का बड़ा आकर्षण



एजेंसी ▸▸ मेक्सिको सिटी

फुटबॉल के साथ-साथ मेक्सिको की विश्वप्रसिद्ध लुचा लिब्रे (मुखौटा कुश्ती) भी विश्व कप देखने पहुंचे पर्यटकों के लिए सबसे बड़े आकर्षणों में शामिल हो गई है। रंग-बिरंगे मुखौटे पहने पहलवानों से सजी सड़कें और खचाखच भरे अखाड़े इस पारंपरिक खेल की लोकप्रियता का प्रमाण हैं। दुनिया भर से आए फुटबॉल प्रशंसक मेक्सिको की इस प्रतिष्ठित सांस्कृतिक विरासत के रंग में पूरी तरह रंगते नजर आ रहे हैं। फुटबॉल के साथ-साथ लुचा लिब्रे भी मेक्सिको की राष्ट्रीय पहचान और जुनून का अभिन्न हिस्सा है। कुश्ती के अखाड़ों में प्रवेश करते ही दर्शक कुछ घंटों के लिए फुटबॉल विश्व कप का रोमांच भूलकर एक अलग ही दुनिया में पहुंच जाते हैं।

# यमाल स्पेन के लिए नॉकआउट मैच खेलने फिट: कोच

एजेंसी ▸▸ मेक्सिको सिटी



इंगलवुड (अमेरिका)। कोच लुई डे ला फुएंते ने कहा कि 18 साल के लैमिन यमाल अब इतने फिट हैं कि जरूरत पड़ने पर स्पेन के लिए पूरा विश्व कप मैच खेल सकते हैं। बार्सीलोना के इस विंगर ने स्पेन के तीन ग्रुप मैच में सिर्फ 141 मिनट खेलते हुए एक गोल किया। इस तरह वह शायद इकलौते ऐसे सुपरस्टार हैं जिन्होंने सितारों से भरे मौजूदा विश्व कप में कोई खास कमाल नहीं दिखाया है। यमाल को 22 अप्रैल को पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी जिसके बाद उनके उबरने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए स्पेन ने उनके खेलने के समय को सीमित रखा था। नॉकआउट मुकाबले से पहले डे ला फुएंते ने सोफी स्टेडियम में संवाददाताओं से बात करते हुए संकेत दिया कि यमाल के उबरने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। स्पेन की टीम राउंड ऑफ 32 मैच में ऑस्ट्रिया का सामना करेगी। पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण ला लीगा सत्र के आखिरी छह मैच नहीं खेलने के बावजूद यमाल ने बार्सीलोना के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 24 गोल किए और 17 गोल करने में मदद की।


**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

::: उद्घोषणा पत्र :::

प्रकरण कमांक 141/1-6/26-28

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक प्रतीक सक्सेना आ.श्री.एस.एन. सक्सेना एवं प्रियंका सक्सेना निवासी भोपाल म०प्र०भू०रा० सहिंता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. MP055702045 A 1264736 दिनांक 19/04/18 ग्राम सम रधा कलियासोत प. ह.न.-स्थित भूमि खसरा नंबार 70/1/2/1,70/1/4/1/2, 72/2/1/1,76/1/2/2,76/1/3/2, 76/3/2 77/1/2,77/2 एवं 91/1 क्षेत्रफल 58.55 वर्गमीटर का अंश भाग मकान नं 232 भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। का नामांतरण 2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 10/07/26 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 02/07/26 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार भोपाल**
**जिला भोपाल**


# न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज सीयर्स बाहर, लिस्टर खेलेंगे वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज

एजेंसी ▸▸ ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स टखने की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली आगामी वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह 16 खिलाड़ियों वाली टीम में बेन लिस्टर को शामिल किया गया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि सियर्स को मई में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट मैच के बाद से ही टखने में लगातार दर्द महसूस हो रहा था। इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में खेले गए तीसरे टेस्ट के आखिरी दिन यह दर्द और बढ़ गया इसलिए एहतियात के तौर पर उन्हें आगे के इलाज के लिए न्यूजीलैंड वापस भेजने का फैसला किया गया है। लिस्टर आने वाले दिनों में गुयाना में टीम के साथ जुड़ेंगे।



### कई प्रमुख खिलाड़ी नहीं हैं उपलब्ध

न्यूजीलैंड के कई प्रमुख खिलाड़ी इस वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं हैं। साल के पहले हिस्से में ज्यादा मैच खेलने वाले काइल जैमीसन, मैट हेनरी और विल ओरूके को आराम दिया गया है। ब्लेयर टिकनर के टखने की सर्जरी होनी है। इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के दौरान अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण डेवोन कॉनवे इस दौरे पर नहीं जा पाएंगे, वहीं रचिन रविंद्र मेजर लीग क्रिकेट में हिस्सा लेने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

### ऐसी है न्यूजीलैंड की टीम

मिचेल सैंटनर टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि माइकल ब्रेसवेल, जेडन लेनॉक्स और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट कैरिबियन की धीमी पिचों पर स्पिन के विकल्प देंगे।

# सेंथिलकुमार और तन्वी ने किया सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई



एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारत के सक्वाश खिलाड़ी वेलावन सेंथिलकुमार और तन्वी खन्ना ने बृहस्पतिवार को यहां एचसीएल-एसआरएफआई पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेंथिलकुमार ने मुश्किल शुरूआत के बाद मिस्र के चौथे वरीय अब्दुल्लाह हफीज को 15-13, 11-4, 11-3 से शिकस्त दी और अब सेमीफाइनल में उनका सामना मिस्र के दूसरे वरीय यासिन शोहदी से होगा।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**आम-सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक जूनियर एम.आई.जी. / डी-438 प्रथम तल मण्डल द्वारा श्री सुरेश चन्द्र गुर्जर आत्मज श्री पन्नालाल गुर्जर के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 25/02/2008 को पंजीकृत किया गया है। श्री सुरेश चन्द्र गुर्जर आत्मज श्री पन्नालाल गुर्जर द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री गोविन्द यादव आत्मज स्व. श्री रामप्रसाद यादव को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 26/08/2016 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री गोविन्द यादव आत्मज स्व. श्री रामप्रसाद यादव के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**आम-सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भवन क्रमांक जूनियर एम.आई.जी. / सी-53 मण्डल द्वारा श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव पत्नी श्री आलोक वर्मा, पुत्री श्री जी. पी. श्रीवास्तव के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 13/09/2023 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 05/07/2023 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव पत्नी श्री आलोक वर्मा, पुत्री श्री जी. पी. श्रीवास्तव द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) श्री सुनील कुमार सोनी आत्मज स्व. श्री नारायण राव सोनी (2) श्री सतीश कुमार सोनी आत्मज स्व. श्री नारायण राव सोनी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 17/03/2024 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति (1) श्री सुनील कुमार सोनी आत्मज स्व. श्री नारायण राव सोनी (2) श्री सतीश कुमार सोनी आत्मज स्व. श्री नारायण राव सोनी के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**


### रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेलेंगे अभ्यास मैच

# एमपीसीए इमर्जिंग टीम में विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के अनिमेष सिंह का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) द्वारा रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के विरुद्ध श्रीनगर में आयोजित होने वाले अभ्यास मैचों के लिए घोषित एमपीसीए इमर्जिंग टीम में विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के उभरते तेज गेंदबाज अनिमेष सिंह का चयन हुआ है। यह दौरा 7 से 21 जुलाई तक आयोजित होगा, जिसमें मध्यप्रदेश की टीम चार अभ्यास मैच खेलेंगी। चयन के उपरांत अनिमेष सिंह ने सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की।



### भोपाल के चार खिलाड़ियों को मिला टीम में स्थान



एमपीसीए इमर्जिंग टीम में भोपाल के चार खिलाड़ियों को स्थान मिला है। इनमें अनिमेष सिंह, पृथ्वीराज सिंह तोमर, तनिष्क यादव और तनमय पांडे शामिल हैं। इन खिलाड़ियों का चयन हाल के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। पहले दो अभ्यास मैचों के लिए चयनित खिलाड़ियों को 3 जुलाई को होलकर स्टेडियम, इंदौर में रिपोर्ट करना होगा, जबकि अंतिम दो मैचों के लिए चयनित खिलाड़ियों को 12 जुलाई को रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

# दो टेस्ट मैच खेलने भारतीय टीम का श्रीलंका दौरा अगस्त में

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम अगस्त में श्रीलंका का दौरा करेगी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-2027 के तहत टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेगी। 2 मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 15 अगस्त से होने वाले मैच से होगी। इसके बाद दूसरा टेस्ट मैच 23 अगस्त से होना है। पहला टेस्ट गॉल में और दूसरा टेस्ट कोलंबो में खेले जाने हैं। भारतीय टीम लगभग एक दशक के बाद श्रीलंका दौरे पर कोई टेस्ट सीरीज खेलगी। भारतीय टीम ने 2017 में आखिरी बार श्रीलंका की धरती पर 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली थी। तब विराट की कप्तानी वाली टीम ने सीरीज को क्लीन स्वीप किया था। पिछले दौरे से अब तक भारतीय टीम में कई बदलाव हो चुके हैं। कोहली टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं और आगामी सीरीज में शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम अपनी चुनौती पेश करेगी।

### प्रदेशभर में आयोजित चयन ट्रायल्स में नजर आया खिलाड़ियों का उत्साह

# टैलेंट सर्च अभियान में हजारों प्रतिभाओं ने दिखाई अपनी खेल क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, द्वारा प्रदेश की उभरती खेल प्रतिभाओं की पहचान एवं उन्हें राज्य खेल अकादमियों में प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'टैलेंट सर्च 2026-27' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में चयन ट्रायल्स आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस महाअभियान के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राज्य खेल अकादमियों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिल रहा है।



### शूटिंग, हॉकी, स्लालम, बेडमिंटन, घुड़सवारी समेत विभिन्न खेलों के ट्रायल्स आयोजित

अब तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में शूटिंग, पुरुष हॉकी, महिला हॉकी, स्लालम, बैडमिंटन, घुड़सवारी, तीरंदाजी, जूडो, रोइंग, कुश्ती एवं फेंसिंग सहित अनेक खेलों के चयन ट्रायल्स सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। प्रत्येक चयन स्थल पर बड़ी संख्या में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी तकनीकी दक्षता, फिटनेस एवं खेल कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के साथ अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों की सक्रिय भागीदारी ने भी इस अभियान को व्यापक जनसमर्थन प्रदान किया।

### प्रदेश के विभिन्न जिलों में चल रहा है प्रतिभा चयन अभियान



भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सतना, रीवा, गुना, शिवपुरी, दतिया, सागर, नर्मदापुरम, बैतूल, कटनी, मंदसौर, उज्जैन, सिवनी, बड़वानी, मंडला, झाबुआ, अलीराजपुर, धार सहित प्रदेश के अनेक जिलों में चयन ट्रायल्स का आयोजन किया जा रहा है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को भी राज्य स्तरीय खेल अकादमियों तक पहुंचने का समान अवसर प्राप्त हो रहा है।

### आगामी दिनों में इन खेलों के होंगे चयन ट्रायल्स

टैलेंट सर्च अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में भी प्रदेश के विभिन्न केंद्रों पर एथलेटिक्स, ट्रायथलॉन, बॉक्सिंग, क्याकिंग एवं केनोइंग, बैडमिंटन, पुरुष हॉकी, महिला हॉकी, तीरंदाजी एवं ताइक्वांडो सहित विभिन्न खेलों के चयन ट्रायल्स निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न जिलों एवं संभागीय केंद्रों पर खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।


**Government of Madhya Pradesh**
**Higher Education Department, State Project Directorate, Satpura Bhavan, Ground Floor Wing "Khaa", Bhopal (MP)**

**Tender Notice -NIT No: 146/SPD/RFP/2025/Comp-lab 323 HEI & Science-lab 200 HEI 25-06-2026**

The State Project Directorate (SPD), Higher Education Department, Madhya Pradesh invites Request for Proposal for Selection of Agency for Supply, Installation, Commissioning and testing of 20-seater Computer Lab on Turnkey Basis at 323 Govt College & Digitalization of Science Lab on Turnkey Basis at 200 Govt College under Department of Higher Education, Bhopal, Madhya Pradesh. Interested bidders are requested to view the mptender.gov.in e-Portal for the Bid information from 29-06-2026 onwards. Last date of Submission date 27-07-2026. This Tender Notice Information will also be available on https://www.highereducation.mp.gov.in

**Commissioner and Project Director**
**State Project Directorate**
**Higher Education Department**

G-15108/26

# सीए दिवस पर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का अनूठा अंदाज






## फिल्मी किरदारों में रैंप वॉक और 'कृष्ण लीला' की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की भोपाल शाखा द्वारा सीए दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल के करीब 200 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भव्य और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोज़मर्रा की जिंदगी में नंबरों और अकाउंट्स के भारी-भरकम आंकड़ों से घिरे रहने वाले सीए मेंबर्स इस दिन पूरी तरह से फिल्मी और सांस्कृतिक रंग में रंगे नज़र आए।



सीए दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए।

### जीवनसाथी के साथ किया रैंप वॉक

'लाइट्स, कैमरा और एक्शन' के साउंड ट्रैक के बीच सीए मेंबर्स ने अपने जीवनसाथी के साथ रैंप वॉक कर समां बांध दिया। इस रैंप वॉक की थीम बॉलीवुड के गोल्डन एरा से लेकर नई फिल्मों के सफर पर आधारित थी। जहां यंग चेयरमैन आदित्य श्रीवास्तव ने 'ओम शांति ओम' के टाइटल ट्रैक के साथ रैंप वॉक कर इवेंट के शो-स्टॉपर बने। तो वहीं नंदन नरूला और उनकी पत्नी निहारिका ने एक धमाकेदार एरोबिक सॉन्ग पर शानदार डांस एक्ट पेश किया।

### महिला सीए सदस्यों ने दी 'कृष्ण लीला' की प्रस्तुति

मनोरंजन के साथ-साथ कार्यक्रम में आध्यात्मिक रंग भी देखने को मिला। महिला सीए सदस्यों द्वारा एक भव्य 'कृष्ण लीला' की प्रस्तुति दी गई, जिसमें भगवान श्री कृष्ण के बचपन से लेकर कंस वध तक के प्रसंगों को जीवंत किया।






'एजुकेशन थ्रू वर्चुअल रियलिटी' पहल के अंतर्गत स्कूलों में रिमोट वीआर स्टेशन स्थापित

# अब कक्षा में बैठे-बैठे होगी इतिहास और संस्कृति की सैर...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए इतिहास और संस्कृति की पढ़ाई अब किताबों के पन्नों तक सीमित नहीं रहेगी। मध्यप्रदेश में विद्यार्थी अब कक्षा में बैठे-बैठे ही प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक विरासत की सैर कर सकेंगे। इसके लिए पुरातत्व विभाग ने वर्चुअल रियलिटी (वीआर) तकनीक का सहारा लिया है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन और विरासत स्थलों का जीवंत अनुभव कराया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप शुरू की गई 'एजुकेशन थ्रू वर्चुअल रियलिटी' पहल के अंतर्गत स्कूलों में रिमोट वीआर स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहर के सुभाष एक्सीलेंस स्कूल तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बावड़ियाकला में विशेष सत्र आयोजित किए गए।



*पुरातत्व विभाग ने वर्चुअल रियलिटी तकनीक का सहारा लिया*


विशेष सत्र के दौरान एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के बच्चे वर्चुअल रियलिटी तकनीक से अध्ययन करते हुए।

### 360 डिग्री हाइपर रियलिस्टिक माध्यम से देखी ऐतिहासिक धरोहर

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वीआर हेडसेट पहनकर मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों को 360 डिग्री हाइपर-रियलिस्टिक अनुभव के माध्यम से देखा। उन्हें ऐसा महसूस हुआ मानो वे वास्तव में उन स्थलों पर मौजूद हों और उनके बीच घूम रहे हों। करीब 10 मिनट की इस वर्चुअल यात्रा में विद्यार्थियों ने बांधवगढ़ किला, सांची स्तूप, मांडू स्मारक समूह और ओरछा स्मारक समूह जैसी महत्वपूर्ण धरोहरों को नजदीक से देखा और उनके इतिहास एवं महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की।



### इस पहल के प्रमुख लाभ

- विद्यार्थियों को प्रदेश की विरासत, कला, संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों की बेहतर समझ मिलेगी।
- बिना यात्रा किए कम समय में महत्वपूर्ण स्थलों का अनुभव प्राप्त होगा।
- शिक्षा अधिक रोचक, अनुभवात्मक और यादगार बनेगी।
- विद्यार्थियों में ऐतिहासिक स्थलों के प्रति जिज्ञासा और शोध की रुचि बढ़ेगी।
- नई शिक्षा नीति के अनुरूप सीखने की प्रक्रिया अधिक सहभागितापूर्ण और मनोरंजक बनेगी।

### एआर-वीआर से रोचक तरीके से दी जा सकती है शिक्षा



संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, मप्र की संयुक्त संचालक, डॉ. मनीषा शर्मा ने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में अनुभूति परक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ये पहल की गई है। हमारा मानना है कि किताब से मिली शिक्षा कभी-कभी बोझिल हो सकती है, लेकिन जब वही शिक्षा एआर-वीआर के माध्यम से रोचक तरीके से मिलती है तो वो स्टूडेंट्स के दिमाग में ज्यादा गहराई तक असर करती है। उनकी चेतना में रह जाती है। और नई शिक्षा नीति का भी यही उद्देश्य है कि मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा को आसान बनाया जाए, इसलिए ये पहल की गई है।

### ऐतिहासिक धरोहरों को देखने और समझने का मिला एक अनूठा अनुभव



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र नीलेश कुमार ने कहा कि वीआर हेडसेट के माध्यम से हमने स्कूल में बैठे-बैठे ही मध्यप्रदेश के कई ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। प्रदेश की प्रसिद्ध इमारतों और उन स्थानों को भी करीब से देखने का अवसर मिला, जहां मैं कभी नहीं गया था। वीआर तकनीक की मदद से ऐतिहासिक धरोहरों को देखने और समझने का एक अनूठा अनुभव मुझे मिला।

### कम समय में देगी विभिन्न स्थानों का ज्ञान



सुभाष एक्सीलेंस स्कूल के प्रिंसिपल सुधाकर पाराशर ने कहा कि इस पहल से बच्चों को कई फायदे हो रहे हैं। पहला फायदा ये कि वे इस वीआर तकनीक को समझ रहे हैं, जो आपको काल्पनिक रूप से उस जगह ले जाती है, जहां आप गए न हो। दूसरा विद्यार्थी जीवन एक ऐसा दौर है जब आपके पास समय कम है और आपको बहुत चीजें करनी है। ऐसे में ये तकनीक कम समय में स्कूल में बैठे ही आपको विभिन्न स्थानों का ज्ञान दे देती है। तीसरा फायदा, स्टूडेंट्स में इन जगहों को लेकर क्यूरियोसिटी जग रही है। इस तरह वे भविष्य में इन जगहों पर जाकर रिसर्च कर सकते हैं, उन्हें समझ सकते हैं।

## एमसीयू में एआई फॉर मीडिया एंड कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स विषय पर एफडीपी 8 जुलाई से

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर मीडिया एंड कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स' विषय पर 8 से 17 जुलाई तक दो सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) आयोजित कर रहा है।

विवि द्वारा जुलाई 2026 सत्र से मीडिया पाठ्यक्रमों में एआई का समावेश किया जा रहा है। इस कड़ी में स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में दो प्रश्नपत्र एआई आधारित रहेंगे। इन प्रश्न पत्रों के अध्यापन एवं प्रशिक्षण के लिए यह दो सप्ताह का एफडीपी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह एफडीपी एमसीयू और मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस एफडीपी में विशेष तौर पर बालेन्दु कुमार शर्मा, प्रभाष झा, प्रोफेसर उमेश आर्य, प्रत्यूष रंजन, देविका छिब्बर, जय प्रकाश पाराशर, सहित इंडस्ट्री, रिसर्च और अकादमिक क्षेत्रों के कई विशेषज्ञ प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देंगे।

## गायन पर्व में आज से गूंजेंगे शास्त्रीय संगीत के स्वर

**भोपाल।** भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा और सुर-साधना के अद्वितीय रंगों से सराबोर तीन दिवसीय संगीत समारोह गायन पर्व का आयोजन 3 से 5 जुलाई तक किया जा रहा है।

भारत भवन में आयोजित इस विशेष आयोजन में देश के प्रतिष्ठित और सुविख्यात शास्त्रीय गायकों की प्रस्तुतियां संगीत प्रेमियों को राग, लय और भावों की अनूठी दुनिया से परिचित कराएंगी। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि इस संगीत आयोजन में शास्त्रीय संगीत की विविध विधाओं, रागों की गहराई और सुरों की सूक्ष्म अभिव्यक्तियों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। संगीत प्रेमियों के लिए यह समारोह केवल प्रस्तुतियों का मंच नहीं, बल्कि भारतीय संगीत परंपरा की जीवंत विरासत से साक्षात्कार का अवसर भी होगा। समारोह का शुभारंभ 3 जुलाई को सायं 7 बजे स्वाति तिवारी के गायन से होगा। इसके पश्चात सायं 7:45 बजे हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की सुप्रसिद्ध गायिका अश्विनी भिड़े देशपांडे अपनी सुरमयी प्रस्तुति देंगी।

## आईईएचई में दीक्षारंभ प्रवेश उत्सव का द्वितीय दिवस



**भोपाल।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आई.ई.एच.ई.) में गत दिवस से जारी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के दीक्षारंभ प्रवेश उत्सव एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ उत्साहपूर्ण उपस्थिति दर्ज की।

शायर शोएब अली खान के निधन पर शोक सभा

## भोपाल के साहित्यिक और सांस्कृतिक परिदृश्य का महत्वपूर्ण हिस्सा थे 'शाद'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भोपाल से संबंध रखने वाले, खूबसूरत अंदाज और सुरीले लहजे के शायर, मंच संचालक एवं साहित्य प्रेमी शोएब अली खान 'शाद' का 1 जुलाई 2026 को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से भोपाल के साहित्यिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

मप्र उर्दू अकादमी द्वारा शोएब अली खान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए गुरुवार को शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी और अकादमी का पूरा स्टाफ शामिल रहा। डॉ. नुसरत मेहदी ने उनके बारे में बात करते हुए कहा कि शोएब अली खान एक उम्दा शायर होने के साथ-साथ बेहद मिलनसार, खुशमिजाज और सादगी पसंद इंसान थे। वे भोपाल के साहित्यिक और सांस्कृतिक परिदृश्य का बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा थे। भोपाल में होने वाले अधिकतर सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों में वे संचालन की जिम्मेदारी बहुत ही खूबसूरती से निभाते थे। वे न केवल मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी के मुशायरों में बतौर शायर शामिल होते थे, बल्कि अकादमी के दूसरे कार्यक्रमों में भी हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके जाने से जो खालीपन पैदा हुआ है, उसे भरना बहुत मुश्किल है।




'आदित्य संस्कृति' पत्रिका के साहित्यकार डॉ.विकास दवे विशेषांक का लोकार्पण संपन्न

# खुद अपने नाम को सार्थक करते हैं बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. विकास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नाम का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है, जैसे विकास नाम को सार्थक करते हैं बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ.विकास दवे वे एक अच्छे, संगठक आयोजन संपादक साहित्यकार मार्गदर्शक और सबको साथ लेकर चलने वाले अच्छे मित्र हैं.... यह उदगार हैं पूर्व सांसद और मानस भवन के संचालक रघुनंदन शर्मा के जो दुष्यंत कुमार संग्रहालय में 'आदित्य संस्कृति' मासिक पत्रिका के साहित्यकार डॉ.विकास दवे विशेषांक का लोकार्पण करते हुए बोल रहे थे। कार्यक्रम का सुरुचिपूर्ण संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार जगत शर्मा ने किया।



दुष्यंत कुमार संग्रहालय में 'आदित्य संस्कृति' मासिक पत्रिका के लोकार्पण पर बोलते हुए डॉ .विकास दवे।

### विकास की सभी के प्रति समभाव की भावना अनुकरणीय है

इस अवसर पर पत्रिका पर समीक्षात्मक टिप्पणी करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार घनश्याम मैथिल अमृत ने कहा कि यह विशेषांक डॉ.विकास दवे की व्यक्तित्व एवं कृतित्व के कई अनछुए पहलुओं को पाठकों के सामने प्रकट करता है। लघुकथा शोध केंद्र की निदेशक कांता रॉय ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि डॉ.विकास दवे के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है, उनकी राष्ट्र बोध की चेतना और सभी के प्रति समभाव की भावना अनुकरणीय है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930